मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 27 | अंक : 154

जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com | जयपुर, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



## दूसरे चरण में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों ने मतदान कर निभाई लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी

# 13 लोकसभा क्षेत्रों में 64.6 प्रतिशत मतदान

## बाड़मेर में सर्वाधिक 74.25 प्रतिशत वोटिंग

### दिग्गजों ने किया मतदान



प्रेमचंद बैरवा (दूदू)



सीपी जोशी (चित्तौड़गढ़)



वसुंधरा राजे (झालावाड़)



अशोक गहलोत (जोधपुर)



ओम माथुर (पाली)



ओम बिरला (कोटा-बूंदी)



गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर)



डॉ. सीपी जोशी (नाथद्वारा)



मदन दिलावर (कोटा)



कैलाश चौधरी (बाड़मेर)




हेमाराम चौधरी (बाड़मेर)



हरीश चौधरी (बाड़मेर)

- बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में करीब 77 फीसदी डले वोट
- 4 जून को होगी मतगणना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव में शुक्रवार को दूसरे चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों में 64.6 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रथम चरण के तहत 19 अप्रेल को 12 लोकसभा क्षेत्रों में 58.28 प्रतिशत मतदान हुआ था। इन दोनों चरणों में प्रदेश के कुल 25 लोकसभा क्षेत्रों में करीब 61.60 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं 2019 में दोनों चरणों में कुल 66.34 फीसदी वोटिंग हुई थी।

राजस्थान के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण हुआ। द्वितीय चरण के तहत टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। इन 13 निर्वाचन क्षेत्रों के 28,758 मतदान केंद्रों पर नव विवाहित जोड़ों, दिव्यांग, थर्ड जेंडर, आदिवासियों, वृद्धों और युवाओं सहित सभी मतदाताओं ने मतदान में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण वाले लोकसभा क्षेत्रों में अनंतिम रूप से 64.6 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इसमें पोस्टल बैलेट के माध्यम से 0.49 प्रतिशत मतदान भी शामिल है। पोलिंग से जुड़े दस्तावेजों की जांच के बाद 27 अप्रेल तक ही मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे। शाम 6 बजे तक भी कई स्थानों पर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी थीं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदाता बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचने लगे। साथ ही बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में ईवीएम से करीब 77 प्रतिशत मतदान हुआ है। गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत प्रदेशभर में 5,35,08,010 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रदेश के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 266 प्रत्याशी हैं। इसमें 247 पुरुष और 19 महिलाएं हैं। प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए 4 जून मतगणना होगी।

### 2019 के मुकाबले बाड़मेर-कोटा में बढ़ा मतदान

गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2019 में इन क्षेत्रों में 68.42 प्रतिशत मतदान हुआ था। कोटा और बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्ष 2019 के मुकाबले मतदान प्रतिशत बढ़ा है। कोटा में वर्ष 2019 में 70.22 प्रतिशत था, इस बार यह आंकड़ा 71.42 प्रतिशत हो गया है। बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 2019 में 73.13 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस वर्ष इस क्षेत्र में 74.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से वर्ष 2019 में सर्वाधिक 73.13 फीसदी मतदान बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र और सबसे कम 62.31 प्रतिशत मतदान पाली लोकसभा क्षेत्र में हुआ था। अनंतिम आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष सर्वाधिक 74.25 प्रतिशत मतदान बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है।

### वोट डालने आए बुजुर्ग की मौत



भीलवाड़ा शहर के उपनगर पुर स्थित बूथ पर 80 वर्षीय बुजुर्ग छगनलाल की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। वे वोट डालने के लिए लाइन में खड़े थे। लोगों ने उनको तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर्स ने उनको मृत घोषित कर दिया।

### रिकॉर्ड 98.39 प्रतिशत हुई होम वोटिंग

गुप्ता ने बताया कि 85 वर्ष एवं अधिक आयु के वृद्धजन और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए आयोग की ओर से होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई थी। प्रदेश में रिकॉर्ड 98.39 प्रतिशत मतदान हुआ है। सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 73,799 वोटर्स द्वारा मतदान किया जा चुका है। इनमें 56,691 बुजुर्ग तथा 17,108 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। 1,062 मतदाताओं की मृत्यु होने तथा 1,207 मतदाताओं के अनुपस्थित होने की वजह से मतदान नहीं कर सके। होम वोटिंग के तहत प्रथम चरण 98.30 प्रतिशत और द्वितीय चरण में 97.42 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### 2.24 लाख कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से डाले वोट

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि द्वारा सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक 2,24,789 मत डाले गए। पोस्टल बैलेट और ईडीसी की सुविधा का चयन करने वाले कुल कार्मिकों में से 94 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है।



झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र में किशनगंज के आदर्श बूथ में सहरिया स्वांग नृत्य करते हुए मतदान करने पहुंचे।

### प्रत्येक दो घंटे बाद मतदान का प्रतिशत

| लोकसभा क्षेत्र | 9 बजे | 11 बजे | 1 बजे | 3 बजे | 5 बजे | 9 बजे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बाड़मेर | 12.10 | 29.58 | 47.00 | 59.71 | 69.79 | 74.25 |
| बांसवाड़ा | 12.75 | 30.04 | 46.53 | 60.01 | 68.71 | 72.24 |
| झालावाड़-बारां | 13.32 | 28.88 | 44.20 | 56.12 | 65.38 | 68.72 |
| कोटा | 13.32 | 28.30 | 42.51 | 54.78 | 65.38 | 70.82 |
| उदयपुर | 12.06 | 27.46 | 41.32 | 51.60 | 59.54 | 64.01 |
| चित्तौड़गढ़ | 10.89 | 26.48 | 40.50 | 51.71 | 61.81 | 67.83 |
| राजसमंद | 11.77 | 25.58 | 36.88 | 43.94 | 52.17 | 58.01 |
| टोंक-स.माधोपुर | 10.89 | 24.64 | 34.64 | 42.61 | 51.92 | 56.00 |
| जोधपुर | 10.45 | 25.75 | 39.90 | 50.00 | 58.35 | 63.30 |
| पाली | 10.50 | 24.62 | 36.59 | 44.27 | 51.75 | 56.80 |
| भीलवाड़ा | 11.66 | 25.15 | 37.01 | 45.39 | 54.67 | 60.10 |
| अजमेर | 11.66 | 24.43 | 35.77 | 43.28 | 52.38 | 59.22 |
| जालोर | 12.01 | 28.50 | 41.47 | 49.85 | 57.75 | 62.28 |

(सभी आंकड़े प्रतिशत में)

### वर्ष 2024 और 2019 का मतदान प्रतिशत

| द्वितीय चरण | | | प्रथम चरण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लोकसभा क्षेत्र | 2024 | 2019 | लोकसभा क्षेत्र | 2024 | 2019 |
| टोंक-स. माधोपुर | 56.55 | 63.44 | गंगानगर | 67.21 | 74.77 |
| अजमेर | 59.22 | 67.32 | बीकानेर | 54.57 | 59.43 |
| पाली | 56.8 | 62.98 | चूरू | 64.22 | 65.90 |
| जोधपुर | 63.3 | 68.89 | झुंझुनूं | 53.63 | 62.11 |
| बाड़मेर | 73.68 | 73.3 | सीकर | 58.43 | 65.18 |
| जालोर | 62.28 | 65.74 | जयपुर ग्रामीण | 57.65 | 65.54 |
| उदयपुर | 64.01 | 70.32 | जयपुर | 63.99 | 68.48 |
| बांसवाड़ा | 72.24 | 72.9 | अलवर | 60.61 | 67.17 |
| चित्तौड़गढ़ | 67.83 | 72.39 | भरतपुर | 53.43 | 59.11 |
| राजसमंद | 58.01 | 64.87 | करौली-धौलपुर | 50.02 | 55.18 |
| भीलवाड़ा | 60.1 | 65.64 | दौसा | 56.39 | 61.50 |
| कोटा | 70.82 | 70.22 | नागौर | 57.60 | 62.32 |
| झालावाड़-बारां | 68.72 | 71.96 | | | |

(सभी आंकड़े प्रतिशत में)

### प्रदेश में चर्म पर रहा सियासी पारा, मारपीट और झड़पें हुईं

दूसरे चरण में कई जगह मारपीट की घटनाएं, आपसी झड़प और बूथ पर एजेंटों व पुलिसकर्मियों से मारपीट करने की घटनाएं सामने आई हैं। बाड़मेर में निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी और कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल के समर्थक भिड़ गए। इस दौरान बायतु विधायक हरीश चौधरी और आईजी विकास कुमार के बीच नोंक-झोंक हो गई। इसके बाद चौधरी जिला मुख्यालय सूचना एवं जनसंपर्क ऑफिस पहुंचे और एजेंट के साथ धरने पर बैठ गए। करीब 15 मिनट बाद विधायक व जिला निर्वाचन अधिकारी के बीच वार्ता के बाद मामला शांत हुआ। टोंक-सवाईमाधोपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने फर्जी मतदान को लेकर हंगामा किया। जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र के सरहदी बूथ करड़ा में आपसी गुटबाजी में निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी समर्थक छुग सिंह सोढ़ा पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। कुछ देर के लिए यहां भी वोटिंग रुकी और पुलिस ने मामला संभाला। हालांकि पुलिस ने इस पूरी घटना को चुनाव से नहीं बल्कि आपसी रंजिश से जुड़ा हुआ बताया। पाली संसदीय क्षेत्र में पीपाड़ कस्बे के एक मतदान केंद्र पर मोबाइल से वीडियो बनाने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने पुलिसकर्मी से मारपीट कर दी। इस मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया गया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र ने बताया कि मौके पर पहुंचकर मामला शांत करवाया गया है। जोधपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह और उनके समर्थकों ने बीजेएस के बूथ पर हंगामा कर दिया। उनके बेटे के साथ बूथ पर धक्का-मुक्की होने पर उनके समर्थक बूथ पर पहुंचे। बाद में प्रत्याशी करण सिंह और समर्थक बीजेएस स्थित पोलिंग बूथ पर धरने पर बैठ गए। पुलिस बल भी वहां तैनात किया गया है। बांसवाड़ा के गढ़ी विधानसभा के तलवाड़ा कस्बे में महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल के पोलिंग स्टेशन पर कर्मचारी के काम में लापरवाही की शिकायत मिली थी। इस पर संभागीय आयुक्त नीरज के पवन ने तत्काल प्रभाव से उसे सस्पेंड कर दिया। बांसवाड़ा के घाटोल में महापुरा मतदान केंद्र पर वोट देने पहुंची महिला दरिया (40) पर पत्थरों से हमला किया। हमले में महिला घायल हो गई और वोट नहीं दे सकी।

## आखिर नजर आईं बूथों पर कतारें, दूसरे चरण में सुधरा वोटिंग प्रतिशत

जयपुर। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं की जो कतारें गायब हो गई थीं, वे दूसरे चरण में आखिर नजर आ गईं। निर्वाचन आयोग और राजनीतिक दलों द्वारा की गई मेहनत का असर दूसरे चरण के मतदान में दिखा और मतदान प्रतिशत पहले चरण के मुकाबले करीब आठ प्रतिशत बढ़कर 64 प्रतिशत को पार कर गया। दूसरे चरण की 13 सीटों के लिए हुए मतदान के साथ ही प्रदेश की सभी 25 सीटों के लिए मतदान पूरा हो गया है। दोनों चरणों में मिलाकर प्रदेश मे कुल 61.60 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जो 2019 की वोटिंग के मुकाबले करीब चार प्रतिशत कम है। 13 लोकसभा में से ज्यादातर सीटें भौगोलिक दृष्टि से विषम परिस्थितियों वाली हैं, लेकिन रेगिस्तानी क्षेत्र वाली लोकसभा सीट बाड़मेर और आदिवासी बहुल बांसवाड़ा सीट पर सबसे ज्यादा वोटिंग हुई और यहां ज्यादातर बूथों पर कतारें लगी नजर आईं। हालांकि शहरी मतदाताओं की अधिकता वाली अजमेर, भीलवाड़ा जैसी सीटों पर मतदान में बहुत ज्यादा उत्साह नजर नहीं आया। सबसे कम मतदान टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर हुआ। जिन 13 सीटों पर मतदान हुआ, उन सभी पर विधानसभा चुनाव में भाजपा काफी मजबूत स्थिति में थी। इन सीटों के तहत आने वाली 104 सीटों में से 73 भाजपा के पास और 23 कांग्रेस के पास हैं। अब इन सीटों पर मतदान प्रतिशत बेहतर होने को भाजपा के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।

### पीएम मोदी ने जनता का जताया आभार



दूसरे चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश भर में जिन्होंने भी मतदान किया है, उन सभी लोगों का आभार। एनडीए को मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को निराश करता है। जनता एनडीए का सुशासन चाहती है। युवा और महिला मतदाता एनडीए को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।

### 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग

**त्रिपुरा-मणिपुर में 75 फीसदी से ज्यादा मतदान**

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकंड फेज में शुक्रवार को 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग हुई। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 78.63 फीसदी वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 54 फीसदी के आसपास मतदान हुआ। 2019 के आम चुनावों में इन सीटों पर 70.05 फीसदी मतदान हुआ था। वोटिंग के दौरान मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र को हाईजैक किया गया। इससे पहले छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला था।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में चुनाव प्रबंधन का स्नेह मिलन कार्यक्रम

## भाजपा कार्यकर्ता का परिश्रम परिणाम को परिवर्तित करने वाला : भजनलाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान संपन्न होने के बाद शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में चुनाव प्रबंधन का स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश भाजपा की चुनाव प्रबंधन में लगी टीम का और प्रत्येक कार्यकर्ता का मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश, सह प्रभारी विजया राहटकर और चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक ओंकार सिंह लखावत ने आभार जताया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता की मेहनत एवं परिश्रम परिणाम को परिवर्तित करने वाला है। मेहनत को आप जहां भी करते हैं, वह परिणाम देती है। जिज्ञासा आपको अतिरिक्त शक्ति देती है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्र निर्माण के लिए



काम कर रहे हैं और ऐसा अवसर सौभाग्य से मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव प्रबंधन के दौरान जब कार्य किया गया तो उससे सभी को एक नया अनुभव मिला है। हर बार हर किसी को नया अनुभव जरूर मिल रहा है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अपने अनुभव एक-दूसरे के साथ साझा करने चाहिए।

### 'टीम वर्क की भावना से ही पूरा हुआ चुनाव प्रबंधन'

**भाजपा के** राष्ट्रीय संगठक वी.सतीश ने कहा कि चुनावों के बाद कार्यकर्ताओं के अनुभवों का आदान-प्रदान होना आवश्यक है। भाजपा जैसी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी में चुनाव प्रबंधन टीम वर्क की भावना से ही संपूर्ण हो पाया है। आज के इस युग में विश्व भारत की ओर आशान्वित रूप से देख रहा है। भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि हर चुनाव हमें बहुत कुछ सिखाता है, प्रत्येक चुनावों में कार्यकर्ता परिपक्व होता है। हमें सभी विभागों के साथ मिलकर काम करना है और प्रत्येक अवसर को भुनाना है। अब कार्यकर्ता आगामी समय में निकाय और पंचायत चुनाव में अपनी कमियों को सुधार कर आगे बढ़ें।

### 'कार्यकर्ता आधारित संगठन है भाजपा'

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भी हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। कार्यकर्ता शार्टकट अपनाने की बजाय सीढ़ी दर सीढ़ी संगठन में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आगे बढ़ें।

संगठन में कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। चुनाव प्रबंधन की टीमों में मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी, प्रवास सहित विभिन्न टीमों द्वारा आपसी तालमेल के साथ बेहतरीन तरीके से कार्य को परिणाम तक पहुंचाया है। हम सभी को संगठन के कार्यों में नए कार्यकर्ताओं को भी जोड़ना चाहिए।

## कांग्रेस से दो नेता 6 साल के लिए निष्कासित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने शुक्रवार को दो नेताओं को निष्कासित कर दिया। बाड़मेर लोकसभा प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पूर्व विधायक अमीन खान और जालोर लोकसभा प्रत्याशी वैभव गहलोत की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए पूर्व सचिव बालेंदु सिंह शेखावत को छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।

### कोटा, झालावाड़, बीकानेर में हुई बारिश

## बिजली गिरने से बूंदी में तीन किसानों की मौत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश का दौर शुरू हो गया है। इस दौरान बूंदी जिले के डाबी थाना क्षेत्र में भुजर घाटा पटपड़िया गांव के पास आकाशीय बिजली गिरने से तीन किसानों की मौत हो गई। चार घायल हो गए। घटना के बाद घायल चार लोगों को रावतभाटा उप जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। इससे पहले सुबह बीकानेर शहर के बाहरी इलाके में कुछ जगह हल्की बारिश हुई। साथ ही वोटिंग के दौरान कोटा और झालावाड़ में भी बरसात हुई। वहीं दोपहर बाद जयपुर



में भी बूंदाबांदी हुई। मौसम विशेषज्ञों ने बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, कोटा, उदयपुर के आसपास मौसम बदलने की संभवना जताई थी। यहां आंधी चलने के साथ कहीं-कहीं बारिश हुई। दरअसल पाकिस्तान, राजस्थान की सीमा पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इस सिस्टम के असर से प्रदेश में दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। यहां दोपहर बाद आंधी चलने के साथ कई जगह बादल छाए।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

जयपुर महानगर टाइम्स
जयपुर, 27 अप्रेल, 2024

# भर्ती परीक्षा में फर्जी डिग्री-सर्टिफिकेट पर कर्मचारी चयन बोर्ड करेगा सख्ती

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भर्तियों में फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट पर राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने सख्ती शुरू कर दी है। अब भर्तियों में योग्यता नहीं होने के बाद भी आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ बोर्ड एक्शन लेना।

बोर्ड की ओर से नया नियम लागू किया गया है। हाल ही जारी की गई 10 भर्तियों से इसकी शुरुआत हो चुकी है। अधीनस्थ बोर्ड ने इन 10 भर्तियों में योग्यता नहीं रखने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन वापस लेने का मौका दिया है। ऐसे आवेदकों को 26 अप्रेल से 2 मई तक एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर अपना आवेदन वापस लेना होगा। ऐसा नहीं करने पर बोर्ड की ओर से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## पिछली भर्तियों में पाए गए थे फर्जी सर्टिफिकेट

**प्रतियोगी परीक्षाओं** में फर्जी सर्टिफिकेट-डिग्री के मामले बढ़ते ही जा रहे। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की पिछली भर्तियों में लगातार फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट लगाए गए। पीटीआई, तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती सहित अन्य बड़ी भर्तियों में ऐसे मामले सामने आए। अभ्यर्थियों की ओर से भर्ती निकलने पर आवेदन कर दिया जाता है। परीक्षा में पास होने पर संबंधित भर्ती की योग्यता का फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट लगा दिया जाता है। इससे बाद जांच शुरू होने पर भर्तियां समय पर पूरी नहीं हो पाती और योग्य अभ्यर्थियों को इसका खमियाजा उठाना पड़ता है।

| भर्ती | पद |
|---|---|
| पशु परिचर | 5934 |
| पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता सीधी भर्ती | 176 |
| छात्रावास अधीक्षक ग्रेड सैकंड, सीधी भर्ती, | |
| सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग | 335 |
| महिला पर्यवेक्षक सीधी भर्ती, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता | 202 |
| छात्रावास अधीक्षक अल्पसंख्यक मामलात विभाग | 112 |
| पर्यवेक्षक महिला सीधी भर्ती | 209 |
| लिपिक ग्रेड सैकंड, कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती | 4197 |
| शीघ्रलिपिक, निजी सहायक ग्रेड सैकंड | 474 |
| कनिष्ठ अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा | 679 |
| कनिष्ठ अनुदेशक (16 ट्रेड) सीधी भर्ती परीक्षा | 1821 |

### इनका कहना है :-

भर्तियों में योग्यता नहीं होने के बाद भी आवेदन आने पर अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में परीक्षा भी बड़े स्तर पर कराई जाती है। इससे अव्यवस्था भी होने की आशंका रहती है। वहीं, परीक्षा तैयारियों में बोर्ड की अतिरिक्त राशि खर्च होती है।

**आलोक राज, अध्यक्ष, कर्मचारी चयन बोर्ड।**

### हेरिटेज निगम आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

# जल्द ओपन कचरा डिपो मुक्त होगा हेरिटेज निगम : सुराणा

## अब तक हटाए 191 ओपन कचरा डिपो

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हेरिटेज नगर निगम युद्धस्तर पर कार्य शुरू चुका है। शहर में 191 ओपन कचरा डिपो बंद किए जा चुके हैं। साथ ही आगामी एक सप्ताह में 50 कचरा डिपो को भी मुक्त कराया जाएगा।

हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में निगम कर्मियों और अधिकारियों की समीक्षा में निगम के प्रत्येक वार्ड में मौजूद ओपन कचरा डिपो को हटाने के बारे में विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने वार्ड सीएसआई और स्वास्थ्य निरीक्षक को हटाए गए कचरा डिपो पर प्रोत्साहित किया। साथ ही शेष डिपो को जल्द हटाने का टास्क भी दिया। आयुक्त सुराणा के निर्देश पर अतिरिक्त आयुक्त डॉ. रौनक बैरागी ने सभी वार्डों के निरीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत भी की।

### अवैध निर्माण पर चलाएं बुलडोजर

इस संबंध में आयुक्त अभिषेक सुराणा ने परकोटे में हो रहे अवैध निर्माणों पर नाराजगी जताई और जोन उपायुक्त को अवैध निर्माण को नोटिस देकर नियमानुसार सीज या ध्वस्त करने के निर्देश दिए। सुराणा ने कहा कि हाल में रामगंज में जो हुआ, वह दुखद था, लेकिन हेरिटेज निगम को आगे ऐसी परिस्थिति दोबारा बनने से रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना परमिशन बने अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जाए या सीज करें। ऐसी बिल्डिंगों को चिह्नित कर जल्द कार्रवाई की जाएं। वहीं खाली प्लाट में कचरा फेकने वालो पर कारवाई करने के निर्देश दिए।



### श्री अन्नपूर्णा रसोइयों में गीले-सूखे कचरे का किया जाएगा पृथक्करण

**नगर निगम ग्रेटर** की ओर से श्री अन्नपूर्णा रसोइयों में गीले व सूखे कचरे का पृथक्करण किया जाएगा। ग्रेटर मुख्यालय स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई से शुक्रवार को इसकी शुरूआत की गई। अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार ने श्री अन्नपूर्णा रसोई में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग कर हूपर में डाला। उन्होंने आमजन से अपील की है कि गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करें एवं उसकी कंपोस्टिंग के भी आवश्यक रूप से प्रयास किए जाए। उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर की सभी श्री अन्नपूर्णा रसोई में नीले व हरे रंग के डस्टबिन रखवाए गए हैं, जिससे गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग किया जा सके। उन्हें पृथक-पृथक कर हूपर में डाला जाए।

### बड़े नालों की गहराई से करें सफाई

वहीं, मानसून को देखते हुए आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बड़े नालों की सफाई जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन अति आधुनिक मशीन और जेसीबी की सहायता से नालों की गहराई से सफाई होनी चाहिए। साथ ही निगम हेरिटज ने अच्छा कार्य करने वाले स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित करने का संकल्प भी लिया।



### ग्रेटर महापौर ने अभियंताओं, उपायुक्त गैराज की ली बैठक

## मानसून पूर्व नाला सफाई कार्य पूरा किया जाए : सौम्या गुर्जर

**नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर** ने शुक्रवार को जोन एवं मुख्यालय के अधीक्षण अभियंता, सभी अधिशाषी अभियंता, उपायुक्त गैराज की मैराथन बैठक लेकर नाला सफाई एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही वर्तमान में जोन वाईज चल रहे नालों के सफाई कार्यो की प्रगति भी जानी। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक नगर निगम ग्रेटर में 250 नालों की सफाई कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसमें से 244 नालों की सफाई कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने सभी अधिशाषी अभियंताओं को निर्देश दिए कि मानसून पूर्व नाला सफाई कार्य पूर्ण किया जाए एवं नालों की सफाई के दौरान नाले से निकले हुए मलबे को तत्काल उठवाया जाए, जिससे मानसून के समय नालों से निकला हुआ मलबा बहकर नालों में ना जाए। साथ ही नाला सफाई के लिए खोले गए नालों को सफाई के बाद सुरक्षित ढक्कन लगाकर बंद किया जाए, जिससे मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना नहीं हो। उन्होंने सीवर शिकायतों का भी तत्काल निराकरण करवाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिशाषी अभियंता विद्युत वार्डों में पुरानी लाइटों को ठीक करवाने एवं नई लाइटें लगवाएं।

### पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में 2020 में फोन टैपिंग का मामला

# जांच कमेटी बनाकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए फोन टैपिंग प्रकरण ने प्रदेश में सियासी पारा चढ़ा दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा के खुलासे के बाद कांग्रेस पूरी तरह बैकफुट पर दिखाई दे रही हैं। उधर, भाजपा इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस को चौतरफा घेरने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने शुक्रवार को मामले की जांच करवाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो पेज का एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने 2020 में पूर्व सीएम अशोक गहलोत की ओर से करवाई गई नेताओं के फोन टैपिंग मामले की जांच कराने के लिए जांच कमेटी बनाकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। राठौड़ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पत्र को साझा किया। उन्होंने पत्र में लिखा कि इस पूरे षडयंत्र में कई पुलिस अफसर भी शामिल थे। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जैसे जिम्मेदार और संवैधानिक पद पर रहते हुए अशोक गहलोत ने न केवल गैर कानूनी बल्कि पुलिस तंत्र का दुरुपयोग किया। साथ ही जांच एजेंसियों पर राजनीतिक दवाब बनाकर विधायकों के जबरन फोन टैप करवाए। इसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट समेत उनके करीबी 19 विधायक भी शामिल थे।

#### राठौड़ ने उठाए सवाल

- संवैधानिक प्रक्रियाओं व नियमों के ताक पर रखने का काम किया।
- किन अधिकारियों की अनुमति से आकाओं को खुश करने के किए विधायकों के फोन टैप?
- फोन टैपिग में शामिल उच्च पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस अधिकारी आज भी बड़े पदों पर बने है।

## आजीवन सजा काट रहे फलाहारी बाबा को पेरोल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अलवर स्थित अपने आश्रम में शिष्या के साथ दुष्कर्म करने के अपराध में आजीवन कारावास की सजा काट रहे फलाहारी बाबा को 20 दिन के नियमित पैरोल पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य उर्फ फलाहारी की पैरोल याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने गत 29 जनवरी की पैरोल कमेटी के आदेश को भी रद्द कर दिया है, जिसमें कमेटी ने अभियुक्त बाबा को पैरोल नहीं देने की सिफारिश की थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त सात साल से जेल में बंद है। ऐसे में वह पैरोल नियमों के तहत पैरोल लेने का अधिकारी है। इसके अलावा जेल में उसका आचरण भी संतोषजनक मिला है। इसलिए उसे पैरोल पर रिहा किया जाना उचित है।



## भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम प्रतापनगर में विद्यार्थी परिषद का गठन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम प्रतापनगर में शुक्रवार को 10वीं विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। इसमें 5वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को विद्यार्थी प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों के रूप में चुना गया। रूद्र चूंडावत ने हैड ब्वाय एवं रिद्धिमा चौधरी ने हैड गर्ल के रूप में कार्यभार संभाला। कनिष्क गोयल (डेपुटी हैड ब्वाय) व अनुष्का दूबे (डेपुटी हैड गर्ल), पुलकित रैना (स्पोर्टस हैड ब्वाय) एवं हर्षिता सैनी (स्पोर्ट्स हैड गर्ल) ने खेल प्रतिनिधि व शौर्य पाराशर (कल्चरल हैड ब्वाय) व विभांशी सिंह राजपूत (कल्चरल हैड गर्ल) को सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। सभी विद्यार्थियों ने कर्तव्य निष्ठा व पद की गरिमा बनाए रखने की शपथ ली। इस दौरान मुख्य अतिथि स्कूल मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन राजेन्द्र भानावत ने विद्यालय की वार्षिक पुस्तिका 'भवन धारा' के 14वें संस्करण का विमोचन किया। प्राचार्या अजयश्री शर्मा ने विद्यार्थियों को दायित्वों से अवगत करवाया।



## महिलाओं और बच्चों ने पार्क में किया श्रमदान

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सांगानेर के प्रताप नगर सेक्टर 8 के जोन 81 स्थित चमत्कारेश्वर मंदिर वाले पार्क में स्थानीय लोगों ने साफ-सफाई की। इस दौरान बच्चों ने पार्क से कचरा और पत्थर एकत्र किए। महिलाओं ने भी श्रमदान किया। इसके बाद पार्क में हरी दूब लगाई गई। इस दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

## सुप्रीम कोर्ट से ट्रेनी एसआई सहित 12 आरोपियों को नहीं मिली राहत

**जयपुर(मसं)।** सुप्रीम कोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में 11 ट्रेनी एसआई और एक कांस्टेबल सहित 12 आरोपियों को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपियों की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने हाईकोर्ट को कहा है कि वह तय तारीख पर एक मई को मामले की सुनवाई करे।

एसएलपी में आरोपियों ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने आरोपियों को रिहा करने वाले मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक लगा दी थी। आरोपियों की ओर से एसएलपी में कहा गया कि कहा कि एसओजी ने हाईकोर्ट से तथ्य छिपाए हैं। आरोपियों के रिलीज आर्डर बन गए थे और हाईकोर्ट ने गलत तरीके से उनकी रिहाई पर रोक लगाई है। राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई में समय लगेगा, इसलिए हाईकोर्ट के 15 अप्रेल के आदेश पर रोक लगाकर उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए।

## सफाई कर्मचारी भर्ती जारी रखें, लेकिन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी : हाईकोर्ट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने स्थानीय निकायों में 24,797 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्र की पात्रता शर्त में भर्ती प्रक्रिया के बीच में किए बदलाव को चुनौती देने के मामले में राज्य सरकार को भर्ती प्रक्रिया जारी रखने की छूट दी है।

हालांकि अदालत ने भर्ती को याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रखा है। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि भर्ती में याचिकाकर्ताओं के हित भी प्रभावित नहीं होने चाहिए। वहीं अदालत ने मामले की सुनवाई 28 मई को तय की है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश उदय सिंह यादव सहित करीब ढाई दर्जन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिकाओं में अनुभव प्रमाण पत्र को लेकर 15 मार्च 2024 की पात्रता शर्तो को चुनौती देते हुए कहा कि राज्य सरकार की स्थानीय निकायों में एक मार्च 2024 को निकाली सफाई कर्मचारियों की भर्ती में लाखों अभ्यर्थियों ने आवेदन किया।

इस दौरान भर्ती प्रक्रिया के बीच में ही भर्ती एजेंसी ने 15 मार्च को शुद्धि पत्र जारी कर अनुभव प्रमाण पत्र की पात्रता शर्तों में बदलाव कर दिया। नई शर्तो में कहा गया कि भर्ती में वही कार्य अनुभव प्रमाण पत्र वैध माना जाएगा, जो सार्वजनिक मार्ग या सार्वजनिक सीवरेज संबंधी कार्य के लिए नगरीय निकाय के सक्षम अधिकारी या सफाई ठेकेदार ने जारी किया हो, जबकि इससे पहले 9 जून 2023 के आदेश में अनुभव प्रमाण पत्र में केंद्र या राज्य सरकार की अर्द्ध सरकारी संस्था, प्लेसमेंट एजेंसी व ठेकेदार के एक साल के कार्य अनुभव प्रमाण पत्र को वैध माना था। याचिका में कहा गया कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान शर्तो में बदलाव नहीं हो सकता है।

इसलिए 9 जून 2023 के अनुभव प्रमाण पत्र की पात्रता शर्तों के अनुसार ही सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जानी चाहिए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने भर्ती प्रक्रिया जारी रखने के आदेश देते हुए इसे याचिका के निर्णय के अधीन रखा है।

## 'अकबर को महान बताने और पढ़ाने वालों को जनता माफ नहीं करेगी'



**जयपुर (मसं)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने 60 वर्षों में देश से गरीबी नहीं मिटा सकी और भाजपा की मोदी सरकार ने सिर्फ दस सालों में ही देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। कटारा ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटी तो अयोध्या में प्रभु रामलला का दिव्य और भव्य मंदिर भी बना। उन्होंने कहा कि अकबर को महान बताने और पढ़ाने वालों को जनता माफ नहीं करेगी।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ लेने के लिए शीघ्र कराएं पॉलिसी नवीनीकरण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में जिन परिवारों की पॉलिसी वैद्यता अवधि 30 अप्रेल समाप्त हो रही है, वे परिवार शीघ्र पॉलिसी का नवीनीकरण कराएं। पॉलिसी नवीनीकरण होने पर ही उन्हें 1 मई, 2024 से स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना में स्वास्थ्य बीमा का कवरेज निरंतर प्राप्त करने के लिए पात्र परिवार 30 अप्रेल, 2024 तक आवश्यक रूप से पॉलिसी का नवीनीकरण कराएं। पॉलिसी नवीनीकरण ई-मित्र के माध्यम से या स्वयं की एसएसओ आईडी से किया जा सकता है।

### सीएस ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# राजस्व के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से किया जाए निस्तारण : पंत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राजस्व विभाग राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग होने के साथ ही आम नागरिक से सीधा जुड़ाव रखता है। उन्होंने कहा कि आमजन की राजस्व विभाग से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिकारियों को ईज ऑफ लिविंग की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में शहरों की अपेक्षा राजस्व संबंधी मामलों की अधिकता रहती है। ऐसे में हमें इस दिशा में बेहतर कार्य कर आम नागरिक को राहत दिलाने का पुरजोर प्रयास करना चाहिए।



मुख्य सचिव ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों की समय-समय पर सघन मॉनिटरिंग की जाए और इनकी प्रगति में आ रही समस्याओं का विश्लेषण कर उनका निस्तारण किया जाए। पंत ने विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती और विभिन्न प्रोजेक्ट्स एवं योजनाओं की प्रगति पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं की सभी स्तर पर माइक्रो मॉनिटरिंग करें और लंबित प्रकरणों पर प्रमुखता से कार्य कर उनके निस्तारण में तेजी लाएं। उन्होंने विभाग में नवाचारों को प्रोत्साहन देने पर जोर दिया।

राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। विभाग के विशिष्ट शासन सचिव नरेन्द्र गुप्ता एवं अन्य अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

## काम दिलाने का झांसा देकर रेप, फिर किया ब्लैकमेल

महानगर संवाददाता

**श्रीगंगानगर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में युवती से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी का पीड़िता के घर में आना-जाना है।



इस दौरान उसका पीड़िता से संपर्क हो गया और उसने उसे काम दिलाने का झांसा दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उससे मारपीट भी करता था। पंजाब निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी कुछ समय पहले हुई थी। इसी दौरान बीस जैड निवासी आरोपी जयदीप पुत्र सतपाल सिंह उसके यहां आने-जाने लगा। इससे दोनों की जान-पहचान हो गई। जयदीप ने उसे काम दिलाने का झांसा दिया। इससे वह उसकी बातों में आ गई। आरोपी उसे लेकर श्रीगंगानगर आ गया। उसने उसे एक आर्केस्ट्रा पार्टी में काम दिलाने की बात कही। पिछले साल एक फरवरी से इस साल 25 अप्रेल तक वह आरोपी के संपर्क में रही। इस दौरान आरोपी ने उससे रेप किया। आरोपी के उसे बार-बार ब्लैकमेल करने से परेशान होकर उसने इस संबंध में श्रीगंगानगर के कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवा दिया।

### हिट एंड रन : दौसा जिले के महवा कस्बे में बड़ा हादसा, सड़क किनारे सो रहे परिवार पर चढ़ाई गाड़ी

# बेकाबू कार ने 11 लोगों को कुचला, तीन की मौत, 8 घायल

महानगर संवाददाता

**दौसा।** जिले के महवा कस्बे में गुरुवार देर रात एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे सो रहे 11 लोगों को कुचल दिया। इसमें से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 2 घायलों का महवा के सरकारी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से जख्मी 6 लोगों को जयपुर रेफर किया गया है। सभी मृतक व घायल खानाबदोश परिवार के लोग थे, जो टीकाराम पालीवाल गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल के पास सड़क किनारे झुग्गी में रहते थे।

हेड कांस्टेबल बृजकिशोर के अनुसार रात करीब 11:20 बजे घटना की सूचना पुलिस को मिली थी। फौरन पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि तेज रफ्तार हुंडई औरा कार के चालक ने तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे सो रहे लोगों को कुचल दिया है।





### हादसे में मृतक और घायल

हादसे में घायलों को राजकीय जिला चिकित्सालय महवा ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने राजू (50) पुत्र पपैया, परी (6) पुत्री दिलीप और अठौड़ी (60) पत्नी पपैया निवासी महवा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल जग्गा (40) पुत्र पपैया, शनि (13) पुत्र दीपक, शेरू उर्फ मोनू (11) पुत्र प्रहलाद, काजल (30) पत्नी दीपक निवासी महवा, दिलीप (26) पुत्र डब्बा, सीमा (25) पत्नी दिलीप निवासी लक्ष्मणगढ़ (अलवर) को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर किया गया है। उगंता देवी (40) पत्नी पन्ना और प्रिया (7) पुत्री सतीश निवासी महवा का स्थानीय सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**हादसे के बाद फरार हो गया ड्राइवर :** हेड कांस्टेबल के अनुसार हादसे के बाद ड्राइवर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार कब्जे में ले ली है।

### देर रात विधायक मीणा पहुंचे अस्पताल

घटना की सूचना पर गुरुवार देर रात महवा विधायक राजेंद्र मीणा हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों से घायलों का हालचाल जाना। थाना इंचार्ज जितेंद्र सोलंकी को कार ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए कहा।

**एसएमएस हॉस्पिटल से एक को मिली छुट्टी :** एसएमएस हॉस्पिटल में ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज डॉ. अनुराग धाकड़ के अनुसार महवा से रेफर होकर 6 घायलों को यहां भर्ती किया गया था। इसमें से एक दिलीप (26) को छुट्टी दे दी गई है। पांच अन्य को सर्जरी यूनिट में भर्ती रखा गया है। इसमें एक मरीज के सिर में थोड़ी ज्यादा चोट है, बाकी चार की स्थिति सामान्य है। इनका इलाज चल रहा है।

क्रेन की मदद से गाड़ी को थाने लाया गया। पुलिस आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है।

### ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा, रिश्तेदार के घर शोक जताकर लौट रहे थे

# ट्रेलर से टकराई कार, एक परिवार के पांच लोगों समेत 6 की मौत

महानगर संवाददाता

**अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर)।** अनूपगढ़ में एक क्रूजर कार सामने चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में 4 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई। क्रूजर सवार किकरावाली से गांव 86 जीबी में अपने रिश्तेदार के घर शोक जताकर लौट रहे थे।

डीएसपी अमरजीत चावला के अनुसार अनूपगढ़ के किकरावाली निवासी हेतराम (45) पुत्र हनुमान, पत्नी सुनीता (42), भाभी लिछ्मा देवी (55) पत्नी कृष्ण लाल, विद्या देवी (40) पत्नी देवीलाल, कलावती देवी (48) पत्नी हंसराज और कांता (35) पत्नी मदन लाल क्रूजर में सवार थे। क्रूजर का ड्राइवर रमेश (38) पुत्र शंकर लाल था। ये सभी शुक्रवार सुबह अनूपगढ़ के गांव 86 जीबी में अपनी रिश्तेदारी में शोक जताने आए थे। इसके बाद दोपहर करीब 2:30 बजे यहां से 86 जीबी से किकरावाली के लिए रवाना हुए थे। करीब 2:50 बजे बजे नेशनल हाईवे नंबर 911 पर सलेमपुरा से एक किलोमीटर पहले गांव 17 एसजेएम के पास क्रूजर के ड्राइवर ने रायसिंहनगर की ओर जा रहे ट्रेलर को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान रायसिंहनगर से अनूपगढ़ की ओर एक बस आ रही थी।





### अस्पताल पहुंचने पर हुई शिनाख्त

**पुलिस के अनुसार** हादसे के बाद रमेश और कांता बेहोशी की हालत में थे। वहीं मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। घायलों को अस्पताल लेकर आए तो वहां स्थित टैक्सी स्टैंड पर मौजूद सभी ड्राइवर अस्पताल पहुंचे और रमेश की पहचान की। इसके बाद मृतकों की शिनाख्त हुई। पुलिस ने 5 शव समेजाकोठी पीएसची की मोर्चरी में रखवाए। हादसे की सूचना मिलने पर एसडीएम अजीत कुमार गोदारा सहित अन्य अधिकारी मौके पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए।

ड्राइवर ओवरटेक नहीं कर पाया। उसने गाड़ी को वापस ट्रेलर के पीछे लाने की कोशिश की, मगर क्रूजर सामने चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार हादसे में हेतराम, उसकी पत्नी सुनीता, भाभी लिछ्मा, कलावती और विद्या ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

ड्राइवर रमेश और कांता को गंभीर हालत में अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां रमेश ने दम तोड़ दिया। कांता की हालत गंभीर होने पर उसे श्रीगंगानगर रेफर कर दिया।

### देर रात पैर फिसलने से हुआ हादसा, सुबह तैरते दिखाई दिए शव

# मछली पकड़ने गए पिता-पुत्र समेत चार लोगों की तालाब में डूबने से मौत

महानगर संवाददाता

**पाली।** जिले के नाणा थाना क्षेत्र के चामुंडेरी गांव के तालाब में गुरुवार देर रात मछली पकड़ने गए एक ही परिवार के चार लोगों की डूबने से मौत हो गई। सुबह जब ग्रामीणों ने तालाब में शव तैरते देखे तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि चारों सदस्य एक ही परिवार के थे और फिसलन होने के कारण गहरे पानी में डूब गए। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान चामुंडेरी गांव के दिनेश कुमार वाल्मीकि (40) और उसके पुत्र गौरव (17), अरमान



(15) और भांजे मोहित (15) पुत्र विनोद कुमार निवासी पाली के रूप में हुई। गांव में चट्टानी पहाड़ों के बीच स्थित तालाब में मछली पकड़ने के दौरान फिसलन होने से चारों गहरे पानी में चले गए और एक-दूसरे को बचाने के फेर में डूब गए। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे पता चलने पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। करीब छह घंटे बाद अपराह्न 3 बजे तक एक-एक कर चारों शव तालाब से बाहर निकाले गए। एक ही परिवार के चार लोगों की तालाब में डूबने से मौत की खबर पाकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

### एफएसएल ने जुटाए साक्ष्य, थाने पर परिजनों ने किया धरना-प्रदर्शन

# युवक के सीने में गोली मारकर हत्या, लहूलुहान हालत में पड़ा मिला

महानगर संवाददाता

**दौसा।** जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के चांदेरा गांव के जंगलों में गुरुवार देर रात 35 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटनाक्रम के विरोध में चांदेरा गांव के लोग शुक्रवार सुबह बालाजी थाने पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर धरने पर बैठ गए। थाना इंचार्ज गौरव प्रधान ने मामले की जांच करते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया। तब जाकर परिजन पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए सहमत हुए।

जानकारी के अनुसार जंगलों में बत्तूलाल मीणा युवक लहूलुहान हालत में पड़ा मिला था, उसके सीने में गोली लगी हुई थी। वहीं पास में एक कट्टा भी पड़ा था।



### मृतक के भाई ने दर्ज कराई एफआईआर

**चांदेरा निवासी मृतक** बत्तूलाल मीणा के भाई विजय सिंह ने एफआईआर में बताया कि ब्रह्मबाद निवासी जितेश मीणा के साथ उसका भाई टेंट का काम करता था। शाम को किसी ने फोन कर बत्तू को गांव के बाहर बुलाया था। बाद में पता चला कि अज्ञात लोगों ने उसे गोली मार दी। रिपोर्ट में बताया है कि बत्तू के पास 3 लाख रुपए थे, जिन्हें सोसाइटी में जमा करवाने जाने वाला था। ऐसे में युवक की हत्या किसने की, पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। थाना इंचार्ज के अनुसार मृतक के भाई की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर में मृत घोषित कर दिया। एफएसएल व एमओबी टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल पर एक 315 बोर का देसी कट्टा बरामद हुआ है।

### शौक-मौज के लिए करते लूट, फिल्मी स्टाइल में वारदात कर हो जाते फरार

# जयपुर में इंजीनियरिंग स्टूडेंट बने लुटेरे, 6 गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले इंजीनियरिंग के 6 स्टूडेंट को रामनगरिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शौक-मौज के लिए वे किडनैप कर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। फिल्मी स्टाइल में वारदात कर लुटेरे इंजीनियरिंग स्टूडेंट फरार हो जाते थे। रामनगरिया थाना पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों की तलाश कर रही है।

डीसीपी (ईस्ट) कावेंद्र सिंह सागर के अनुसार लूट के मामले में आरोपी चंदन सैनी (20) पुत्र मुकेश कुमार सैनी निवासी सुमेर नगर मुहाना, दीपांशु यादव (21) पुत्र रामनिवास यादव निवासी तिजारा अलवर, ओमवीर पोसवाल (21) पुत्र घनश्याम गुर्जर निवासी बहरोड़ कोटपूतली, नितेश राव (23) पुत्र रामधन रावत निवासी बहरोड़ कोटपूतली, अजत मलिक (21) पुत्र अमित कुमार निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश और अमित कुमार (21) पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी रेवाड़ी हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। ये विभिन्न कॉलेजों से इंजीनियरिंग कर रहे हैं।

### दो गाड़ियों में ग्रुप के साथ घूमते थे

**पूछताछ में सामने** आया है कि फिल्मी स्टाइल से लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। दो गाड़ियों में ग्रुप के साथ पहले सुनसान इलाकों में घूमते थे। शिकार मिलने पर उसकी गाड़ी के आगे कार लगाकर रोक लेते थे। उसकी वजह से खुद की गाड़ी का एक्सीडेंट होने का बहाना बनाकर झगड़ा करते। किडनैप कर कार में डालकर मारपीट कर उसके पास मिले रुपयों को छीन लेते। ऑनलाइन बैंक अकाउंट से भी रुपए ट्रांसफर कर लूट की वारदात कर रास्ते में उतारकर फरार हो जाते। लूट के रुपयों से मौज-मस्ती और अपने शौक पूरा करते थे।

### रायसिंह नगर में महिला से मारपीट और फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत का मामला

# गोली लगने से मौत के बाद परिजनों ने दिया धरना, आश्वासन पर उठाया शव

महानगर संवाददाता

**श्रीगंगानगर।** पड़ोसी जिले अनूपगढ़ के रायसिंहनगर इलाके के गांव करड़वाली में गुरुवार देर शाम फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत के बाद शुक्रवार को परिजनों ने शव नहीं लिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अस्पताल के बाहर धरना लगा दिया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। करीब दो घंटे तक अस्पताल के गेट पर धरने के बाद पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने परिजनों से बात की और शव लेने के लिए आग्रह किया। पुलिस के आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देने पर परिजन शव लेने पर सहमत हुए। शुक्रवार दोपहर तीन डॉक्टर्स के बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**कचरा डालने को लेकर था विवाद :** गांव के विक्रांत पुत्र गोपीराम की ओर से दर्ज मामले में कहा गया कि गांव में उसके घर के



पास उसके ताऊ ओमप्रकाश और छगनलाल का मकान है। उसके ताऊ छगनलाल के मकान के पास सतपाल पुत्र रामनारायण का मकान है। सतपाल की पत्नी ने गुरुवार शाम करीब सात बजे छगनलाल के प्लॉट पर कचरा डाल दिया। इस पर छगनलाल की पत्नी सुमित्रा ने उसे मना किया। इससे नाराज होकर सतपाल और उसके साथी सुरेश ने सुमित्रा से मारपीट की। सुमित्रा के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर विक्रांत, उसका ताऊ और सुमित्रा का जेठ ओमप्रकाश, हरीश व गोपीराम आदि मौके पर पहुंचे। इन लोगों ने सतपाल और उसके साथियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। मौके पर मौजूद सतपाल के साथी सुशील, बंताराम, महावीर, सुरेश, अरविंद, दिनेश और पवन आदि ने उन पर पिस्तौल से फायर कर दिए और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। आरोपियों में शामिल सुशील ने ओमप्रकाश पर गोली चलाई, जो उसके सिर पर लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। आरोपियों में शामिल बंताराम और अरविंद ने भी गोली चलाई, लेकिन गनीमत रही कि यह किसी को नहीं लगी। आरोपियों ने अन्य हथियारों से हमला किया। मौके पर पहुंचे विश्वनाथ पुत्र ओमप्रकाश ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान ओमप्रकाश की मौत हो गई। गुरुवार देर रात तक घटनाक्रम चलने के बाद शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। शुक्रवार सुबह परिजनों ने ओमप्रकाश का शव लेने से इनकार कर दिया। डीएसपी अनु बिश्नोई और पुलिस के अन्य अधिकारियों के समझाने पर परिजन माने और करीब दो घंटे रोष प्रदर्शन के बाद शव लेने पर सहमत हो गए।

# अजमेर में 8वीं क्लास की स्टूडेंट का किडनैप

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** जिले के गांधीनगर थाना क्षेत्र में 8वीं क्लास की छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। घर से मेहंदी क्लास के लिए निकली नाबालिग गायब हो गई। पिता ने एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पिता की ओर से गांधीनगर थाने में शिकायत दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांधीनगर पुलिस के अनुसार 40 वर्षीय पिता ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी 14 साल की बेटी ने मेहंदी क्लास जॉइन कर रखी है। 24 अप्रेल को दिन में करीब 1:30 बजे क्लास के लिए घर से निकली थी। जब शाम को घर नहीं आई तो उन्होंने क्लास प्रभारी को कॉल किया तो उन्होंने बताया कि उनकी बेटी क्लास में नहीं आई थी। इसके बाद उन्होंने रिश्तेदारों और परिचित के यहां पता किया। बाद में उनकी बेटी की लास्ट सीसीटीवी फुटेज उटडा फाटक के बाहर एक गैरेज के पास देखी गई। पिता ने शक जाहिर किया की बलबीर नाम का व्यक्ति उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है, उसके साथ राहुल नाम के युवक के होने के भी संभावना है।

## मारपीट कर रुपए और सोने की चेन लूटी

महानगर संवाददाता

**सीकर।** उद्योग नगर में शुक्रवार को एक गाड़ी का पीछा कर युवक से मारपीट व लूट का मामला सामने आया है। रिपोर्ट में पंकज कुमार (24) निवासी धोद ने बताया कि वह अपने दोस्त वीरेंद्र निवासी संतोषपुरा के साथ अपनी कार से तोदी नगर सीकर से ननिहाल नवलगढ़ जा रहा था। वे जैसे ही नवलगढ़ रोड पर पहुंचे तो कृष्ण रेजिडेंसी के पास एक बिना नंबर की कैंपर गाड़ी व स्कॉर्पियो ने पंकज कुमार की गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया। स्कॉर्पियो में सवार बदमाशों ने पंकज की गाड़ी के आगे स्कॉर्पियो लगा दी। बदमाशों ने पंकज की गाड़ी को रुकवा लिया और मारपीट कर 30 हजार रुपए व सोने की चेन लूट ले गए।

### जमीन कन्वर्जन के नाम पर रिश्वत मांगने का मामला

# दूदू जिला कलेक्टर व पटवारी के विरुद्ध एसीबी की सर्च कारवाई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर जिला कलेक्टर दूदू हनुमान मल ढाका व हल्का पटवारी दूदू हंसराज द्वारा रिश्वत मांगने के संबंध में शुक्रवार को पीसी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर निवास स्थान डाक बंगला दूदू व तहसील कार्यालय दूदू में सर्च की कार्रवाई की गई।

एसीबी के उपमहानिरीक्षक पुलिस प्रथम डॉ. रवि के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जयपुर नगर द्वितीय सुरेंद्र सिंह के



नेतृत्व में सर्च कार्रवाई की गई। उपमहानिरीक्षक डॉ. रवि ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई कि दूदू मैं उसकी फर्म के नाम से 204 बीघा जमीन में से कुछ खसरे तालाब, पाल क्षेत्र में होने के कारण कन्वर्जन करवाए जाने की बात को लेकर एक शिकायत जिला कलेक्टर के पास होने पर उसमें कारवाई नहीं करने की एवज में दूदू कलेक्टर एवं पटवारी 25 लाख रुपए की मांग कर परेशान कर रहे थे। इसके बाद 21 लाख रुपए लेना तय हुआ।

उल्लेखनीय है कि 21 लाख रुपए परिवादी द्वारा ज्यादा होना बताकर 15 लाख रुपए लेना तय हुआ, जिसमें 7.5 लाख रुपए कलेक्टर द्वारा अपने डाक बंगले पर मंगवाया जाना रिकॉर्डिंग वार्ता में स्पष्ट हुआ। ब्यूरो द्वारा प्रारंभिक जांच में दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज द्वारा रिश्वत की मांग करने का सत्यापन करने बाद दोनों के विरुद्ध पीसी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। अनुसंधान में प्रारंभिक तौर पर परिवादी की शिकायत का सत्यापन का प्रकरण बनना पाया जाने पर एसीबी कोर्ट जयपुर से सर्च वारंट प्राप्त कर तलाशी की कार्रवाई की गई।

## जेएलएन हॉस्पिटल के वार्ड में छत का हिस्सा गिरने से मासूम घायल

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल के मेल मेडिकल 3 वार्ड में छत का हिस्सा भरभरा कर गिर गया। इस दौरान नीचे बैठे बच्चे के सिर पर चोट आई है।

हादसे के बाद नर्सिंग स्टाफ हरकत में आया और तुरंत बच्चे को इलाज दिया गया। उसके सिर दो पर टांके आए हैं। जानकारी के अनुसार अस्पताल के मेल मेडिकल वार्ड 3 में शुक्रवार दोपहर



के वक्त बेड नंबर पांच के ऊपर की छत गिर गई। इस दौरान बेड पर एडमिट महिला पेशेंट के बच्चे के सिर पर चोट आई है। छत गिरने के बाद नर्सिंग स्टाफ में हड़कंप मच गया। हादसे के बाद तुरंत अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और स्टाफ ने तुरंत बच्चे को प्राथमिक उपचार दिया।

### शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर एवं एसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण

# मतदान केंद्रों पर महिला-पुरुषों ने किया उत्साह से मतदान

महानगर संवाददाता



**भीलवाड़ा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए शुक्रवार को जिले के युवा, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं ने उत्साह से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतदान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता एवं पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत सुबह से ही प्रबंधन एवं सुरक्षा को लेकर सक्रिय रहे। दोनों अधिकारियों ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी स्थित मतदान केंद्र, कार्यालय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थित 6 बूथों, जिला उद्योग केंद्र स्थित युवा प्रबंधित मतदान केंद्र सहित दो बूथों व एमएलवी टेक्सटाइल कॉलेज स्थित बूथ पर पहुंचकर मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं को बताया उत्तम

**मतदान केंद्रों के** निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से बात कर मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया। जिस पर मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं को उत्तम बताया।

**नवविवाहित जोड़ों और महिलाओं में दिखा उत्साह : जिले के** विभिन्न मतदान केंद्रों पर पारंपरिक वेशभूषा में पहुंची महिलाओं में मतदान के प्रति अपार उत्साह देखा गया। साथ ही जिले में कई मतदान केंद्रों पर नवविवाहित जोड़ों ने विवाह संबधी रस्मों को पूरा कर वोट डालने की रस्म भी निभाई।

## सेल्फी पॉइंट और हस्ताक्षर अभियान को लेकर दिखा क्रेज

**जिला प्रशासन** के द्वारा मतदान बूथों के बाहर लगाए गए सेल्फी पॉइंट को लेकर मतदाताओं में खासा रुझान देखा गया। मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद उत्साह के साथ सेल्फी खिंचवाई और हस्ताक्षर भी किए।

## शांतिपूर्ण हुई वोटिंग

**जिला निर्वाचन** अधिकारी नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देशन में जिलेभर में किए गए पुख्ता प्रबंधन के चलते चुनावी कार्यों के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाया गया।



## युवाओं ने दिखाई ताकत जमकर किया मतदान

महानगर संवाददाता

**सवाईमाधोपुर।** टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के गांव जीवली में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व पर जनता को घर-घर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जीवली युवा मोर्चा के सदस्य अमित कुमार, माहुल सपावत, विनोंद कटरावत, पुखराज मीणा, अजय, विकास, कल्ला, रवि होंडो सहित सभी ने बुजुर्ग और मतदान केंद्र से दूर दराज के लोगों को वोट देने के लिए घर-घर जाकर अनुरोध किया।

## कलेक्टर ने लिया नए पंचायत भवन के निर्माण का जायजा



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की ग्राम पंचायत रालावास में शुक्रवार को जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने नवीन निर्माण पंचायत का जायजा लिया। कलेक्टर के जायजा के दौरान सरपंच प्रतिनिधि बद्री लाल मीणा ने 5 बीघा आबादी भूमि को आवंटित करवाए जाने की मांग करते हुए जनसहयोग से पंचायत भवन के चार दिवारी निर्माण का प्रार्थना पत्र दिया। सरपंच प्रतिनिधि ने जिला कलेक्टर को ग्राम पंचायत में स्थायी सुरक्षा गार्ड व मांडा छात्रावास में पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने के लिए हैंडपंप व सिंगल पॉइंट की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र पेश किया। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने सरपंच प्रतिनिधि के प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए आस्वस्त किया। नवीन निर्माण पंचायत के जायजे के दौरान जिला परिषद सीईओ धारा सिंह मीणा, जिला परिषद अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, विकास अधिकारी अभिषेक मीणा, पंचायत समिति सहायक अभियंता मुकेश कुमार मीणा, कनिष्ठ तकनीकी रामकुंवार मीणा, मूल्यांकन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा, एमआईएस मैनेजर कन्हैयालाल सैनी मौजूद रहे।

## शिव पंचायत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के निकटवर्ती ढाणी जयरामकावाली में शिव पंचायत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। सेडूराम सैनी ने बताया कि कलश यात्रा शुक्रवार सुबह 9:15 बजे नर्सरी में स्थित शिव मंदिर से मुख्य मार्ग जयरामकावाली से होती हुई सुखदेई शिव मंदिर पहुंची, जहां पंडित सुनील शर्मा व पंकज शर्मा हांसपुर द्वारा 12:15 बजे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद पंगत पर शादी का भी आयोजन किया गया। बाबूलाल सैनी ने बताया कि इससे पहले गुरुवार रात्रि को हवन आदि किया गया। इस मौके पर मालीराम सैनी, ओंकार मल सैनी, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी साधुराम सैनी, गोवर्धन लाल सैनी, ललित कुमार सैनी, ओमप्रकाश प्रधान, सोहनलाल, मालीराम सुखदेई, मोतीराम, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, कैलाश सैनी, ओम प्रकाश, फूलचंद, घासीराम, अशोक कुमार सहित कई शिव भक्त महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

### बाड़मेर-बालोतरा-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखा उत्साह

# अधिकारियों ने निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाया

महानगर संवाददाता



**बाडमेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बाड़मेर बालोतरा जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2024 शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बाड़मेर बालोतरा जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करते हुए मतदान करने को प्रेरित किया गया। जिसके अंर्तगत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 08-08 मतदान केंद्र महिलाओं एवं युवाओं तथा 01 मतदान केंद्र विशेष योग्यजन प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए। जहां महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान अधिकारियों ने पूर्ण विश्वास के साथ कमान संभालते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाया।

**मतदाताओं को लुभाने को बनाए ग्रीन एवं यूनिक मतदान केंद्र :** जिले में मतदाताओं को लुभाने एवं अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं के लिए ग्रीन एवं युनिक मतदान केंद्र बनाए गए। जिसमें ग्रीन कारपेट बिछा मतदाताओं का स्वागत किया गया। साथ ही मूलभूत आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। प्रवेश द्वार को गुब्बारों से सुसज्जित किया गया। जहां मतदाताओं ने अतिउत्साह दिखाकर अपना अमूल्य मत दिया।

**हैप्पी ऑवर्स में मतदाताओं बढ़-चढकर लिया भाग, किया पौधरोपण :** निर्वाचन आयोग ने नवाचार के रूप में शुक्रवार को मतदान दिवस पर प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक मतदान करने वाले मतदाताओं को निर्वाचन विभाग का प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उनसे मतदान केंद्र पर पौधरोपण भी करवाया गया।

यही नहीं युवा मतदाता जिन्होंने पहली बार मत डाला उन मतदाताओं को भी निर्वाचन विभाग का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पहली बार मतदान करने के उपलक्ष्य में युवा मतदाताओं को निर्वाचन विभाग का प्रमाण-पत्र दिया।

**स्काउट एवं एनसीसी छात्र-छात्राओं ने दी सराहनीय सेवाएं :** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत जिले में आयोजित मतदान के दौरान स्काउट एवं एनसीसी छात्र छात्राओं ने सेवाएं देकर मतदाताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्काउट एवं एनसीसी छात्र-छात्राओं ने अपने मतदान केंद्र पर दिव्यांगजन को मतदान केंद्र पर लाकर मतदान करवाने एवं पुनः उनके गंतव्य तक पहुंचाने का पुनीत कार्य किया। इसके साथ उन्होंने मतदाताओं को पानी पिलाकर अपनी सेवाओं से लाभान्वित किया।

## दिव्यांगजन एवं महिलाओं ने लोकतंत्र के महापर्व में निभाई सहभागिता

**लोकसभा आम चुनाव** में दिव्यांगजन और महिलाओं ने अपने मतदान केंद्र पर मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करवाई। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समस्त मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई गई, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की कठिनाई महसूस ना हो। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## नवविवाहित जोड़ों ने निभाई लोकतंत्र की रस्म

**मतदान के दौरान** मतदान केंद्रों पर नव विवाहित जोड़ों द्वारा मतदान किया गया। इस दौरान उन्होंने राजस्थानी लोक संस्कृति की वेशभूषा पहन मतदान केंद्र आकर मतदान दिवस पर शादी से पूर्व मतदान कर लोकतंत्र की रस्म निभाया। आवश्यक सेवाओं से सुसज्जित रहे मतदान केंद्र मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समस्त मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, पर्याप्त छाया, व्हीलचेयर, रैम्प, शौचालय इत्यादी आवश्यक सेवाओं को उपलब्ध करवाया गया। साथ ही मतदान केंद्रों पर दिव्यांगजन और दृष्टिबाधित मतदाताओं को विशेष सुविधाएं उपलब्ध करा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।



### मतदान जागरूकता के लिए किया नवाचार

## पोलिंग बूथ तक साइकिल से पहुंचकर डाले अपने वोट

महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** मतदान के दिन एक अनूठी पहल के साथ शहर के कुछ मतदान केंद्रों पर लोगों में एक नया उत्साह और जोश का नजारा दिखाई दिया, जब सैकड़ों लोग मतदान केंद्रों तक साइकिल चलाकर पहुंचे और मतदान किया। यह नवाचार भीलवाड़ा साइकिल क्लब की अपील के असर के रूप में दिखाई दिया। साइकिल क्लब के प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि सहसंयोजक बाबूलाल जाजू के नेतृत्व में भीलवाड़ा साइकिल क्लब ने मतदान जागरूकता, पर्यावरण और साइकिल के प्रति लोगों में रुचि जागृत करने के उद्देश्य से अपने सभी सदस्यों सहित आमजन से अपील की थी कि वे इस बार 26 अप्रेल को मतदान करने पोलिंग बूथ तक साइकिल चलाते हुए जाएं और मतदान करें। इसी अपील के चलते शहर के कई पोलिंग बूथ पर पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी साइकिल चलाकर पहुंचीं और न केवल मतदान किया, बल्कि मतदान के बाद अपनी अंगुली पर लगी स्याही और अपनी साइकिल के साथ सेल्फी और फोटो लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर अपने परिचितों से भी शेयर किया। इस अभियान में गोवर्धन सिंह कावड़िया (न्यायायिक सदस्य, स्थाई लोक अदालत), संदीप तोतला, पूर्व पार्षद सुरेश बंब, मनोज तुलसानी, गौरव नागपाल, सत्यनारायण राठी, कपिल तुलसानी, सतीश अग्रवाल, प्रदीप विजयवर्गीय, कृष्णगोपाल जाखेटिया, प्रभात जैन, यश झुरानी, बीडी करवा, लीलाराम आडवाणी, राजेन्द्र सिंघवी, सुरेश माहेश्वरी, अनुग्रह लोहिया, विश्वंभर सोमानी, निशांत पाटनी, चिराग जैन, उज्जवल जैन आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित अजीत सिंह खद्दा का किया सम्मान



महानगर संवाददाता

**किशनगढ़ रेनवाल।** कस्बे की शिक्षा जगत में अनूठी पहल के साथ विद्यार्थियों का वर्तमान मजबूत करके भविष्य की दिशा दिखाने वाली संस्था श्री महावीर एजुकेशन हब के पूर्व छात्र अजीत सिंह खद्दा का भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में 563वीं रैंक एवं इसके साथ ही ईश्वरलाल गुर्जर 555वीं रैंक हासिल करने पर उनका सम्मान किया गया। निदेशक बी. आर. भुकर द्वारा फूलमाला और साफा पहनाकर अजीत सिंह का स्वागत किया गया। इस मौके पर भारतीय ग्रुप के उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह रणवा ने भी सिंह सम्मान किया। इस अवसर पर अजित सिंह ने महावीर स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों के सामने अपने अनुभव साझा किए और उन्हें हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

फाउंडेशन की डायरेक्टर पायल चौधरी ने अवसादग्रस्त ना रहने के फायदे बताए। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार उपअधीक्षक पुलिस जोबनेर, सुरेन्द्र कुमार बाकोलिया रेनवाल थाना प्रभारी एवं ममता यादव तहसीलदार रेनवाल, मनीष पारीक नगर पालिका अधिशासी अधिकारी किशनगढ़ रेनवाल, धर्मेंद्र सिंह शेखावत, मूल शंकर पारीक ने भी विचार व्यक्त किए और छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में हिंदी मीडियम प्राचार्य घनश्याम कुमावत, अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्य कंचन चौधरी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिता कुमावत, राजेश चौधरी, सांवरमल स्वामी, अशोक महला, रतन सिंह शेखावत एवं संस्था के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# वोटिंग में धांधली के लगे आरोप, बाड़मेर-जैसलमेर में चढ़ा सियासी पारा

### सोशल नेटवर्किंग साइट पर नेताओं का 'पोस्ट' वॉर

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 लोकसभा क्षेत्रों के लिए वोटिंग हुई। इस बीच सबसे हॉट सीट बन चुकी बाड़मेर-जैसलमेर में मतदान के दौरान आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। कांग्रेस नेता हरीश चौधरी, कांग्रेसी उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल और निर्दलीय रविंद्र सिंह भाटी ने सोशल नेटवर्किंग साइट पर पोस्ट कर चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। वहीं कलेक्टर निशांत जैन का कहना है कि महाबार, थूंबली और हरपालिया-सेड़वा से कुछ शिकायतें मिली हैं। पुलिस प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में ले लिया था। पोलिंग प्रभावित नहीं हुई है।

**पोलिंग बूथ एजेंट और अन्य के साथ मारपीट का आरोप लगाया :** बायतू विधायक हरीश चौधरी ने बाड़मेर के थूंबली पोलिंग बूथ पर एजेंट और अन्य के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि यहां किसी को भी मतदान नहीं करने दिया गया। पुलिस के संरक्षण के अंदर वोटिंग करवाई जा रही है। पोलिंग एजेंट को मारपीट कर भगाया जा रहा है। वहीं कांग्रेसी उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल ने भी मतदान के दौरान सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर पोस्ट कर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने लिखा कि निर्वाचन आयोग की आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मतदान केंद्र पर अंदर वोटिंग हो रही है और मतदान केंद्र का मुख्य द्वार निर्दलीय प्रत्याशी के बैनर से सजाया हुआ है। शिव, जैसलमेर और सिवाना में बाहरी लोगों ने कई जगह बूथ कैप्चर कर लिए हैं और फर्जी वोटिंग की जा रही है। कांग्रेस पोलिंग एजेंटों को मारपीट कर धमकाया जा रहा है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों ने शिव विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 36 धोलिया में कांग्रेस पार्टी के बूथ एजेंट पप्पूराम मेघवाल के साथ मारपीट करके बूथ से बाहर निकालने जैसी कायराना हरकत की है।

**रविंद्र सिंह भाटी ने भी लगाए आरोप :** वहीं, निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने लिखा कि जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 36, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राघवा में मेरे क्षेत्र के मतदाताओं के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार निराशाजनक है।

### शिव विधायक रविंद्र सिंह ने फरमान पर किया पलटवार

# 'मेरे भाई को जैसलमेर छोड़ने को कहा, बायतू विधायक को क्यों नहीं रोका गया'

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर/जैसलमेर।** शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने जैसलमेर पुलिस द्वारा उनके भाई से जैसलमेर जिले से बाहर जाने की अपील को लेकर चुनाव आयोग और जिला प्रशासन पर सवाल उठाते हुए पलटवार किया है। भाटी ने अपना एक वीडियो जारी कर कहा है कि बायतु विधायक (हरीश चौधरी) शिव विधानसभा क्षेत्र के थुंबली गांव में क्यों आए? जबकि वे न तो चीफ इलेक्शन एजेंट हैं और न ही प्रत्याशी। वो सिर्फ राजनीतिक रूप से प्रभावित करने आए थे, जिसकी आड़ में फर्जी वोटिंग हो सके। भाटी ने आगे कहा कि हमारे लोग मजबूत थे, जिसकी वजह वो सफल नहीं हो सके, जबकि कुछ देर पहले मेरे भाई को पुलिस द्वारा जिला छोड़ने को कहा गया, जबकि मेरा भाई तो राजनीति से भी नहीं जुड़ा हुआ है। जब उनको बाहर निकलने को कहा गया तो बायतू विधायक को क्यों नहीं रोका गया? रविंद्र सिंह भाटी ने चुनाव आयोग और जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि वो इस पर भी ध्यान दें।

## परोपकार के प्रति समर्पित हो मनुष्य का जीवन : सुदीक्षा महाराज

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित निर्देशन में संत निरंकारी सत्संग भवन सवाई माधोपुर में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 41 यूनिट रक्त डॉक्टर एवं उनकी टीम द्वारा एकत्रित किया गया। शिविर में सभी रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में रक्तदाताओं के लिए जल-पान की भी व्यवस्था की गई। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा गुरुवार को संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर आयोजितक कर लगभग 50,000 युनिट रक्त संग्रहित किया गया।

मानव एकता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में सतगुरु माता ने कहा कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहा है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है। ऐसा ही परोपकारी जीवन बाबा गुरबचन सिंह की दिव्य सिखलाइयों का आधार रहा है। जब हमारे मन में निष्काम सेवा का भाव उत्पन्न हो जाता है तब यह संसार और भी अधिक सुंदर लगने लगता है, क्योंकि तब हमारी सेवा भावना साकार एवं कर्म रूप में समस्त मानव परिवार के लिए वरदान बन जाती है।

मानव एकता दिवस का पावन अवसर बाबा गुरबचन सिंह की मानवता के प्रति की गई उनकी सच्ची सेवाओं को समर्पित है जिससे निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है।

### मतदाताओं ने मतदान कर लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति दिखाई अटूट आस्था

# उत्साह के साथ मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग : प्रताप सिंह

महानगर संवाददाता





**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में संसदीय क्षेत्र जोधपुर के विधानसभा क्षेत्र पोकरण एवं संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के विधानसभा क्षेत्र जैसलमेर में 26 अप्रेल को हुए मतदान के लिए मतदाताओं ने भारी उत्साह दिखाया। वहीं महिला मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने अमूल्य मत का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अपनी अटूट आस्था दिखाई।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) प्रताप सिंह ने बताया कि मतदान के दिवस सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहे एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में मतदाताओं की सुविधा के लिए की गई छाया-पानी तथा दिव्यांग एवं बुर्जग मतदाताओं के लिए की गई व्हीलचेयर की सुविधा की भी मतदाताओं ने तारीफ की एवं उत्साह के साथ मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्रों पर प्रातः 8 बजे से ही मतदाताओं की कतारे लगनी शुरू हो गईं, वहीं महिला मतदाता भी सजधजकर मतदान केंद्र पहुंची तथा उत्साह के साथ अपना मतदान किया। लोकतंत्र के इस उत्सव में जहां वयोवृद्ध मतदाताओं ने अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में उमंग के साथ मतदान कर युवाओं को अमुल्य मत के महत्व का संदेश दिया। मतदान के दिवस पहली बार मत का प्रयोग करने वाले युवा मतदाता बहुत ही उत्साहित दिखाई दे रहे थे एवं लोकतंत्र के उत्सव में अपने मत का प्रयोग कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे।

## पहली बार मत डालकर ली सेल्फी

**शुक्रवार को** युवा मतदाताओं ने पहली बार मतदान कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया। अमर शहीद सागरमल गोपा सीनियर माध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र पर 20 वर्षीया दीपिका कविया ने पहली बार मत डाला एवं सेल्फी भी ली। कहा मुझे आज पहली बार मत डालने का गर्व है। इसी प्रकार गांधी बाल मंदिर मतदान केंद्र पर 18 वर्षीय प्रेम गर्ग एवं 19 वर्षीय युद्धवीर तथा 18 वर्षीय खुश खत्री ने पहली बार उमंग के साथ मतदान किया एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहला कदम रखा।

## दिव्यांग और घुटनों से लाचार मतदाओं ने किया मतदान

**महात्मा गांधी राजकीय** उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 3 मतदान केंद्र पर पैरों से दिव्यांग 75 वर्षीय हरिशंकर दवे ने अपने पुत्र दिनेश दवे के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदार किया। निर्वाचन विभाग द्वारा वहां उपलब्ध कराई गई व्हीलचेयर पर बैठकर मत डाला एवं मतदान के प्रति अपनी अटूट आस्था दिखाई। व्हीलचेयर सुविधा के प्रति निर्वाचन विभाग की तारीफ की। इसी प्रकार गांधी बाल मंदिर विद्यालय केंद्र पर घूटनों का ऑपरेशन कराने के बाद पैरों पर नहीं चलने के उपरांत भी 67 वर्षीय शंकरलाल खत्री अपने पोते खुशू के साथ व्हीलचेयर से मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। भागु का गांव मतदान केंद्र पर दोनों पैरों से दिव्यांग 65 वर्षीया जमाली अपने भतीज कासमखां के साथ वाहन में बैठकर मतदान केंद्र पहुंची।

## गुरुदेव महाराज के विग्रहों की पूजा कर धारण करवाई नवीन पोशाक

# श्री अमरापुरा स्थान में पल्लव प्रार्थना के साथ 103वें चैत्र मेले का समापन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एमआई रोड स्थित श्री अमरापुरा स्थान में एक सप्ताह से मनाए जा रहे 103वें चैत्र मेले का शुक्रवार को समापन हुआ। हजारों की संख्या में सिंधी समाज के श्रद्धालु मेले के अंतिम दिन विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सुबह स्वामी भगत प्रकाश महाराज के सान्निध्य में संत मंडली ने भगवान श्री लक्ष्मी नारायण, आचार्य सद्गुरु स्वामी टेंऊराम महाराज, स्वामी सर्वानंद महाराज, स्वामी शांति प्रकाश महाराज, स्वामी हरिदास राम महाराज के विग्रहों की विधिवत पूजा-अर्चना कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। बाल कलाकारों ने रामायण का सुंदर मंचन किया। सुबह 4 से 7 बजे तक सत्संग, भजन, प्रार्थना और पल्लव का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद 103वें चैत्र मेले का समापन स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने पल्लव गाकर किया। इससे पूर्व संत-महात्माओं और गुणीजनों के प्रवचन हुए। स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने अमृतवाणी का रसपान कराया। इसके बाद पल्लव प्रार्थना के साथ उत्सव का समापन हुआ। उत्सव के समापन के बाद तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। उत्सव में संत परस राम, संत श्याम लाल, संत हरि, संत हरिओम लाल, स्वामी अनंत प्रकाश, स्वामी चित प्रकाश, संत जितेंद्र, संत प्रताप लाल, भगत हरिदास, भगत दीपक, भगत माणिक लाल, साथ राम प्रकाश, संत यश, संत शंभू लाल आदि संत महात्माओं ने भजन संकीर्तन किया। इस दौरान 'पिंड ब्रह्मांड ज्ञान गुच्छा' पुस्तक का विमोचन किया गया। उत्सव में अमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, भोपाल, मंदसौर, इंदौर, रतलाम, अजमेर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, बड़ौदा, गांधीधाम, दुबई, इंडोनेशिया, अमेरिका, सिंगापुर, स्पेन के भक्तों ने आस्था के इस उत्सव में भक्ति सत्संग का लाभ लिया।



## तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

# रामगोपालजी के निकट विराजी किशोरी जी

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी के अन्तर्गत मंदिर श्री रामगोपाल जी में गलता पीठाधीश्वर स्वामी सम्पत कुमार अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि श्री गलता पीठ के अंतर्गत आमेर रोड स्थित मंदिर श्री रामगोपालजी में किशोरीजी की मूर्ति का तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। किशोरी जी का पंचधातु से निर्मित अति दिव्य एवं दर्शनीय विग्रह दक्षिण भारत में बनवाया गया है।

वैदिक विधि के साथ दक्षिण भारतीय विद्वानों ने विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की। महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में सुबह हवन के साथ महानुष्ठान की पूर्णाहुति की गई। इसके किशोरी जी के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कर भगवान रामगोपाल के निकट विराजमान किया गया। इसके पश्चात अम्मा जी और भगवान का अति आकर्षक श्रृंगार कर आरती की गई। दक्षिण भारत से आए यादगिरि स्वामी एवं अन्य विद्वानों ने प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न कराया। दक्षिण भारत के पाक शास्त्रियों की ओर से निर्मित गोष्ठी प्रसादी नित्य भगवान को भोग लगाई गई। कोलकाता से मंगाई गई मालाएं भगवान को धारण कराई गईं।

### संत-महंतों का किया सम्मान

**प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव** में श्री दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर हाथोज के महंत बालमुकुंदाचार्य महाराज, बिहारी जी मंदिर के महंत नरेंद्र महाराज, सचिन महाराज, लक्ष्मीनारायण के महंत मंदिर के त्रिविक्रमाचार्य महाराज, मुरली मनोहर मंदिर के शैलेश प्रपन्नाचार्य महाराज, सरस निकुंज के अलबेली माधुरीशरण महाराज, नृसिंह मंदिर के महंत नारायणाचार्य महाराज, नहर के गणेश जी मंदिर के महंत जय शर्मा, मानव शर्मा सहित अनेक संत-महंत उपस्थिति रहे। गलता पीठ के युवाचार्य राघवेन्द्र महाराज ने सभी संतों का माला, दुपट्टा, भेंट, प्रसाद से बहुमान-सम्मान किया।

### ये रहे उपस्थित

**मुख्य यजमान ऋषिका गुप्ता**, राजेश शर्मा, विवेक लड्ढा, श्याम भूतड़ा, श्रीगोपाल मोदानी, रतन सोनी, अलका पांडेय, लोरेन्जो, पार्षद अनिता जैन, कमल शर्मा, ललित बांगा, केपी सिंह, अजय शर्मा सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बिहारी जी मंदिर के महंत नरेंद्र महाराज और सचिन महाराज के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की प्रसादी ग्रहण की। सम्पूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया गया। सभी श्रद्धालुओं को चरणामृत और शठारी दिया गया।



# राज्यपाल मिश्र को सड़क सुरक्षा ग्राफिक उपन्यास की प्रति भेंट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र को शुक्रवार को राजभवन में सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में तैयार ट्रैफिक टेल्स ग्राफिक नोवल भेंट किया गया। मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी की ओर से प्रकाशित इस अंग्रेजी नोवल में सड़क पर वाहन चलाने से संबंधित सावधानियां, दुर्घटना से बचाव और सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों को चित्र कथा-रूप में संयोजित किया गया है। राज्यपाल मिश्र ने इस प्रयास की सराहना की है।



# डिप्टी सीएम दीयाकुमारी को 'जीव दया' सम्मान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी को हरिओम जन सेवा समिति राजस्थान की ओर से शुक्रवार को सिटी पैलेस में 'जीव दया' सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लघु उद्योग भारती सरना के अध्यक्ष सुमेर सिंह शेखावत, हरिओम जन सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष पंकज गोयल, सौर ऊर्जा वाले चिरंजी लाल कुमावत, पार्षद सुरेश जांगिड़ ने प्रदान किया।

दीयाकुमारी ने कहा कि समिति की ओर से किए जा रहे सेवा कार्य प्रशंसनीय है। बेजुबान परिंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य और धर्म का कार्य है।

# राम दरबार एवं राधा-कृष्ण के विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** व्यास सेवा संस्थान की ओर से ग्रीन पार्क दादी का फाटक मुरलीपुरा स्थित श्री इंद्रेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में शुक्रवार को राम दरबार, राधा-कृष्ण भगवान के विग्रहों की हवन के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की गई। संस्थान के अध्यक्ष नरेद्र व्यास ने बताया कि प्रारंभ में कलश यात्रा निकाली गई। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के प्रहलाद शर्मा के आचार्यत्व में सभी प्रतिमाओं को जलाधिवास और अन्नाधिवास करा कर प्रतिमाओं का पूजन किया गया। यजमानों ने सपत्नीक पूजा-अर्चना कर गायत्री महायज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। राजेन्द्र सैनी ने प्रज्ञागीतों की सरस प्रस्तुतियां दीं। वेद मंत्रों के साथ प्रतिमाओं में प्राण का आह्वान किया गया। मंदिर में बनाए निर्धारित स्थान पर प्रतिमाओं की स्थापना कर फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। इसके बाद संगीतमय महाआरती की गई। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

### सूरदास महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**मुरलीपुरा की शंकर विहार** कॉलोनी स्थित भौमिया मंदिर में शुक्रवार को सूरदास महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व हवन किया गया। सूरदास महाराज की मूर्ति के अनेक अधिवास और स्नान कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विभिन्न मंदिरों के संत-महंतों का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

# तीर्थंकर महावीर स्वामी प्रीमियर शो के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी की ओर से चांदनपुर में टीले से प्रकटित भगवान महावीर स्वामी के अतिशय को अब फिल्म श्री महावीरजी के माध्यम से जाना जा सकेगा। दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र महावीरजी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री सुभाष चंद जैन ने शुक्रवार को संवाददाताओं को फिल्म का निर्माण एवं फिल्म की कहानी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म का प्रीमियर शो 28 अप्रेल को जैम सिनेमा में सुबह 9 बजे से दिखाया जाएगा। प्रीमियर शो के लिए निमंत्रण कार्ड एवं फ्री पास पहले आओ पहले पाओ के आधार पर भट्टारक जी की नसियां कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने बताया कि दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी कमेटी की ओर से शुक्रवार को प्रीमियर शो के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, उपाध्यक्ष एसके जैन, सीपी पहाड़िया, मंत्री सुभाष चन्द जैन, संयुक्त मंत्री उमराव मल संघी, प्रदीप कुमार जैन, कोषाध्यक्ष विवेक काला, सुरेश सबलावत, विनोद जैन कोटखावदा, भारतभूषण जैन, मनीष बैद, प्रोड्यूसर जेके जैन कालाडेरा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि भगवान महावीर की मूंगावर्णी प्रतिमा श्री महावीरजी के चांदनगांव में भूगर्भ से प्रकटित हुई थी। भगवान के टीले से बाहर आने के बाद पूरे क्षेत्र में सुख-समृद्धि और संपन्नता होने लगी। फिल्म में इसका बड़ी सुंदरता के साथ इस चित्रण किया गया है। फिल्म में महावीर भगवान के अतिशय के साथ महावीरजी कमेटी की ओर से श्री महावीरजी क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को भी शामिल किया गया।

कमेटी के मुख्य प्रचार संयोजक सुरेश सबलावत ने बताया कि प्रतिमा के अवतरण से वहां के निवासियों के जीवन स्तर में आए हुए बदलाव की प्रगति को दर्शाया गया है। फिल्म में दर्शाया गया है कि आजकल के युवा गांव एवं अपने पुश्तैनी व्यापार को छोड़कर के नाम मात्र के पैकेज के लिए शहर में बस जाते हैं। इसका कारण है कि गांव के बच्चों को कोई भी अपनी लड़की देना नहीं चाहता। लड़की भी गांव में नहीं जाना चाहती है।

इसी व्यथा को इस फिल्म में फिल्माया गया है। एक लड़की विदेश में बहुत बड़ी मल्टी नेशनल कंपनी में अच्छे पैकेज पर कार्यरत होते हुए भी श्री महावीर जी क्षेत्र के लिए अपना सब कुछ छोड़कर श्री महावीर जी में विकास को आगे बढ़ाने में मदद करने लगी।

# सुरेंद्र पांड्या व सुधांशु कासलीवाल को अलंकरण सम्मान



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दिगंबर जैन महासमिति के बैनर तले इंदौर में अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर देश के कई स्थानों से आए जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया। इस दौरान दिगंबर जैन महासमिति के महामंत्री सुरेन्द्र जैन पांडया एवं श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल को भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने महासमिति के अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया।

## महिला उद्यमिता-स्वरोजगार पर चर्चा

**जयपुर।** श्री चित्रगुप्त बाल हितकारी सेवा संस्थान की बैठक शुक्रवार को प्रधान कार्यालय स्वर्ण पथ मानसरोवर में हुई। इसमें महिला उद्यमिता-स्वरोजगार पर चर्चा की गई। सभी ने कायस्थ समाज के महिलाओं के उत्थान का संकल्प लिया। प्रदेशाध्यक्ष युगल नेहवारिया ने बताया कि संस्थान की ओर से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 11 सिलाई मशीन बांटी जाएगी। इच्छुक और जरूरतमंद महिलाओं को संस्थान की ओर से सिलाई मशीन को निशुल्क वितरण किया जाएगा। संस्थान के वित्त और योजना प्रभारी अमित सक्सेना ने कहा कि हम महिलाओं को आगे बढ़ाएंगे और उन्हें रोजगार की दिशा में सशक्त बनाएंगे। समाज के लोग इस कार्य में सहयोग करे। इस दौरान ललित सक्सेना, अनमोल माथुर, मिथलेश सक्सेना, युगल किशोर नेहवारिया, अमित सक्सेना, विनय सक्सेना, नीता माथुर, बसंत माथुर, नूपुर माथुर, जगदीश प्रकाश माथुर, डीपी सक्सेना, डॉ. आरडी भटनागर, राजेन्द्र नेहवारिया, साकेत माथुर, विजेन्द्र माथुर, जितेन्द्र नाग आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 'स्कूल ऑफ गीता' स्कूली छात्रों के बीच लेकर आया 'गीता कांटेस्ट जूनियर'



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आज के समय मे यह बहुत जरूरी हो गया है कि हमारे देश के बच्चे हमारी संस्कृति से जुड़ें और जीवन में आगे बढ़े। इसके लिए हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के स्कूल ऑफ गीता ने अनूठा प्रयास किया है।

बच्चों को श्रीमद्भगवद् गीता की शिक्षाओं का संदेश देंने के लिए हरे कृष्ण मूवमेंट एवं कृष्ण भावनामृत सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में गीता कांटेस्ट जूनियर का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। गीता कांटेस्ट जूनियर में कक्षा पांच से लेकर कक्षा आठ के बच्चों को श्रीकृष्ण और प्रभुपाद की किताबें गईं, जिन्हें पढ़कर उन्होंने परीक्षा दी। यह किताबें हमें यह संदेश देती है कि कैसे जीवन में संतुलन रखा जाए। साथ ही यह हमें अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ती हैं।

हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के मीडिया प्रभारी सिद्ध स्वरुप दास ने बताया कि गीता कांटेस्ट जूनियर का पंजीकरण गीता जयंती से शुरू हुआ। इस कांटेस्ट के विजेता बच्चों को पुरस्कार में साइकिल, स्मार्ट वाच, एल सी डी राइटिंग पैड और 100 वीआर कार्डबोर्ड दिए गए।

# देवगुरु बृहस्पति एक मई को करेंगे राशि परिवर्तन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गुरु 22 अप्रेल 2023 को अपनी स्वराशि मीन की यात्रा को विराम देते हुए अपने मित्र मंगल की राशि में मेष में प्रवेश किया था, जो अभी तक इसी राशि में भ्रमण कर रहे हैं।

ज्योतिष शास्त्र की गणना के मुताबिक देवगुरु बृहस्पति एक मई को दोपहर में मेष राशि की अपनी यात्रा को खत्म करके वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में देवगुरु बृहस्पति का जीव का कारक और शुभ ग्रह माना जाता है। ज्योतिष में गुरु का गोचर बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। शनि के बाद गुरु मंद गति से चलने वाले ग्रह हैं और यह किसी एक राशि में करीब 13 महीनों तक भ्रमण करते हैं फिर दूसरी राशि में गोचर करते हैं। गुरु का गोचर सभी राशि के जातकों के लिए विशेष प्रभावी होता है।

ज्योतिषाचार्य पं. पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया कि जब भी गुरु का गोचर होता है तो इसका प्रभाव सभी राशियों के जातकों पर पड़ता है। गुरु को शुभ और अच्छा परिणाम देने वाला ग्रह माना जाता है। जिन भावों में गुरु की दृष्टि पड़ती है उन भावों से संबंधित फलो में वृद्धि होती है। गुरु के शुक्र की राशि वृषभ में गोचर करने से कुछ राशि के जातकों को विशेष लाभ मिल सकता है।

## इन राशियों के जातकों पर बरसेगी कृपा

- **वृषभ राशि**: गुरु का गोचर आपकी राशि से प्रथम भाव में हो रहा है। इस राशि के जातकों के लिए गुरु आठवें और एकादश भाव के स्वामी हैं। वृषभ राशि में गोचर आपके लिए विशेष लाभकारी साबित होगा। भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। इस भाव में देवगुरु बृहस्पति की दृष्टि आपके पंचम, सप्तम और भाग्य स्थान पर होगी। देवगुरु बृहस्पति का यह गोचर वृषभ राशि के जातकों के लिए उनके मन की सभी इच्छाओं को पूरा करने वाला होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको प्रमोशन प्राप्त होगा। सुखद समाचार प्राप्त होंगे। आप विदेश जा सकते हैं। वृषभ राशि में गोचर करने से आपके वैवाहिक जीवन में आपको अत्यधिक सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आपका भाग्य उत्तम रहेगा।
- **मिथुन राशि** : गुरु का गोचर मिथुन राशि के जातकों के द्वादश भाव यानी 12वें भाव में होगा। इस तरह से मिथुन राशि के लिए सप्तम और दशम भाव के स्वामी होंगे। इस भाव में विराजमान देवगुरु बृहस्पति की दृष्टि आपके चतुर्थ भाव, छठे भाव और अष्टम भाव पर होगी। समाज में आपको मान-सम्मान मिलेगा और सुख समृद्धि में वृद्धि होगी, लेकिन आपको खर्चे बढ़ जाएंगे। नौकरीपेशा जातकों को नई नौकरी के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।
- **कर्क राशि**: कर्क राशि के जातकों के लिए मई माह में गुरु का गोचर किसी वरदान से कम नहीं है। गुरु का गोचर आपके लाभ स्थान में होने जा रहा है और यह आपके छठे और नवम भाव के स्वामी हैं। यहां से देवगुरु बृहस्पति की दृष्टि आपके तृतीय भाव, पंचम भाव और सप्तम भाव पर रहने वाली है। कर्क राशि के जातकों के लिए देवगुरु बृहस्पति का गोचर उनकी सभी इच्छाओं की पूर्ति करने वाला रहने वाला है। इस समय आपको अपने व्यवसाय में इच्छित लाभ की प्राप्ति होगी। बृहस्पति के इस गोचर के दौरान आपके घर में किसी नन्हे मेहमान का आगमन भी हो सकता है। देवगुरु बृहस्पति के प्रभाव से आपके वैवाहिक जीवन में भी सुख और आनंद की स्थिति बनी रहेगी।
- **मकर राशि** : गुरु का गोचर होने से मकर राशि के जातकों के लिए पंचम स्थान पर होगा। देवगुरु बृहस्पति तृतीय और द्वादश भाव के स्वामी हैं। कुंडली के पांचवें भाव से व्यक्ति की शिक्षा, बुद्धि, प्रेम और संतान के सुख का विचार किया जाता है। इस भाव में विराजमान बृहस्पति की दृष्टि आपके भाग्य भाव, लाभ स्थान और प्रथम स्थान पर होगी। देवगुरु बृहस्पति के इस इस गोचर से आपके घर में किसी नन्हे मेहमान का आगमन हो सकता है। इसके अलावा जिन जातकों का विवाह नहीं हो रहा है उनके विवाह का प्रस्ताव आ सकता है।

# विश्व शतरंज में भारत की धमक

## सत्रह साल के भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने रचा इतिहास

**विश्व** शतरंज में आजकल सबसे चर्चित नाम डी गुकेश का है और वह अपना सपना साकार करने से मात्र एक जीत दूर हैं। वह सबसे कम उम्र (17 साल) में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने में सफल हो गए हैं। इस गौरव को पाने वाले आनंद के बाद वह दूसरे भारतीय हैं। गुकेश ने रूसी खिलाड़ी गैरी कास्परोव के रिकॉर्ड को तोड़ा है, जिन्होंने 40 वर्ष पूर्व सबसे कम उम्र में यह उपलब्धि प्राप्त की थी। कास्परोव ने 1984 में 22 वर्ष की उम्र में यह खिताब जीतकर रिकॉर्ड बनाया था। गुकेश के साथ उनके शुरुआती दौर से कोच के तौर पर जुड़े रहे विष्णु प्रसन्ना बताते हैं कि वह जब 2017 में 11 वर्ष की उम्र में आए थे, तब उच्चस्तरीय शतरंज के गुर सीख रहे थे। पर उस समय भी उनके दिमाग में एक बात साफ थी कि उन्हें सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनना है। वह अपने इस सपने को पूरा करने के कगार पर पहुंच गए हैं। वर्ष के आखिर में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से मुकाबला जीत कर ही वह अपना सपना साकार कर सकते हैं। ध्यान रहे, कई बार झटके लोगों को उबारने में सहायक होते हैं। टोरंटो में इस टूर्नामेंट के दौरान सातवें राउंड में अलिरेजा के हाथों बाजी हारने ने ही उन्हें खिताब जीतने के लिए मजबूत बनाया। उनकी मां पद्मा बताती हैं कि इस बाजी के हारने के बाद गुकेश थोड़ा हताश था। पर मुझसे 10-15 मिनट बात करने के बाद फिर से सारा ध्यान शतरंज पर केंद्रित करने में सफल हो गया। वह कहती हैं कि मैंने उससे कहा कि खेल अभी खत्म नहीं हुआ है और अभी सात राउंड बाकी हैं, उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करो। गुकेश अपने प्रदर्शन से पांच बार विश्व चैंपियन रहे कार्लसन को गलत साबित करने में सफल रहे। भारत को आनंद के बाद दूसरा चैलेंजर निकालने में 30 वर्ष का समय लगा है। विश्वनाथन आनंद विश्व चैंपियनशिप कैंडिडेट्स साइकिल में 1991 में सफल हुए थे और उन्हें कैंडिडेट्स खिताब जीतने में चार वर्ष लग गए थे, पर गुकेश अपने पहले ही प्रयास में खिताब जीतने में सफल हो गए। यह भी सच है कि अपने पदचिह्नों पर चलने वाले इस खिलाड़ी को आनंद की भरपूर मदद मिली है। गुकेश सही समय पर वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में स्थान बनाने में सफल हुए। अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के दौरान यहीं उन्हें उनके साथ यात्रा करने वाले कोच ग्रजगोर्ज गजेवस्की (पोलैंड) मिले। पर बचपन के कोच प्रसन्ना की सलाह कि 'अभ्यास करते समय शतरंज इंजन की मदद लेने की जगह स्वयं गणनाएं करने की आदत डालो', ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में मदद की है। गुकेश की यह सफलता देश में शतरंज के बदले माहौल का प्रतीक है। इससे पहले भारत ने 2020 में रूस के साथ संयुक्त रूप से शतरंज ओलंपियाड का गोल्ड जीता था। पर इस सफलता पर देश में फीकी प्रतिक्रिया मिली थी, तब आनंद ने कहा था कि 1983 में भारत के आईसीसी विश्व कप जीतने पर जिस तरह की दीवानगी देश में बनी थी, उस तरह की दीवानगी बने बिना विश्व चैंपियन निकलना मुश्किल है। देश में शतरंज में क्रिकेट जैसी दीवानगी भले ही नहीं बनी है, पर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में गुकेश सहित तीन खिलाड़ियों का भाग लेना भारतीय दबदबे को जताता जरूर है। भारत के इस मुकाम तक पहुंचने का सफर आसान नहीं है। यह भी कि देश में शतरंज जमाने से खेली जा रही है, पर इसे सही दिशा आनंद के 1988 में ग्रैंडमास्टर बनने के बाद ही मिली। यह वह दौर था, जब ग्रैंडमास्टर बनना बेहद कठिन था। यही वजह है कि अगले 10 से 12 वर्षों में हम केवल पांच और ग्रैंडमास्टर ही निकाल सके। पर 2000 के बाद ग्रैंडमास्टर बनने की गति में तेजी आई और इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर बनने की राह भी आसान होती चली गई। वास्तव में, ग्रैंडमास्टर नॉर्म पाने के लिए टूर्नामेंट ग्रैंडमास्टर्स का खेलना जरूरी होता है। लेकिन देश में ग्रैंडमास्टर्स की संख्या बढ़ने पर घरेलू टूर्नामेंटों की रेटिंग बेहतर होने से घर में ही ग्रैंडमास्टर निकलने लगे। पहले जीएम नॉर्म पाने के लिए भारतीय खिलाड़ियों को विदेश जाना पड़ता था, जो बहुत खर्चीला था। इसलिए कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी आर्थिक तंगी के कारण खिलने से पहले ही मुरझा जाते थे। परंतु अब सही मायनों में देश में शतरंज क्रांति हो गई है और पिछले चार वर्षों में देश को करीब 25 ग्रैंडमास्टर मिले हैं और यह संख्या अब 84 पहुंच गई है। गुकेश के कैंडिडेट्स खिताब जीतने पर गैरी कास्परोव ने कहा कि टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है। उन्होंने इसमें आनंद के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आनंद के बच्चे छाए हुए हैं। गुकेश को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए उनके माता-पिता ने भी काफी त्याग किया। जब गुकेश ने शतरंज में बेहतर करना शुरू किया तो डॉक्टर पिता को नौकरी छोड़नी पड़ी। क्योंकि विदेश में टूर्नामेंट होने के कारण वे मरीजों को समय नहीं दे पाते थे, ऐसे में उन्होंने अपना क्लीनिक बंद कर दिया। इसका नुकसान यह हुआ कि उनकी आय सीमित हो गई। गुकेश के टूर्नामेंट और परिवार के खर्च का बोझ मां पर आ गया। उस समय गुकेश को प्रायोजक नहीं मिल रहे थे जबकि विदेश में टूर्नामेंट खेलने का खर्च बहुत अधिक था। ऐसे में कई बार टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए उन्हें लोन तक लेने पड़े। डी गुकेश ने 7 साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। 2015 में उन्होंने अंडर-9 एशियन स्कूल चेस चैंपियनशिप जीती। इसके बाद 2018 में अंडर-12 कैटेगरी में वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप का खिताब जीता। 2017 में उन्होंने 34वें कैप्पेल-ला-ग्रांडे-ओपन में इंटरनेशनल मास्टर बनने के मानकों को पूरा कर लिया। सही मायनों में गुकेश के विश्व चैंपियन बनने पर ही भारतीय शतरंज को नई दिशा मिल सकती है। पहली बार कैंडिडेट्स खिताब जीतने वालों में केवल कार्लसन ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जो इस तरह 2013 में विश्व चैंपियन बन सके थे। इसके बाद 2020-21 तक वह इस खिताब पर कब्जा बनाए रखने में सफल रहे। चीनी ग्रैंडमास्टर डिंग लिरेन 2022 में नए विश्व चैंपियन बने। गुकेश के भाग्य का ताला अब डिंग लिरेन के मुकाबले से ही खुलना है।



**डी गुकेश ने 11 साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। 2015 में उन्होंने अंडर-9 एशियन स्कूल चेस चैंपियनशिप जीती। इसके बाद 2018 में अंडर-12 कैटेगरी में वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप का खिताब जीता। 2017 में उन्होंने 34वें कैप्पेल-ला-ग्रांडे-ओपन में इंटरनेशनल मास्टर बनने के मानकों को पूरा कर लिया। सही मायनों में गुकेश के विश्व चैंपियन बनने पर ही भारतीय शतरंज को नई दिशा मिल सकती है। पहली बार कैंडिडेट्स खिताब जीतने वालों में केवल कार्लसन ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जो इस तरह 2013 में विश्व चैंपियन बन सके थे। इसके बाद 2020-21 तक वह इस खिताब पर कब्जा बनाए रखने में सफल रहे। चीनी ग्रैंडमास्टर डिंग लिरेन 2022 में नए विश्व चैंपियन बने।**

# बस्तर में दम तोड़ता नक्सलवाद

राजीव रंजन प्रसाद

**बस्तर** संभाग के कुछ हिस्से अब भी नक्सलवाद की बची-खुची साख को कवच प्रदान कर रहे हैं। यहां नक्सलियों का किला अब लगभग ध्वस्त हो चला है, लेकिन बुझती हुई लौ की धमक कम घातक नहीं होती। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लिए बीते पांच वर्ष सुकून के रहे, क्योंकि न बड़े अभियान चले और न ही बड़े स्तर पर घेराबंदी हुई। यह विवेचना योग्य तथ्य है कि बार-बार कांग्रेस और वामपंथी नीम और करेले की बेल वाला मुहावरा सही सिद्ध करते क्यों प्रतीत होते हैं?

राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ और भाजपा की सरकार बनते ही बस्तर में नक्सल रणनीति आश्चर्यजनक रूप से बदल गई। अचानक नक्सल हमले तेजी से बढ़े और संभाग के माओवादी प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षाबलों को लक्षित कर लगातार हमले होने लगे। राज्य सरकार ने भी सक्रियता दिखाई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही अनेक बार यह प्रतिबद्धता दर्शा चुके हैं कि नक्सलवाद को बस्तर से ही नहीं, देश से निर्मूल करना है। राज्य में नक्सलियों के खिलाफ सरकार और सुरक्षाबलों की सक्रियता दो स्तरों पर दिखी। पहला, लगातार शिविर बना कर क्षेत्र में अभियान चलाए गए और सूचना आधारित लक्षित हमलों में तेजी लाई गई। शुरू में सरकार पर दबाव देखा जा रहा था, लेकिन अब लगता है कि नक्सली परेशानी में है, उनकी कमर टूट रही है।

कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में डीआरजी एवं बीएसएफ की टीम ने नक्सलियों को घेरकर बड़ी संख्या नक्सलियों को मार गिराया। यह कार्रवाई सटीक खुफिया सूचना के आधार पर की गई। यही कारण है कि सुरक्षाबल इस आमने-सामने की लड़ाई में नक्सलियों पर हावी दिखे। छत्तीसगढ़ के गठन के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं। आम तौर पर नक्सली अपने साथियों के शव साथ ले जाने में सफल रहते हैं। इसलिए हताहत नक्सलियों की संख्या का सही अनुमान लगाना संभव नहीं हो पाता था, परंतु इस बार परिस्थिति अलग थी। सुरक्षाबल योजना और तैयारी में नक्सलियों पर भारी पड़े। इसीलिए न केवल अभियान सफल रहा, अपितु सभी 29 नक्सलियों के शव भी बरामद कर लिए गए। योजना की सटीकता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिर्फ तीन जवान घायल हुए।

कांकेर में मिली सफलता इकलौती नहीं है। हाल के दिनों में बस्तर संभाग के दक्षिणी छोर में स्थित कोरचोली और लेंड्रा के जंगल में पुलिस ने मुठभेड़ में 13 नक्सलियों को मार गिराया था। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों का कहना है कि इस बार हताहतों की संख्या और बढ़ी है। मुठभेड़ में मारे गए आधा दर्जन से अधिक शव नक्सली अपने साथ ले जाने में कामयाब हुए हैं। यही नहीं, 10 घंटे तक चली मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सली घायल भी हुए हैं। नक्सली अब समझ रहे हैं कि बस्तर से उनके बाहर जाने का समय आ गया है।

राज्य और केंद्र सरकार के एक ही पृष्ठ पर आ जाने के कारण क्षेत्र में परिस्थितियां पूरी तरह से बदल रही हैं। सजगता का उदाहरण है कि केंद्रीय गृह मंत्री ने 22 जनवरी, 2024 को रायपुर में बैठक कर नक्सलवाद की समाप्ति के लिए तीन वर्ष की समय सीमा तय की थी। पिछले सप्ताह केंद्रीय गृह सचिव और आईबी प्रमुख ने दस राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस निदेशकों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बैठक में 'कश्मीर की तरह टारगेट बेस्ड ऑपरेशन' को लेकर विमर्श हुआ था। बहुधा नक्सली आक्रामक रहते थे और उनकी रणनीतियों, जाल और उनके घात लगाकर किए गए हमलों में सुरक्षाबल के जवान हताहत हो जाते थे, लेकिन अब सरकार ने अपने सूचना-तंत्र को जमीनी स्तर पर सशक्त किया है।

यह मिथक है कि बस्तर में नक्सलवाद किसी आंदोलन, शोषण या अपने आप से पैदा हुए गुस्से की वजह से पनपा। बस्तर में आदिम समाज के पास अपना विरोध-तंत्र तथा उनकी प्रतिक्रिया देने की शैली सामाजिक संगठन में ही अंतर्निहित थी। यही कारण है यहां विद्रोहों का मौलिक व लंबा इतिहास रहा है। वस्तुस्थिति यह थी कि गोदावरी नदी के एक ओर कोंडापल्ली सफल नहीं हो रहे थे। उन्हें नदी के दूसरी ओर बस्तर के जंगलों में अपने लड़ाकों के लिए सुरक्षित जगह बनाने का ख्याल कौंधा। उन्होंने योजना के अनुसार, 1980 के दौरान पांच से सात सदस्यों वाले अलग-अलग सात दल भेजे थे। चार दल दक्षिणी तेलंगाना के आदिलाबाद, खम्मम, करीमनगर और वारंगल की ओर, एक दल महाराष्ट्र के गढ़चिरौली तथा दो दल बस्तर की ओर भेजे गए।

पहले सर्वे का काम पूरा हुआ, फिर नाच-गाना के माध्यम से जनसमूह को आकर्षित किया गया। वनवासियों की सहानुभूति हासिल करने के लिए बांस से लेकर तेंदू पत्ता जैसे जंगल के उत्पादों की उचित मजदूरी देने की मांग उठाई गई। ठेकेदारों को गांव वालों के सामने मारा-पीटा गया। विश्व बैंक की एक योजना थी, जिसके तहत चीड़ के पेड़ लगाए जाने थे। इसका विरोध हुआ। अलग बात है कि चीड़ के पेड़ों के लिए बस्तर की जलवायु वैसे ही अनुपयुक्त है। सबसे बड़ी बात कि तेंदू पत्ता को लेकर सरकार को ठोस नीति बनानी पड़ी। ये मोटे-मोटे काम हैं, जो बस्तर में नक्सली अभियान की शुरुआत में किए गए। समानांतर रूप से नक्सली बस्तर अंचल में अपने लिए आधार क्षेत्र भी तैयार करते रहे और खुद को शक्तिशाली बनाने में लगे रहे। कोंडापल्ली सीतारमैया से मतभेद के बाद 1992 में मुलप्पा लक्ष्मण राव उर्फ गणपति पीपुल्स वार ग्रुप का कमांडर इन चीफ बना। 2 मार्च, 1993 को कोंडापल्ली सीतारमैय्या को आंध्र पुलिस ने कृष्णा जिले में गिरफ्तार कर लिया।

वर्ष 2004 से 2006 की बात है, जब कई माओवादी धड़े संगठित हुए। इसी दौरान आंध्र प्रदेश में भीषण दमनात्मक कार्रवाइयों के फलस्वरूप नक्सलियों ने अपने काडर के 1,800 से सदस्यों को खो दिया था। बस्तर के घुसने तथा स्वयं को संरक्षित करने की दृष्टि से नक्सलियों के लिए यह उचित समय था। इसी समय अबूझमाड़ नक्सली गतिविधियों का केंद्रीय स्थल बना। इसी समय बस्तर में कई विकास परियोजनाएं घोषित हुई, सलवा जुडूम आरंभ हुआ और सैंकड़ों राहत शिविरों में लाखों विस्थापित रहने लगे और गांवों में सन्नाटों ने बस्तियां बसाई। जब सलवा जुडूम का जवाब देने के लिए माओवादियों ने 'कोया भूमकाल मिलिशिया' का गठन किया और अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों के हजारों जनजातीय बंधुओं को गृह युद्ध की आहुति बनाया। छत्तीसगढ़ की परिधि के बाहर बस्तर की नक्सली गतिविधियों पर अत्यधिक रूमानियत भरे आलेख प्रकाशित होते रहे। अधिकांश किसी न किसी विचारधारा से प्रेरित थे। सलवा जुडूम का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अत्यधिक संगठित विरोध अनेकों गैर-सरकारी संगठनों तथा 'वाद-विशेष के बुद्धिजीवियों' ने किया। मामला अदालत में भी पहुंचा। दबावों ने अंततः इस अभियान की कमर तोड़ दी। सलवा जुडूम अध्याय का पटाक्षेप 2006 के अंत तक हो गया था।

इस बीच लगभग संपूर्ण बस्तर क्षेत्र में हत्याएं रोज-मर्रा की बात हो गई। 2005 में दंतेवाड़ा के एराबोर क्षेत्र में नक्सली हमले में 30 पुलिसकर्मी बलिदान हो गए। इसी तरह, जुलाई 2006 में एराबोर के सलवा जुडूम शिविर पर नक्सली हमला हुआ। नक्सलियों ने लगभग 500 झोपड़ियों में आग लगा दी थी, जिसमें 37 वनवासी मारे गए और सैकड़ों गंभीर रूप से घायल हुए थे। 2007 में नक्सलियों ने बीजापुर जिले के रानीबोदली पुलिस पोस्ट पर हमला कर 55 सुरक्षाकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया था। फिर जुलाई 2009 में राजनांदगांव जिले के मानपुर थाना क्षेत्र मदनपाड़ा गांव, खोड़ेगांव और कारकोटी के मध्य जंगल में पुलिस दल पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पुलिस अधीक्षक सहित 39 पुलिसकर्मी बलिदान हो गए। अब तक का सबसे बड़ा हमला 6 अप्रेल, 2010 की सुबह के छह बजे हुआ। सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के संयुक्त दल में शामिल लगभग सौ सुरक्षाकर्मी सड़क खोलने का काम पूरा कर लौट रहे थे। जब वे तारमेटला और चिंतलनार गांव के बीच जंगलों से होकर गुजरे तो नक्सलियों ने विस्फोट कर उनके वाहन को उड़ा दिया और जवानों पर गोलियों की बौछार कर दी। इस घटना में सीआरपीएफ के 76 जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। 25 मई, 2013 की घटना छत्तीसगढ़ के इतिहास में दर्ज है। जगदलपुर से 47 किलोमीटर दूर दरभा के झीरमघाट में माओवादियों ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सुकमा से जगदलपुर लौट रही कांग्रेस पार्टी के एक समूह पर दरभाघाटी में दो पहाड़ों के बीच हमला किया, जहां से किसी के लिए भी जान बचा कर भागना संभव नहीं था। बारूदी सुरंग विस्फोट के बाद



फायरिंग में पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा, राजनांदगांव के पूर्व विधायक उदय मुदलियार और स्थानीय नेता गोपी माधवानी सहित 29 लोगों की की मौत हो गई। इसके अलावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल और उनके बेटे दिनेश पटेल की भी नक्सलियों ने हत्या कर दी। बुरी तरह घायल वयोवृद्ध नेता विद्याचरण शुक्ल का दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हुआ। महेंद्र कर्मा को नक्सलियों ने न केवल बेरहमी से मारा, अपितु उनके शव पर नाच-कूद कर विजय जश्न मनाते रहे। इस हमले में नक्सलियों का क्रूरतम पैशाचिक चेहरा दिखा। लेकिन यह अंत नहीं था। यहां केवल प्रमुख घटनाओं को सूचीबद्ध किया गया है। ऐसी अनेक घटनाएं हैं, जैसे- अप्रेल 2017 को सुकमा में हमला हुआ, जिसमें 25 जवान बलिदान हुए थे। सुकमा में ही 2018 में आईईडी विस्फोट में सात जवान बलिदान हुए थे। अप्रेल 2021 को बीजापुर और सुकमा की सीमा पर घात में फंसकर 22 जवानों की जान गई थी। अप्रेल 2023 को दंतेवाड़ा के अरनपुर में हुए आईईडी ब्लास्ट में दस जवानों की जान चली गई थी।

कहने का अर्थ यह है कि नक्सली अब भी लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन यह भी तथ्य है कि बस्तर संभाग से नक्सलवाद की लौ फड़फड़ा रही है। केंद्र और राज्य सरकार के अद्भुत तालमेल और सुरक्षा एजेंसियों के वैशिष्ट समन्वय से निश्चित ही छत्तीसगढ़ जल्दी नक्सल मुक्त होगा। इस सत्य को झुठलाया नहीं जा सकता कि जमीनी स्तर पर नक्सलियों द्वारा जो क्रूरता की जाती है, उसे शहरी नक्सलियों द्वारा सही ठहराने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाती है। खून-खराबे और मध्ययुगीन बर्बरताओं को क्रांतिकारी जोश और जुनून जैसी लफ्फाजियों से लीपा-पोता जाता है और ऐसा करते हुए मानवाधिकार जैसी अवधारणाओं की धज्जियां उड़ाकर रख दी जाती हैं। किसी निरीह ग्रामीण, आदिवासी, सरपंच, पटेल या शिक्षक को मुखबिर या वर्ग शत्रु निरूपित कर आहिस्ता-आहिस्ता गला काटने वाले यही नृशंस लोग अपने ऊपर होने वाली किसी भी कार्रवाई का सामना शहरी नक्सलवादियों द्वारा बुनी गई मानव-अधिकार की ढाल से ही करते हैं। पुलिस, अर्धसैनिक बल अथवा सेना की प्रत्येक कार्रवाई पर प्रश्न खड़ा करने का इनका यही तौर तरीका है। वे सच्ची-झूठी, सत्यापित-असत्यापित, किसी भी घटना को वैश्विक बनाने की क्षमता रखते हैं।

शहरी नक्सल तंत्र इतना संगठित कार्य करता है कि देश केवल उनकी परोसी-गढ़ी खबरों पर ही चर्चा करता है। इसी बार देखिए, बस्तर देश का ऐसा इलाका है जहां रोज निर्मम और क्रूरतम तरीके से हत्या की जाती है, लेकिन मारे जाने वालों के अधिकार और मानवता जैसे विषय किसी के विमर्श में नहीं है। उनकी चर्चा के केंद्र में भी नहीं, जो अपने लेखन में जन पक्षधरता का दावा करते हैं। क्या बस्तर में रोज ही मारे जा रहे जनजातीय लोगें के लिए स्वर मुखर करना जन का पक्ष नहीं है?

**2005 में दंतेवाड़ा के एराबोर क्षेत्र में नक्सली हमले में 30 पुलिसकर्मी बलिदान हो गए। इसी तरह, जुलाई 2006 में एराबोर के सलवा जुडूम शिविर पर नक्सली हमला हुआ। नक्सलियों ने लगभग 500 झोपड़ियों में आग लगा दी थी, जिसमें 37 वनवासी मारे गए और सैकड़ों गंभीर रूप से घायल हुए थे। 2007 में नक्सलियों ने बीजापुर जिले के रानीबोदली पुलिस पोस्ट पर हमला कर 55 सुरक्षाकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया था। फिर जुलाई 2009 में राजनांदगांव जिले के मानपुर थाना क्षेत्र मदनपाड़ा गांव, खोड़ेगांव और कारकोटी के मध्य जंगल में पुलिस दल पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पुलिस अधीक्षक सहित 39 पुलिसकर्मी बलिदान हो गए। अब तक का सबसे बड़ा हमला 6 अप्रेल, 2010 की सुबह के छह बजे हुआ। सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के संयुक्त दल में शामिल लगभग सौ सुरक्षाकर्मी जब तारमेटला और चिंतलनार गांव के बीच जंगलों से गुजरे तो नक्सलियों ने विस्फोट कर उनके वाहन को उड़ा दिया और जवानों पर गोलियों की बौछार कर दी। इस घटना में सीआरपीएफ के 76 जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। 25 मई, 2013 की घटना छत्तीसगढ़ के इतिहास में दर्ज है। जगदलपुर से 47 किलोमीटर दूर दरभा के झीरमघाट में माओवादियों ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सुकमा से जगदलपुर लौट रही कांग्रेस पार्टी के एक समूह पर दरभाघाटी में दो पहाड़ों के बीच हमला किया,बारूदी सुरंग विस्फोट के बाद फायरिंग में पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा, राजनांदगांव के पूर्व विधायक उदय मुदलियार और स्थानीय नेता गोपी माधवानी सहित 29 लोगों की की मौत हो गई।**

# राशिफल

**आज दिनांक 27 अप्रेल, 2024, शनिवार, विक्रम संवत् 2081, वैसाख माह, कृष्ण पक्ष चतुर्थी, ज्येष्ठा नक्षत्र, विष्टी करण, परिघ योग, राहुकाल: सुबह 9:12 से 10:48 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:00 बजे, सूर्यास्त शाम 6:48 बजे, चंद्रोदय रात 10:13 बजे, चंद्रास्त सुबह 8:51 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर: 11:58 से 12:50, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:23 से 5:11 बजे तक, चंद्रमा वृश्चिक राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन कई मायनों में खास रहने वाला है। विद्यार्थियों को पूर्व में दी गई किसी परीक्षा का परिणाम प्राप्त हो सकता है। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर थोड़ा परेशान रह सकते हैं। किसी पर आंख बंद कर भरोसा करना नुकसान दे सकता है। ननिहाल पक्ष से आपको अच्छी खबर मिल सकती है।




आज का दिन ऊर्जा से भरपूर निकलने की उम्मीद है। किसी जरूरी काम के चक्कर में थोड़ा परेशान रह सकते हैं। स्वभाव चिड़चिड़ा रहने की संभावना है। परिवार के लोगों की कोई बात चुभ सकती है। धार्मिक कार्यों में मन लगा रहेगा।




आज का दिन आत्मविश्वास से लबरेज रहने की उम्मीद है। जल्दबाजी में कोई काम करने से बड़ी चूक संभव है। नौकरी में अधिकारियों द्वारा सम्मान मिल सकता है। किसी अजनबी पर भरोसा नुकसान दे सकता है। शारीरिक परेशानी पर चिकित्सकीय परामर्श लेवें। परिवार संग यात्रा का योग बन रहा है।




आज के दिन व्यापार में आय के नए स्रोत मिलने के आसार हैं। कारोबार के लिहाज से उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। तोल मोल कर बात करने का नुकसान होगा। मित्रों के कहने में आकर बड़ा निवेश करने से बचें, अन्यथा नुकसान होगा।




आज का दिन मिश्रित रूप से फलदायी रहने की संभावना है। लेनदेन के मामलों में कुछ परेशानी रह सकती है। पारिवारिक रिश्तों में चल रही नाराजगी दूर हो सकती है। बेरोजगारों की आज कामकाज की तलाश पूरी होने की संभावना है। मित्रों के साथ किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बन सकती है।




आज के दिन विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिल सकता है। सरकारी नौकरी के जातकों को ट्रांसफर से जुड़ी खबर मिल सकती है। व्यापार की बिगड़ी स्थिति को संभालने में समय निकलेगा। कार्यक्षेत्र में योग्यता अनुसार काम मिल सकता है। स्वास्थ्य बेहतर रहने की पूरी उम्मीद है।




आज के दिन सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी हो सकती है। किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं। संतान के करियर को लेकर जल्दबाजी में लिए गए फैसले से नुकसान हो सकता है। जीवनसाथी का भरपूर पूरा सहयोग मिलेगा।




आज के दिन परिवार के किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में साझेदारी में काम को लेकर फायदे की उम्मीद बनी रहेगी। माता-पिता की सलाह मानने का लाभ होगा। दूरसंचार के साधनों में बढ़ोतरी हो सकती है।




आज के दिन नौकरी करने वाले जातकों के लिए अच्छा रहेगा। नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना है। सगे संबंधियों के साथ कुछ सुखद पलों को साझा करने का वक्त मिलेगा। विवाह में आ रही बाधा दूर होने की संभावना है। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा परेशान रह सकते हैं।




आज का दिन मिलाजुला रहने की उम्मीद है। विद्यार्थियों का पढ़ाई से मन छिटक सकता है। रचनात्मक योजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुधरने से प्रसन्न रहेंगे। माता पिता के सहयोग से नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। गृहस्थ जीवन आनंदमय बना रहेगा।




आज का दिन सूझबूझ दिखाकर आगे बढ़ने से लाभ होगा। रक्त संबंधित रिश्ते में मजबूती आने की पूरी संभावना है। किसी काम के नीति नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। लेनदेन के मामले में आप स्पष्टता बनाए रखें, अन्यथा समस्या हो सकती है।




आज का दिन आर्थिक तंगी से परेशान रह सकते हैं। व्यापार में आपका फंसा हुआ धन मिल सकता है। किसी से किया हुआ वादा पूरा नहीं करने से आपको समस्या हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा सतर्क रहें। जीवनसाथी के साथ छोटी दूरी की यात्रा पर जाने का योग बन रहा है।

# किसान और चट्टान

प्रेरक प्रसंग

**एक** किसान था। वह एक बड़े से खेत में खेती किया करता था। उस खेत के बीचो-बीच पत्थर का एक हिस्सा जमीन से ऊपर निकला हुआ था जिससे ठोकर खाकर वह कई बार गिर चुका था और ना जाने कितनी ही बार उससे टकराकर खेती के औजार भी टूट चुके थे।

रोजाना की तरह आज भी वह सुबह-सुबह खेती करने पहुंचा पर जो सालों से होता आ रहा था एक वही हुआ, एक बार फिर किसान का हल पत्थर से टकराकर टूट गया। इससे किसान क्रोधित हो उठा, और उसने मन ही मन सोचा कि आज जो भी हो जाए वह इस चट्टान को जमीन से निकाल कर इस खेत के बाहर फेंक देगा। वह तुरंत भागा और गांव से 4-5 लोगों को बुला लाया और सभी को लेकर वह उस पत्थर के पास पहुंचा।

' मित्रों ', किसान बोला , ' ये देखो जमीन से निकले चट्टान के इस हिस्से ने मेरा बहुत नुकसान किया है, और आज हम सभी को मिलकर इसे जड़ से निकालना है और खेत के बाहर फेंक देना है।'

और ऐसा कहते ही वह फावड़े से पत्थर के किनारे वार करने लगा, पर ये क्या! अभी उसने एक-दो बार ही मारा था कि पूरा-का पूरा पत्थर जमीन से बाहर निकल आया। साथ खड़े लोग भी अचरज में पड़ गए और उन्हीं में से एक ने हंसते हुए पूछा ,' क्यों भाई , तुम तो कहते थे कि तुम्हारे खेत के बीच में एक बड़ी सी चट्टान दबी हुई है, पर ये तो एक मामूली सा पत्थर निकला?'

किसान भी आश्चर्य में पड़ गया सालों से जिसे वह एक भारी-भरकम चट्टान समझ रहा था दरअसल वह बस एक छोटा सा पत्थर था ! उसे पछतावा हुआ कि काश उसने पहले ही इसे निकालने का प्रयास किया होता तो न उसे इतना नुकसान उठाना पड़ता और ना ही दोस्तों के सामने उसका मजाक बनता।

**सीखः** इस किसान की तरह ही हम भी कई बार जिंदगी में आने वाली छोटी-छोटी बाधाओं को बहुत बड़ा समझ लेते हैं और उनसे निपटने की बजाए तकलीफ उठाते रहते हैं। जरूरत इस बात की है कि हम बिना समय गंवाएं उन मुसीबतों से लड़ें, और जब हम ऐसा करेंगे तो कुछ ही समय में चट्टान सी दिखने वाली समस्या एक छोटे से पत्थर के समान दिखने लगेगी जिसे हम आसानी से ठोकर मार कर आगे बढ़ सकते हैं।

# सुडोकु 1737

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | 7 | | 8 | |
| | | 4 | | | 5 | | | |
| | | | | | | 3 | 4 | |
| | 9 | | 3 | | | 1 | | |
| | 6 | 7 | | | | | | |
| | 4 | 8 | | | 1 | 9 | | |
| | 8 | | 7 | | | | 6 | |
| | 7 | 1 | | 8 | 6 | 4 | 5 | |
| | | 5 | | | | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

## सुडोकु 1736 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 1 | 7 | 8 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 7 | 3 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 4 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 4 | 8 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
Facebook YouTube Twitter



## न्यूज इन बॉक्स

### ईरान से डील करने पर एक्शन

## अमेरिका ने भारत की तीन कंपनियों पर लगाई पाबंदी

**वाशिंगटन**

अमेरिका ने एक दर्जन से ज्यादा ऐसी कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी हैं, जिन्होंने ईरान के साथ कारोबार किया था। इनमें भारत की भी तीन कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों पर आरोप है कि ईरान की ओर से यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को ड्रोन भेजे गए थे और इस डील में इनकी ओर से मदद की गई थी। अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट का कहना है कि हमने जांच में पाया है कि इन कंपनियों ने ईरान के साथ रूस की डील में मदद की थी। अमेरिकी विभाग के अनुसार इस डील में मुख्य कंपनी सहारा थंडर थी, जिसने ईरान के ड्रोंस को दूसरे देशों में बेचने में मदद की। सहारा थंडर को इस डील में मदद करने का आरोप भारत की तीन कंपनियों जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर लगा है। अमेरिकी एजेंसी के अनुसार ईरानी सैन्य यूनिट सहारा थंडर एक विशाल शिपिंग नेटवर्क वाली कंपनी है। यह ईरान के रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय (एमओडीएएफएल) की ओर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी), रूस, वेनेजुएला और कई देशों में ईरानी वस्तुओं की बिक्री करती है।

सहारा थंडर ने कुक आइलैंड्स-ध्वजांकित जहाज सीएचईएम (आईएमओ 9240914) के लिए भारत स्थित जेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाइम-चार्टर के साथ करार किया है। इसका प्रबंधन और संचालन संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेफ सीज़ शिप मैनेजमेंट एफजेडई द्वारा किया जाता है। ट्रेजरी विभाग ने कहा है, 'सहारा थंडर ने 2022 से वस्तुओं के कई जहाज भेजने के लिए सीएचईएम का उपयोग किया है। ईरान स्थित असांग सेफ ट्रेडिंग कंपनी ने सीएचईएम सहित कई सहारा थंडर-संबंधित जहाज परिवहन में सेवाएं प्रदान की हैं।'

ट्रेजरी के अनुसार, ईरान स्थित एशिया मरीन क्राउन एजेंसी ने कई सहारा थंडर शिपमेंट में सहयोग करते हुए ईरान के बंदर अब्बास में बंदरगाह एजेंट के रूप में काम किया है। इसमें कहा गया है, 'भारत स्थित सी आर्टशिप मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और यूएई स्थित कंपनी ट्रांस गल्फ एजेंसी एलएलसी ने सहारा थंडर के समर्थन में जहाजों का प्रबंधन करने के लिए मिलकर काम किया है। इसके एवज में यूएई और ईरान स्थित कोरल ट्रेडिंग ईएसटी ने सहारा थंडर से ईरानी वस्तुएं खरीदी हैं।'

### ब्रिटेन में खुली पहली सिख अदालत

**लंदन**

ब्रिटिश में सिख समुदाय के वकीलों ने पारिवारिक और नागरिक विवादों में फंसे समुदाय के लोगों के लिए विवाद समाधान मंच के रूप में एक नई अदालत स्थापित की है। ब्रिटेन की एक मीडिया रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। द टाइम्स के मुताबिक पिछले सप्ताहांत लंदन के लिंकन इन के ओल्ड हॉल में धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ एक समारोह में सिख अदालत की शुरुआत की गई थी। लंदन के 33 वर्षीय वकील बलदीप सिंह ने अखबार को बताया कि यह एक धार्मिक न्यायाधिकरण नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सिख सिद्धांतों के अनुरूप संघर्ष और विवादों से निपटने के दौरान जरूरत के समय सिख परिवारों की सहायता करना है।

### ब्रह्मोस से तीसरे देश को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए...

# भारत ने फिलीपींस को दिया ब्रह्मास्त्र तो आगबबूला हुआ चीन

**बीजिंग**




भारत की ओर से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की डिलीवरी फिलीपींस को मिलने के बाद चीन की बौखलाहट सामने आई है। फिलीपींस को ऐसे समय भारत से मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी मिली है, जब उसका बीजिंग के बीच साउथ चाइना सी में तनाव है। फिलीपींस को मिसाइल की पहली खेप पहुंचने के एक हफ्ते बाद चीनी सेना की ओर से इस पर बयान दिया गया है। गुरुवार को भारत द्वारा फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की डिलीवरी पर हुए सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग में इस बात का ख्याल रखा जाए कि इससे किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचे।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कंपनी वू कियान ने कहा, 'चीन हमेशा मानता है कि दो देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरा नहीं होना चाहिए।' वू ने दक्षिण चीन सागर विवाद में चीन और फिलीपींस के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच इस महीने फिलीपींस में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात करने के लिए अमेरिका की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा, 'एशिया-प्रशांत में अमेरिका की ओर से बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती का हम कड़ा विरोध करते हैं। अमेरिका का यह कदम क्षेत्रीय देशों की सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डालते हुए क्षेत्रीय शांति को खतरा पैदा करता है।' दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल और स्कारबोरो शोल को लेकर चीन और फिलीपींस के बीच तनाव है। फिलीपींस ने चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने और अपनी रक्षात्मक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारत से ब्रह्मोस मिसाइलों का अधिग्रहण किया है, ये उसकी अपनी रक्षात्मक क्षमताओं को बढ़ाने की तरफ एक अहम रणनीतिक कदम है। दूसरी ओर भारत भी चीन के विस्तारवादी रवैये को देखते हुए फिलीपींस के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ा रहा है। ऐसे में चीन इससे सशंकित नजर आ रहा है।

भारत और फिलीपींस के बीच हथियारों का ये सौदा 2022 में हुआ था। इस डील में तीन मिसाइल बैटरी, ऑपरेटर और अनुरक्षक प्रशिक्षण और एक एकीकृत लॉजिस्टिक्स सपोर्ट (आईएलएस) पैकेज शामिल है। प्रत्येक मिसाइल बैटरी में आम तौर पर दो या तीन मिसाइल ट्यूबों के साथ तीन मोबाइल स्वायत्त लांचर होते हैं, जो अपेक्षित ट्रैकिंग सिस्टम के साथ होते हैं। फिलीपींस को मिली ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल की मारक क्षमता 290 किलोमीटर है।

### ड्रैगन का जासूसी जहाज मालदीव लौटा

# चीन के साथ खुलकर आए मुइज्जू भारत का विरोध किया दरकिनार

**माले**

चीनी समुद्री कथित अनुसंधान पोत जियांग यांग होंग 03 मालदीव वापस लौट आया है। भारत की ओर से चीनी जहाज की माले में मौजूदगी पर एतराज को मालदीव की मोहम्मद मोइज्जू की सरकार ने दरनिकार करते हुए फिर से इसको एंट्री दे दी है। न्यूज पोर्टल अधाधु डॉट कॉम के मुताबिक गुरुवार सुबह चीनी जहाज थिलाफुशी औद्योगिक द्वीप के बंदरगाह पर खड़ा किया गया था। मालदीव की मुइज्जू सरकार ने जहाज को डॉक करने की अनुमति की पुष्टि की है लेकिन इसकी वापसी की वजह का खुलासा नहीं किया है।

मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सीमा के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद जहाज पहली बार 22 फरवरी को माले पहुंचा था। छह दिन बाद जहाज वापस ईईजेड सीमा पर चला गया। जहाज अब ईईजेड को पार करने के बाद वापस आ गया है। जियांग यांग होंग 03 जनवरी से मालदीव क्षेत्र के अंदर या उसके आसपास सक्रिय है। ये जहाज हिंद महासागर में काफी समय बिताने के बाद फरवरी में मालदीव पहुंचा था और करीब एक हफ्ते बाद लौट आया था। भारत की चिंताओं के बावजूद चीन के करीबी मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इसको फिर से इजाजत दे दी है।



ये चीनी जहाज जासूसी के लिए बदनाम रहा है। इसको एंट्री देने की इजाजत पर मालदीव के विदेश मंत्रालय ने 23 जनवरी को जारी बयान में कहा था कि चीन की सरकार द्वारा मालदीव की सरकार से पोर्ट कॉल करने और कर्मियों के रोटेशन के लिए आवश्यक मंजूरी के लिए एक राजनयिक अनुरोध किया गया था। रक्षा मंत्री घासन मौमून ने बीते माह, मार्च में संसद में कहा था कि चीनी पोत मालदीव के जलक्षेत्र के अंदर कोई शोध नहीं करेगा। उन्होंने साफ किया था कि मालदीव क्षेत्र में कोई शोध करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

### अमेरिका के विश्वविद्यालयों में फिलीस्तीन समर्थकों का हिंसक प्रदर्शन

**ऑस्टिन**

इजराइल-हमास युद्ध के खिलाफ अमेरिका के विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया है। कई विश्वविद्यालयों में प्रदर्शनों को खत्म करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़पें हुई हैं। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

लॉस एंजिल्स पुलिस ने कहा कि दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प के बाद पुलिस ने बुधवार रात 93 लोगों को गिरफ्तार किया। रॉयटर्स के अनुसार, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने अपने परिसर को बंद करने की घोषणा की है।

## ईरान, मिसाइल, मानवाधिकार... अमेरिका ने चलाया डंडा तो बौखलाया पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम राईसी का जोरदार स्वागत करने वाले पाकिस्तान पर अमेरिका बुरी तरह भड़क गया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने मानवाधिकारों के हालात को लेकर पाकिस्तान को जमकर फटकार लगाई है। इसके बाद पाकिस्तान का विदेश मंत्रालय बौखला गया है और उसने अमेरिका पर अप्रत्याशित हमला बोला है। पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिका की रिपोर्ट को 'अनुचित, गलत सूचना पर आधारित और जमीनी हालात से पूरी तरह से हटकर करार दिया है।' पाकिस्तान ने कहा कि अमेरिकी रिपोर्ट गलत तथ्य पर आधारित है। पाकिस्तान ने कश्मीर और गाजा का जिक्र करके कहा कि अमेरिका दोहरा रवैया अपना रहा है।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह रिपोर्ट निष्पक्षता में कमी को दिखाता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने अमेरिका के कथित दोहरे चरित्र की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह बहुत ही चिंताजनक है कि इस रिपोर्ट में गाजा और कश्मीर के मानवाधिकारों के हालात को या तो अनदेखा किया गया है या फिर कम करके दिखाया गया है। पाकिस्तान ने दावा किया गाजा और कश्मीर मानवाधिकारों के उल्लंघन के अरजेंट हॉट स्पॉट बन गए हैं। पाकिस्तानी प्रवक्ता ने कहा कि यह रिपोर्ट पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। पाकिस्तान ने कहा कि गाजा में 33 हजार लोगों की हत्या कर दी गई जिसे रिपोर्ट में अनदेखा किया गया है। अमेरिका ने इस नरसंहार पर चुप्पी साध रखी है।

### बदल सकता है लड़ाई का रुख

## रूस से लड़ रहे यूक्रेन को अमेरिका ने भेजा 'गेम-चेंजिंग' हथियार

**कीव**

दो साल से ज्यादा समय से रूस के साथ लड़ रहे यूक्रेन को अमेरिका ने एक अहम हथियार दिया है। ये गम चेंजर हथियार लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें हैं, जो रूस के अंदर टारगेट पर हमला करने में सक्षम हैं। अमेरिका गुप्त रूप से ये मिसाइलें यूक्रेन पहुंचाई हैं। अपनी खासियत के चलते ये मिसाइल किसी भी लड़ाई का रुख मोड़ सकती हैं। ये निश्चित ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, जो बीते कुछ समय में युद्ध के मैदान में मिली सफलताओं के बाद यूक्रेन पर नियंत्रण की ओर देख रहे हैं।

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले हफ्ते पहली बार यूक्रेन ने क्रीमिया में एक सैन्य अड्डे पर और कब्जे वाले यूक्रेन में रूसी सेना पर दो जबरदस्त हमलों में एटीएसीएमएस मिसाइल का इस्तेमाल किया। इसके बाद बुधवार को ये बताया गया कि अमेरिका ने कुछ समय पहले गुप्त रूप से लंबी दूरी की एटीएसीएमएस (आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम) यूक्रेन को भेज दी है। अमेरिका से यूक्रेन



को मिली सतह से सतह पर मार करने वाली ये सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलें 500 पाउंड के वॉरहेड से सुसज्जित हैं। ये केवल पांच मिनट में 300 किमी दूर लक्ष्य तक पहुंच सकती हैं। ये स्पीड यूक्रेन को यूके से मिली स्टॉर्म शैडोज की गति से तीन गुना ज्यादा है। यूक्रेन लंबे समय से एटीएसीएमएस को लेने की कोशिश कर रहा था। एटीएसीएमएस को एम-42 हिमार्स आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम से लॉन्च किया जा सकता है। हाल के समय में यूक्रेन की सेना ने क्रीमिया में रूसी सैन्य अड्डे और यूक्रेन में कब्जे वाले क्षेत्र में रूसी सेना पर हमला करने के लिए अपनी नई मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इन हमलों की कुछ फुटेज भी सामने आई हैं, इनमें दिख रहा है कि हमले में गोला-बारूद भंडार को नष्ट कर दिया गया।

## स्पोर्ट्स

## भारतीय पुरुष टीम की नजरें थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर

**विशेष संवाददाता**

**चेंगडू।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने



के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरुष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है। अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा।

भारत को 'ग्रुप ऑफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं।

तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में ऑल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा,' यह वर्ष कठिन होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं।'

दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आए हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिए हैं। लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे। दो साल पहले सभी छह मैच जीतने वाले किदाम्बी श्रीकांत 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप फाइनल हार गए थे। तीसरे एकल की जिम्मेदारी प्रियांशु राजावत को भी दी जा सकती है जो बैंकाक में टीम का हिस्सा थे और पिछले साल ओरलियंस सुपर 300 खिताब जीता।

युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शट्टी ने विश्व टूर पर लगातार चार फाइनल जीते हैं।

उनके अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होगी। उबेर कप में अष्मिता चालिहा भारत की युवा टीम की अगुवाई करेंगी। भारत के धुरंधर खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर खेलने के लिए इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। भारत को ग्रुप ए में कनाडा, चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है। टीम में चालिहा के अलावा राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब, ईशारानी बरूआ और तन्वी शर्मा हैं।

## वर्ल्डकप 2024 में अय्यर और इशान किशन को नहीं मिलेगा मौका, आईपीएल में अभी तक रहे हैं फ्लॉप

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्वकप को लेकर बीसीसीआई जल्द ही घोषणा कर सकती हैं। ऐसे में फैंस की नजरें अब भारतीय टीम पर लगी हैं। क्योंकि आईपीएल 2024 में कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो अभी तक शानदार प्रदर्शन करने में नाकामयाब रहे हैं।

टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 1 जून से होगी। इस बार टूर्नामेंट की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका कर रहे हैं। जल्द ही सभी टीमें विश्वकप को लेकर अपनी-अपनी टीमों की घोषणा कर सकती हैं।

ऐसे में फैंस की नजरें अब भारतीय टीम पर बनी हैं। क्योंकि आईपीएल 2024 में कछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो अभी तक शानदार




प्रदर्शन करने में नाकामयाब रहे हैं। तो चलिए जानते हैं वो कौन से 2 खिलाड़ी हैं जिन्हें भारतीय चयनकर्ता वर्ल्डकप में मौका देने के लिए विचार करेंगे।

**श्रेयस अय्यर:** आईपीएल 2024 में केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर अपनी बल्लेबाजी के दौरान काफी संघर्ष करते दिखाई दे रहे हैं। हमेशा से अय्यर के लिए शॉट गेंदबाजी एक बड़ी समस्या रही है।

एक बार फिर से यह सामने निकलकर आ रही है। आईपीएल 2024 में अय्यर को कई बार शॉट बॉल पर आउट होते हुए देखा गया है। अय्यर के बल्ले से अभी तक इस सीजन एक अर्धशतक निकला है। श्रेयस अय्यर ने अभी तक 7 मैचों में 180 रन बनाए हैं।

**ईशान किशन:** मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के लिए भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम इंडिया में जगह बना पाना मुश्किल है। इस सीजन में ईशान ने रोहित शर्मा के साथ मिलकर टीम को तेज शुरुआत जरूर दिला रहे हैं लेकिन वे ज्यादा लंबी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। उनके अब तक के प्रदर्शन पर गौर करें तो इस सीजन में ईशान के बल्ले से एक अर्धशतक निकला है। 8 मैचों में ईशान किशन के बल्ले से अभी तक 192 रन निकले हैं।

## अक्षत चतुर्थ संस्करण डीपीटील में फोर्टिस हॉस्पिटल व केसी मेमोरियल रॉयल पहुंचे अगले चरण में



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** मेडिकोज सोशल वैलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस लीग में जय क्लब में रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल ने एसएमएस टॉरपेडोज को 4-0 से, मलोत हॉस्पिटल ने निशांत टीम को 2-1 से, नी राइडर्स ने सैंडी स्ट्राइकर्स को 2-1 से व रेटिना रेकुटीयर्स ने रवींद्र हॉस्पिटल को 4-0 से हराया। लीग आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि एक अन्य मैच में केसी मेमोरियल ने रेटिना रेकुटीयर्स को 4-0 से हराया। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. ओम मील ने बताया कि टीम सवाई चैंप्स ने थापर टाइटंस को 4-0 से, फोर्टिस हॉस्पिटल ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल को 4-0 से हराया। लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि दूसरे अन्य मैचों में आदित्य ने अर्चन को 6-1 से, दीपक -अक्षय ने आधार-विपुल को 6-0 से, पुनीत-संदीप ने रजत सुधांशु की जोड़ी को 6-4 से हराया।

## विजयेंद्र कुलकर्णी टेनिस चैंपियनशिप में प्रेयांश तंवर को दोहरा खिताब




**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** विजयेंद्र कुलकर्णी मेमोरियल अखिल भारतीय बालक 16 आयु वर्ग टेनिस चैंपियनशिप अजमेर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रेयांश तंवर ने हेथार्थ सोमपुरा को 6-1, 6-2 से व युगल में गुजरात के हृदयाश के साथ हेथार्थ सोमपुरा व मोहम्मद आरिफ को 4-6, 6-2, 10-8 से हराया। प्रतियोगिता में प्रेयांश तंवर ने दोहरा खिताब जीता। प्रेयांश ने दोहरा खिताब कोच फतेह सिंह के निर्देशन में जीता।

## दिल्ली कैपिटल्स का सामना खराब फार्म से जूझ रही मुंबई से, आज होगी भिड़ंत

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली।

पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा। दूसरी ओर खराब शुरुआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत



की फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली। संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी20 विश्व कप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है। जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बल्लेबाजी की है। पिछले मैच में डेविड वॉर्नर की जगह खेलने वाले शाई होप कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की टीम में वापसी हो सकती है।

ट्रिस्टन स्टब्स प्रभावी रहे हैं जबकि गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आने वाले अक्षर पटेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। कुलदीप यादव और अक्षर ने स्पिन गेंदबाजी का कमाल दिखाया है लेकिन दिल्ली के तेज गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया ने 14 के आसपास के इकॉनॉमी रेट से रन दिए हैं। खलील अहमद, मुकेश कुमार और ईशांत शर्मा भी प्रभावी नहीं रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे।

रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान किशन और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ट्रंपकार्ड रहे हैं जिन्होंने छह के करीब की औसत से 13 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने 10 . 10 की इकॉनॉमी रेट से 12 विकेट लिए हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव,डेवाल्ड ब्रेविस,जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित

## न्यूज ब्रीफ

### तेलंगाना बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन से आहत 7 छात्र-छात्राओं ने की आत्महत्या

महानगर संवाददाता

**हैदराबाद।** परीक्षा में असफलता के कारण पिछले 48 घंटों में पूरे तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की कथित तौर पर आत्महत्या करने की जानकारी सामने आई है। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एग्जामिनेशन ने 24 अप्रेल को प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के परिणाम घोषित किए थे।

**महबुबाबाद में दो लड़कियों ने दी जान:** महबुबाबाद के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, परीक्षा में असफल होने के बाद दो छात्राओं ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। जिले के एक गांव में एक छात्रा ने अपने आवास पर फंदा लगा लिया तो दूसरी ने कुएं में छलांग लगा दी।

(पूर्वी क्षेत्र) के पुलिस उपायुक्त आर गिरिधर ने कहा कि प्रथम वर्ष के एक छात्र ने परीक्षा में असफल होने के बाद सुल्तान बाजार पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत कथित तौर पर अपनी जान दे दी।

**रेलवे ट्रैक के पास मृत मिला एक छात्र**

शहर के नल्लाकुंटा इलाके का रहने वाला एक और लड़का जडचेरला में एक रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। पुलिस को संदेह है कि उसकी मौत का कारण परीक्षा में खराब प्रदर्शन है। मंचेरियल जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट मिली है कि इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष के तीन छात्रों ने परीक्षा में असफल होने के कारण अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या कर ली है।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा को झटका, बीरभूम से उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन खारिज

महानगर संवाददाता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। बीरभूम से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन रद्द हो गया है। पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' पेश करने में विफल रहे। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने उनका पर्चा खारिज कर दिया। देबाशीष धर ने पिछले महीने आईपीएस पद से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें बीरभूम से उम्मीदवार बनाया गया था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा ने अब देबतनु भट्टाचार्य को बीरभूम से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने पर्चा भी भर दिया है। बीरभूम निर्वाचन क्षेत्र में चौथे चरण में 13 मई को वोटिंग होनी है। टीएमसी ने बीरभूम से मौजूदा सांसद शताब्दी रॉय को फिर से उम्मीदवार बनाया है।

**टीएमसी का गढ़:** बीरभूम को टीएमसी का गढ़ माना जाता है। हालांकि, इस बार टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल के जेल में होने के कारण बीरभूम में टीएमसी को



कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद थी। हालांकि, देबाशीष के नामांकन रद्द होने से भाजपा को बड़ा झटका लगा है।

बीरभूम लोकसभा क्षेत्र में सात विधानसभा क्षेत्र-रामपुरहाट, हासन, सिउड़ी, सैंथिया, दुबराजपुर, नलहाटी और मुरारई विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें छह पर टीएमसी और एक पर बीजेपी का कब्जा है।

**2019 में टीएमसी ने हासिल की जीत:** बता दें कि 2021 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद राज्य सरकार ने देबाशीष धर को निलंबित कर दिया था। देबाशीष धर जब कूचबिहार के एसपी थे, तब सीतलकुची में मतदान के दौरान हिंसा हो गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से टीएमसी की शताब्दी रॉय ने बीजेपी के दूधकुमार मंडल को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई थी।

### छत्तीसगढ़ चुनाव ड्यूटी में लगे जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

महानगर संवाददाता

**गरियाबंद।** महासमुंद लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले गरियाबंद में एक जवान ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। जवान ने सर्विस राइफल से अपने सिर पर गोली चलाई जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना पीपरछेड़ी थाना क्षेत्र के कूड़ेरादादर की है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र गरियाबंद में मतदान के लिए भारी संख्या में जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। छत्तीसगढ़ के जवानों के साथ ही आस पास के राज्यों से भी फोर्स बुलाई गई है। मध्यप्रदेश के राजपुर के रहने वाले जियालाल पवार की गरियाबंद में चुनाव ड्यूटी लगाई गई थी। जवानों को प्राथमिक स्कूल भवन में रुकवाय गया था। शुक्रवार को गरियाबंद में वोटिंग हो रही थी। इसी दौरान जवान जियालाल ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली।

**मौके से नहीं मिला कोई सुसाइड नोट, 2 राउंड चली गोली:** मृतक 34वीं बटालियन की ए कंपनी में प्रधान आरक्षक के रूप में पदस्थ था। उसने ये आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसका पता फिलहाल नहीं चल पाया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। राइफल घटनास्थल पर पड़ी हुई है। राइफल से 2 राउंड गोली चली है। जांच जारी है। महासमुंद लोकसभा सीट में तीन जिले महासमुंद, गरियाबंद , धमतरी आते हैं। इन तीन जिलों के आठ विधानसभा महासमुंद, खल्लारी, बसना, सरायपाली, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, धमतरी, कुरुद में मतदान हो रहा है।

- मध्य प्रदेश आर्म्स फोर्स के आरक्षक ने गोली चलाकर खुदकुशी कर ली है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 20 राउंड की राइफल मिली थी। 2 राउंड गोली चली है। जांच चल रही है।

**संतोष साहू, थाना प्रभारी, पीपरछेड़ी**

### मणिपुर में कद्दू में छिपाकर रखा गया 3.5 करोड़ रुपए का ड्रग्स जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**इंफाल।** असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को कद्दू के अंदर



छिपाकर रखी गई 3.5 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की, जिसके पड़ोसी देश म्यांमार से तस्करी कर लाए जाने का संदेह है। पुलिस ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने जिरीबाम में फिरजावल जिले के टिपाईमुख से दक्षिणी असम के कछार की ओर जा रहे एक पिकअप ट्रक को रोका और दो ड्रग तस्करों - अब्दुल मन्नान मजूमदार और खलील उल्ला बारभुइया को गिरफ्तार किया। निरीक्षण करने पर सुरक्षाकर्मियों को 30 साबुन के डिब्बों में 363.45 ग्राम हेरोइन मिली, जो अन्य सब्जियों के साथ पिकअप ट्रक में लदे कद्दू में छिपाई गई थी। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हिरासत में लिए गए लोगों और जब्त किए गए नशीले पदार्थों को जिरीबाम थाने के हवाले कर दिया गया है।

## एक नागरिक और जवान घायल

# सोपोर में मुठभेड़ दूसरे दिन भी जारी, दो दहशतगर्द ढेर

महानगर संवाददाता

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के सोपोर में गुरुवार रात शुरू हुई मुठभेड़ शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। ताजा जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने दो दहशतगर्दों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ सोपोर के मोहल्ला नोपोरा में हुई। इस गोलीबारी में एक नागरिक और एक जवान भी घायल हुआ है।

सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि यहां कुछ आतंकी छिपे हुए हैं। इसके बाद इलाके की घेराबंदी की गई। खुद को घिरता देख दहशतगर्दों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। आतंकियों की इस कायराना हरकत का सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पूरी रात




इलाके में गोलियों की आवाजें गूंजती रहीं। जानकारी सामने आ रही है कि इस मुठभेड़ में एक नागरिक और एक जवान भी घायल हुआ है। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दोनों की पहचान नहीं हो पाई है।

### उरी में आतंकी मददगार पिस्टल के साथ गिरफ्तार

इससे पहले सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उरी में लश्कर-ए-तोएबा से जुड़े एक आतंकी मददगार को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन व 20 कारतूस मिले हैं। बारामुला पुलिस और सेना की 8वीं राष्ट्रीय राइफल्स ने एक सूचना के आधार पर उरी के कमलकूट मंडयान क्षेत्र में संयुक्त गश्त की गई। इस दौरान पैदल जा रहे एक व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध नजर आई। सुरक्षा बलों को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन सतर्क गश्ती दल ने उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उसकी पहचान फारूक अहमद खोकर पुत्र सलामदीन खोकर निवासी कालसी कमलकूट के रूप में हुई है। उससे बरामद हथियारों के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### सोपोर में शैक्षणिक संस्थान बंद रखने का आदेश- एडीसी

सोपोर तहसील के शैक्षणिक संस्थानों को शुक्रवार को बंद रखा गया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीसी) सोपोर ने इसे लेकर आदेश जारी किया है।

## प्रधानमंत्री ने पूर्व पीएम के बयान पर साधा निशाना-कहा मनमोहन सिंह का नया वीडियो आया सामने'

# मुसलमानों को पहला हक वाली बात बार-बार कही थी: मोदी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के 'संसाधनों पर हक' वाले बयान को लेकर आज फिर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब मैं कांग्रेस की ओर से सिर्फ मुसलमानों को प्राथमिकता दिए जाने की बात करता हूं, इंडी गठबंधन का भेदभावपूर्ण रवैया देश के सामने रखता हूं... तो कुछ लोग आग बबूला हो जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'वे लोग पिछले एक हफ्ते से मेरे बाल नोचने में लगे हैं। आज मैं इन सबको चुनौती देता हूं। पहले आप यह बात समझ लो, 25 साल हो गए और आपने मुझे डराने की बहुत कोशिश की मगर अभी तक नहीं डरा पाए हो। अब कोशिश बंद कर दो।'

नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'इन्होंने यहां तक झूठ फैलाया कि डॉ. मनमोहन सिंह ने ऐसा कहा ही नहीं था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। लेकिन कांग्रेस नेताओं को आइना दिखाने वाला डॉ. मनमोहन सिंह का एक और पुराना वीडियो सामने आया है। इसमें फिर से वह यही कह रहे हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। उन्होंने कहा, 'यह नया वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस के पूरे इकोसिस्टम को मानो सांप सूंघ गया हो। जो मीडिया पहले के बयान को गलत ठहरा रही थी, उसने भी चुप्पी साध ली है। मैंने देखा कि मेरे ऊपर निशाना साधने के लिए क्या कुछ किया जा रहा था।'



### वीडियो क्लिप में क्या कहते हैं डॉ. सिंह

वीडियो क्लिप में डॉ. मनमोहन सिंह यह कहते सुनाई देते हैं, 'मैंने कहा अल्पसंख्यक, खासतौर से मुस्लिम अल्पसंख्यक अगर वे गरीब हैं तो देश के संसाधनों पर हक को लेकर उन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए।' भाजपा की ओर से कहा गया कि मनमोहन सिंह का यह दावा उनके पिछले बयान पर कांग्रेस की अफवाहों को नकारता है। यह हमारे उस दावे का समर्थन करता है कि मुसलमानों को तरजीह देना कांग्रेस पार्टी की नीति रही है। आरक्षण से लेकर संसाधनों तक... हर चीज में मुसलमानों को प्राथमिकता देने की कांग्रेस की मानसिकता का यह सबूत है।

### भाजपा ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया वीडियो

बीजेपी के एक्स अकाउंट से डॉ. मनमोहन सिंह के बयान का वीडियो क्लिप शेयर किया गया। इसके कैप्शन में लिखा गया, 'अप्रेल 2009: लोकसभा चुनाव से पहले डॉ. मनमोहन सिंह ने अपना बयान दोहराया था। उन्होंने कहा कि जब देश के संसाधनों की बात आती है तो अल्पसंख्यकों (विशेष रूप से गरीब मुसलमानों) को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह अपने पहले के दावे पर कायम हैं, जब कहा कि संसाधनों की बात है तो मुसलमानों का पहला अधिकार होना चाहिए।'

### दूसरे चरण के मतदान के बीच संदेशखाली मामले को लेकर कई इलाकों में सीबीआई की छापेमारी, हथियार बरामद




महानगर संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान के बीच संदेशखाली मामले में सीबीआई ने राज्य के कई इलाकों में शुक्रवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्होंने हथियार बरामद किया।

**क्या था मामला:** कोलकाता से 100 किमी दूर सुंदरबन के सीमावर्ती इलाकों में बसे संदेशखाली में पिछले एक साल से हिंसा जारी है। दरअसल, गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे। इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता भी संदेशखाली में प्रदर्शन कर रहे हैं। शाहजहां शेख राशन घोटाले में आरोपी है और बीते दिनों ईडी टीम पर हुए हमले में भी वह आरोपी है। वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया था।

## पूर्णिया लोकसभा चुनाव से पहले हुआ हंगामा

### डमी ईवीएम के साथ निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के चार समर्थक गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**पूर्णिया ।** पूर्णिया लोकसभा चुनाव के मतदान से 12 घंटे पहले सियासी हंगामा मच गया है, जहां निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के चार कार्यकर्ताओं को पुलिस ने डमी ईवीएम एवं थार गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टी सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने की है। सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि देर रात्रि में निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के कुछ समर्थक थार गाड़ी के साथ घूम-घूम कर प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने वाहन जांच के दौरान रात्रि में प्रचार करते हुए चार समर्थकों को डमी ईवीएम के साथ गिरफ्तार किया गया है। साथ ही थाड़ गाड़ी को पुलिस ने जब्त किया है। मामला सहायक खजांची थाना क्षेत्र का मामला है।



दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर पूर्णिया लोक सभा अंतर्गत प्रचार प्रसार बुधवार शाम 6 बजे ही थम गया था। पुलिस का कहना है कि आज दिन में भी पूर्णिया लोक सभा अंतर्गत कोढ़ा विधान सभा क्षेत्र में बिना अनुमति के ही पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ घूम रहे थे। साथ ही पप्पू यादव जिस गाड़ी से कोढ़ा में घूमते पाए गए, उन्हें चलाने की अनुमति भी नहीं दी गई थी। पप्पू यादव प्रशासन की अनुमति के बिना अपने समर्थकों के साथ चार गाड़ियों से भ्रमण करते पाए गए थे। जिसके बाद कटिहार डीएसपी अभिजीत सिंह ने पप्पू यादव की गाड़ी को जब्त कर कोढ़ा थाने में मामला दर्ज कराया। वहीं पप्पू यादव ने डीएसपी अभिजीत सिंह पर अपने पावर का दुरुपयोग और बदतमीजी करने का आरोप लगाया था।

## 20 लाख देकर बचाई जान

### दूल्हे ने दहेज में मांगी 15 बीघा जमीन, लड़की वालों ने बारात को बनाया बंधक

महानगर संवाददाता

**रुड़की।** हरिद्वार जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र में दूल्हे और बारात को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि दूल्हे ने दहेज में 15 बीघा जमीन की मांग की थी। दूल्हे की इस मांग को लड़की वालों ने मानने से इनकार कर दिया, जिसके बाद दूल्हा बिफर गया। फिर क्या था लड़की वालों ने भी दूल्हे समेत पूरी बारात को बंधक बना लिया। दूल्हे के परिजनों ने करीब 20 लाख रुपए देकर अपनी जान छुड़ाई।

जानकारी के मुताबिक मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले युवक का रिश्ता भगवानपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती से हुआ था। गुरुवार 25 अप्रेल को वर पक्ष बारात लेकर दुल्हन के यहां पहुंचा था। बताया जा रहा है कि लड़की वालों की तरफ से गिफ्ट के तौर पर दूल्हे को दहेज का सारा सामान और उसकी पसंद की कार खरीदने के लिए करीब दस लाख रुपए नकद दिए गए थे, जिससे दूल्हे ने



स्विफ्ट कार खरीदी है।

बताया जा रहा है कि दूल्हे को दहेज में मिला कुछ सामान पसंद नहीं आया था, जिस पर दुल्हन के परिजनों ने वह सामान बदलकर दूसरा भेज दिया। इतना सब कुछ मिलने के बाद भी दूल्हे और उसके परिजनों की डिमांड कम नहीं हो रही थी। बताया जा रहा है कि गुरुवार को निकाह पढ़ने से पहले दूल्हे ने दहेज में 15 बीघा जमीन की और डिमांड कर दी, जिस पर दुल्हन के परिवार के लोगों को गुस्सा आ गया। बता दें कि दुल्हन के माता-पिता नहीं हैं। उसके ताऊ और ताई ने शादी का पूरा खर्च उठाया है। दूल्हे की इस डिमांड पर लड़की वालों को भी गुस्सा आ गया और उन्होंने जमीन देने से इनकार कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। वहीं लड़की वालों ने भी निकाह करने से इनकार कर दिया। मामला इतना बढ़ा कि लड़की के घर वालों ने दूल्हे के पिता को चारपाई पर लिटा कर उसे कमरे में बंद कर दिया और बारात को बंधक बनाकर इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। फिर गांव के प्रतिष्ठित लोगों के साथ मिलकर बीच का रास्ता निकाला। इसके बाद लड़की वालों ने शादी के खर्च हुए रुपयों की मांग लड़के वालों के आगे रखी। आखिर में 20 लाख रुपए में मामला तय हुआ। अंत में दूल्हे को बिना दुल्हन के ही बारात के साथ बैरंग लौटना पड़ गया।

## पटना के बाद दरभंगा में बड़ा हादसा

# शादी में आतिशबाजी से सिलेंडर और डीजल के गैलन में धमाका, छह की मौत

महानगर संवाददाता

**दरभंगा।** पटना के पाल होटल के बाद अब दरभंगा में भीषण आग की चपेट में आने से परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। गुरुवार मध्य रात्रि को बाराती शादी समारोह में आतिशबाजी कर रहे थे। पटाखे की चिंगारी से पहले टैंट में आग लग गई। देखते ही देखते पूरे पंडाल में आग फैल गई। इस दौरान वहां रखे सिलेंडर ब्लास्ट करने लगे। इससे निकली आग रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के गैलन में लग गई। इस कारण आग ने भयानक रूप ले लिया। रामचंद्र पासवान के परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। कुछ लोगों की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी मिलने



पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी इस घटना पर दुःख व्यक्त किया है।

**बाराती आए और जमकर आतिशबाजी करने लगे:** घटना जिले के अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना के अंटोर गांव की है। बताया जा रहा है कि छगन पासवान की बेटी की शादी थी। बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध पड़ोसी रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बाराती आए और जमकर आतिशबाजी करने लगे। इस कारण पंडाल में आग लग गई। सिलेंडर और डीजल के गैलन में ब्लास्ट से आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते रामचंद्र पासवान के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। घर में मौजूद परिजन जब तक संभल पाते तब तक आग सभी कमरों में फैल चुकी थी।

**पंडाल की आग ने घर को भी अपनी जद में ले लिया:** घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोग आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे लेकिन सफल नहीं हो पाए। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम यहां पहुंचती तब तक रामचंद्र पासवान के घर में मौजूद छह लोग आग की चपेट में आ गए। मरने वालों में रामचंद्र पासवान के पुत्र सुनील पासवान उनकी पत्नी और बहन कंचन देवी व उनके दो पुत्र और एक पुत्री शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा जिले के अलीगढ़ नगर प्रखंड के एंटर गांव में बारात के दौरान आग लगने की घटना में 6 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया दिशा-निर्देशों में जल्द करेगा बदलाव

# बैंकिंग नियामक साइबर ठगी पर कसेगा नकेल, संदिग्ध खाते होंगे फ्रीज

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारतीय रिज़र्व बैंक साइबर अपराधों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले संदिग्ध बैंक खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज करने की योजना बना रहा है। आरबीआई इसके लिए जल्द ही अपने दिशा-निर्देशों में बदलाव कर सकता है। नए निर्देशों के तहत बैंकों को यह अधिकार मिल जाएगा कि वे ऐसे संदिग्ध खाते अस्थायी रूप से बंद कर सकेंगे। यह योजना तब सामने आई है, तब आंतरिक सरकारी आंकड़ों से पता चला कि साइबर धोखाधड़ी के कारण 2021 से वित्तीय संस्थानों में करीब 1.26 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

एक अनुमान के मुताबिक, हर दिन धोखाधड़ी वाले करीब 4,000 खाते खोले जाते हैं। प्रतिदिन हजारों भारतीयों के बैंक खातों में फोन कॉल के जरिये सेंध लगाने की कोशिश की जाती है।

**पीड़ितों को पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से मिलेगी मुक्ति:** ऐसी घटनाओं पर नकेल कसने के लिए आरबीआई बैंकों को संदिग्ध खातों के फ्रीज करने का अधिकार दे सकता है। इससे पीड़ितों को पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से मुक्ति मिलेगी। अभी बैंक ऐसे खातों को तब फ्रीज करते हैं, जब पुलिस रिपोर्ट दर्ज करती है। इस प्रक्रि या में लंबा समय लग जाता है।

#### बदमाशों के अन्य खाते भी किए जाएंगे निलंबित

बैंकिंग नियामक गृह मंत्रालय की साइबर धोखाधड़ी से लड़ने वाली एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर बैंकों के लिए अपने दिशा-निर्देश में संशोधन करेगा। इसके तहत, बदमाश खाताधारकों के नाम और विवरण का उपयोग अन्य बैंकों में खोले गए अधिक खातों को उजागर कर उन्हें भी निलंबित करने के लिए किया जाएगा। सरकार ने पिछले तीन महीनों में ऐसे 2.50 लाख संदिग्ध खातों को निलंबित किया है।

## उदय कोटक को भारी नुकसान एक दिन में डूबे 10 हजार करोड़

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** देश के बड़े प्राइवेट बैंकों में शामिल कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में गुरुवार को करीब 12 फीसदी गिरावट आई। आरबीआई ने बुधवार को बैंक पर ऑनलाइन एवं मोबाइल बैंकिंग के जरिए नए ग्राहकों को जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर तत्काल प्रभाव से पाबंदी लगा दी थी। इसका असर गुरुवार को बैंक के शेयरों पर दिखा। बीएसई पर कंपनी का शेयर 10.85 फीसदी गिरकर 1,643 रुपए पर बंद हुआ। इतना ही नहीं कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक को भी इस फैसले से बड़ा झटका लगा है। शेयरों में गिरावट से कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर और नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उदय कोटक की नेटवर्थ में भी भारी गिरावट देखने को मिली।

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक, उनकी नेटवर्थ में गुरुवार को 1.24 अरब डॉलर यानी करीब 10,328 करोड़ रुपए की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 13.1 अरब डॉलर रह गई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 155वें नंबर पर खिसक गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 1.52 अरब डॉलर की गिरावट आई है। कोटक महिंद्रा बैंक में उदय कोटक की 25.71 फीसदी हिस्सेदारी है। शेयरों में गिरावट के साथ ही बैंक का मार्केट कैप गिरकर 3,26,615.40 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक का मार्केट कैप 3,66,383.76 करोड़ रुपए था। एक दिन में कंपनी को 39,768.36 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### बेंगलुरु में मतदान के बाद बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

# 'विरासत टैक्स सीधे मध्यम वर्ग पर डालेगा प्रतिकूल असर'

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेगलूरु में मतदान करने के बाद विरासत टैक्स पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालता है, जिससे उनकी गाढ़ी कमाई प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि यह सीधे मध्यम वर्ग पर प्रहार करता है। वे कड़ी मेहनत करते हैं, उनका पसीना और मेहनत इधर-उधर की छोटी-छोटी बचतों के रूप में बचती है या तो वे सपनों का घर खरीद लेते हैं या कुछ फिक्स्ड डिपॉजिट रख लेते हैं। अगर विरासत टैक्स लगाई जाती है तो ये सभी प्रभावित होंगे।

वित्त मंत्री सीतारमण ने ये बातें बेंगलुरु के जयनगर में लोकसभा आम चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद कही। उन्होंने कहा कि मेहनत की कमाई से पैसे बचाने के लिए किसी को दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

वित्त मंत्री की ओर से यह प्रतिक्रिया सैम पित्रोदा की ओर से विरासत टैक्स पर चर्चा शुरू करने के बाद आई। उन्होंने कहा कि केवल अपना बचत बनाए रखने के लिए पैसे जोड़ने वालों को दंडित करने से पिछले कई दशकों में हासिल आर्थिक लाभ सामाप्त हो सकता है।

उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि 1968 में एक अनिवार्य जमा योजना थी जहां लोगों की जमा राशि 18 प्रतिशत 20 प्रतिशत थी। इसमें से कुछ छीन लिया गया। उस समय उसका कोई कारण नहीं बताया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर धन सर्जकों को सिर्फ इसलिए दंडित किया जाएगा कि उनके पास कुछ पैसा बचा हुआ है, तो पिछले 10 वर्षों में हुई भारत की प्रगति शून्य हो जाएगी।

उन्होंने ने कांग्रेस के समय की उस स्थिति को भी याद किया जब 90 फीसदी कर की दर लागू की गई थी। वित्त मंत्री ने इसके साथ ही समाजवादी मॉडल और वर्तमान सरकार के दृष्टिकोण के बीच विरोधाभास का भी उल्लेख किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 90 फीसदी कर लगाया था। आप शायद विश्वास नहीं करेंगे कि वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में कुछ भी याद नहीं होगा या पता भी नहीं होगा। एक ऐसा भारत था जहां कांग्रेस के शासन में हम अपने की ओर से अर्जित सभी आय का 90 फीसदी कर के रूप में भुगतान करते थे। क्या यह वह समाजवादी मॉडल है, जिसके साथ कांग्रेस पार्टी सहज है।

## माइक्रोसॉफ्ट को तीसरी तिमाही में 21.9 बिलियन की शुद्ध आय अर्जित

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी तीसरी तिमाही में 61.9 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया है, जो 17 प्रतिशत अधिक है, जबकि शुद्ध आय 20 प्रतिशत बढ़ कर 21.9 अरब डॉलर हो गई है।

माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला के अनुसार, को-पायलट और को-पायलट स्टैक एआई ट्रांसफॉर्मेशन के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, जिससे हर रोल और इंडस्ट्री में बेहतर बिजनेस के परिणाम सामने आ रहे हैं। अर्निंग कॉल के दौरान उन्होंने एनालिस्ट से कहा, हमारा एआई इनोवेशन ओपनएआई के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहा है। फॉर्च्यून 500 के 65 प्रतिशत से ज्यादा लोग अब एज्योर ओपनएआई सर्विस का उपयोग करते हैं। 31 मार्च को समाप्त तिमाही में माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड का राजस्व 35.1 बिलियन डॉलर था, जो साल-दर-साल 23 प्रतिशत अधिक था। नडेला ने कहा कि कुल मिलाकर, हम सभी इंडस्ट्री के लीडर्स से बड़े एज्योर डील्स में बढ़ोतरी देख रहे हैं, जिसमें क्लाउड सॉफ्टवेयर ग्रुप और कोका-कोला कंपनी की ओर से इस महीने घोषित अरबों डॉलर से ज्यादा बहुवर्षीय प्रतिबद्धताएं भी शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट के पास अब 350,000 से ज्यादा पेड कस्टमर हैं। गिटहब को-पायलट पर, 1.8 मिलियन पेड सब्सक्राइबर हैं और तिमाही दर तिमाही 35 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हो रही है। नडेला ने कहा, हम शुरुआत में उपयोग की तीव्रता में वृद्धि देख रहे हैं, जिसमें टीमों में प्रति यूजर को पायलट-असिस्ट वाले इंटरैक्शन की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि, बिजनेस प्रोसेस वर्कफ्लो और एंटरप्राइज नॉलेज के साथ ग्रुप एक्टिविटी को जोड़ना शामिल है। जब डिवाइस की बात आती है, तो विंडोज में को-पायलट अब लगभग 225 मिलियन विंडोज 10 और विंडोज 11 पीसी पर उपलब्ध है, जो तिमाही दर तिमाही में दो गुना ज्यादा है।

### स्थिर आर्थिक नीतियों और सामान्य मानसून से बढ़ी मांग

# दिसंबर तक 25,800 के स्तर तक पहुंच सकता है निफ्टी

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** ब्रोकरेज कंपनी प्रभुदास लीलाधर ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मानक सूचकांक निफ्टी के इस साल दिसंबर तक 25,800 के स्तर तक पहुंचने की संभावना जताई है।

कंपनी ने रिपोर्ट में कहा कि स्थिर आर्थिक नीतियों और सामान्य मानसून से मांग बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए शेयर बाजार में तेजी का माहौल बने रहने की उम्मीद है। इस तेजी के बीच दिसंबर के अंत में निफ्टी 25,800 अंक तक पहुंच सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, निफ्टी इस साल दिसंबर अंत तक अपने मौजूदा स्तर से 3,239.65 अंक यानी 14.35 प्रतिशत तक ऊपर जा सकता है। निफ्टी इस समय 22,570.35 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

प्रभुदास लीलाधर के संस्थागत शोध प्रमुख अमनीश अग्रवाल ने कहा कि हाल ही में निफ्टी अपने सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था, लेकिन बाद में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने, कच्चे तेल और जिंसों की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर समायोजन पर अलग-अलग नजरिया सामने आने से इसमें लगभग चार प्रतिशत की गिरावट आ गई। अग्रवाल ने कहा कि दिसंबर 2024 तक निफ्टी के 25,810 के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है।

प्रभुदास लीलाधर ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा कि निफ्टी के बढ़ने का श्रेय राजग सरकार की निरंतरता और सामान्य मानसून को जाता है। इससे नीतियों में स्थिरता आने और मांग बढ़ने की उम्मीद है। इस समय देश भर में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है और जून के पहले हफ्ते में नई सरकार का गठन होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चुनाव-पूर्व सर्वेक्षणों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत की भविष्यवाणी के बावजूद बाजार के लिहाज से जून का पहला हफ्ता महत्वपूर्ण होगा।

## मुनाफा वसूली से सेंसेक्स-निफ्टी टूटा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र में निवेशकों की मुनाफा वसूली के चलते भारतीय शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बैंकिंग स्टॉक्स में बिकवाली के चलते बाजार में गिरावट देखने को मिली। हालांकि मिडकैप स्टॉक्स में खरीदारी के चलते निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स रिकॉर्ड हाई पर बंद हुआ। कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 609 अंकों की गिरावट के साथ 73,730 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 150 अंकों की गिरावट के साथ 22,419 अंकों पर बंद हुआ।

सेंसेक्स निफ्टी में गिरावट के बावजूद मिडकैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में खरीदारी के चलते मार्केट कैप रिकॉर्ड हाई पर बंद हुआ। बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 404.46 लाख करोड़ रुपए पर बंद हुआ है, जो पिछला कारोबारी सत्र में 404.09 लाख करोड़ रुपए रहा था। सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 37000 करोड़ रुपए का उछाल देखने को मिला।

## 422 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स तक पहुंचा स्नैपचैट

### 10 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट इस साल पहली तिमाही में 422 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स तक पहुंच गया, जो 39 मिलियन या 10 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि है। पहली तिमाही में इसकी मूल कंपनी स्नैप का राजस्व 21 प्रतिशत (सालाना) बढ़कर 1.195 बिलियन डॉलर हो गया, जो इसके विज्ञापन प्लेटफॉर्म में किए गए सुधारों और इसके डायरेक्ट-रिस्पांस (डीआर) विज्ञापन समाधानों की मांग में वृद्धि से प्रेरित है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि हम अपने राजस्व स्रोतों में प्रगति जारी रख रहे हैं, पहली तिमाही में स्नैपचैट प्लस के सब्सक्राइबर्स की संख्या 9 मिलियन से ज्यादा हो गई। तिमाही में, ग्लोबल स्तर पर कंटेंट देखने में बिताए गए कुल समय में साल-दर-साल वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से स्पॉटलाइट और क्रिएटर स्टोरीज देखने में बिताए गए कुल समय में मजबूत वृद्धि के चलते हुई। कंपनी ने बताया कि स्पॉटलाइट कंटेंट देखने में बिताया गया कुल समय साल-दर-साल 125 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गया है। स्नैप ने कहा कि कंटेंट जुड़ाव को और गहरा करने के लिए वह तीन प्रमुख क्षेत्रों पर फोकस कर रहा है। कंपनी ने कहा कि सबसे पहले, हम अपनी सभी कंटेंट सरफेस पर कंटेंट रैंकिंग और पर्सनलाइजिंग में सुधार के लिए अपने मशीन-लर्निंग (एमएल) मॉडल में निवेश करना जारी रखेंगे। दूसरा, हम क्रिएटर्स को समर्थन और पुरस्कृत कर क्रिएटर कम्युनिटी और कंटेंट की विविधता को बढ़ा रहे हैं। इसके आगे कहा गया कि तीसरा, हम अपनी सर्विस में संबंधों को बेहतर बनाने के लिए कंटेंट एक्सपीरियंस और फीचर्स को बढ़ा रहे हैं।

### सिंघानिया के साथ चल रहा है सेटलमेंट विवाद

## रेमंड ग्रुप की कंपनियों ने नवाज मोदी को बोर्ड से बाहर किया

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** रेमंड ग्रुप के प्रमुख गौतम सिंघानिया और नवाज मोदी-सिंघानिया के बीच विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस दंपति ने पिछले साल नवंबर में तलाक की घोषणा की थी, लेकिन उसके बाद से ही दोनों के बीच सेटलमेंट को लेकर विवाद चल रहा है। रेमंड ग्रुप की तीन कंपनियों जेके इन्वेस्टर्स, रेमंड कंज्यूमर केयर और स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व ने नवाज मोदी-सिंघानिया को अपने बोर्ड से बाहर कर दिया है। इन कंपनियों ने बताया कि 31 मार्च को हुई ईजीएम में यह फैसला लिया गया। हालांकि ग्रुप की लिस्टेड कंपनी रेमंड नवाज मोदी-सिंघानिया को अपने बोर्ड से निकालने के लिए अब तक कोई प्रस्ताव लेकर नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उन्हें रेमंड के बोर्ड से निकाले जाने की आशंका है।

गौरतलब है कि नवाज मोदी-सिंघानिया को जून 2015 में जेके इन्वेस्टर्स का डायरेक्टर बनाया गया था। उन्हें दिसंबर 2020 में रेमंड कंज्यूमर केयर और अक्टूबर, 2017 में स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व के बोर्ड में जगह मिली थी। जब उन्हें यह जानकारी मिली कि उन्हें स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व और रेमंड कंज्यूमर केयर के बोर्ड से हटा दिया गया है तो वह इन कंपनियों के बोर्ड में पेश हुईं। नवाज मोदी-सिंघानिया ने मुंबई में रेमंड के ऑफिस में जाने से पहले कहा, जबसे मैंने सिंघानिया के कारनामों की पोल खोलनी शुरू की है तब से मेरे साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। पहले मेरे साथ मारपीट हुई और अब मुझे बाहर कर दिया गया है।

## ज्वेलर्स एसोसिएशन का रफ जैमस्टोन एवं कट जैमस्टोन शो आज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ज्वेलर्स एसोसिएशन जयपुर की ओर से आयोजित एक दिवसीय रफ एवं कट जैम स्टोन शो के 25वें संस्करण का आयोजन शनिवार को जनोपयोगी भवन, जनता कॉलानी में किया जाएगा।

ज्वेलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष डीपी खंडेलवाल ने बताया कि शो के मुख्य अतिथि नेशनल जैम एंड ज्वेलरी कॉउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन प्रमोद डेरेवाला होंगे। यह शो मुख्य रूप से रत्न खदानों को बाजार से जोड़ने पर केंद्रित है और उन सभी आभूषण निर्माताओं के लिए लाभकारी भूमिका निभाता है, जो रत्नों की एक नई श्रृंखला की तलाश कर रहे हैं एवं आगामी त्यौहार एवं अन्य शो के लिए रत्नों का स्टॉक करना चाहते हैं।

एसोसिएशन के मानद मंत्री नीरज लुणावत ने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाजार में भिन्न-भिन्न प्रकार की खरड़ की आपूर्ति को बनाए रखना है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शो के दौरान मिले ऑर्डर्स की आपूर्ति के लिए जौहरी इस प्रदर्शनी से खरीददारी कर पाएंगे। शो के संयोजक अभिषेक सांड के अनुसार इस बार शो में 81 बूथों पर प्रतिभागियों की ओर से भिन्न-भिन्न प्रकार के कटस्टोन एंव खरड़ को प्रदर्शित किया जाएगा। शो में प्रतिभागियों को बहुत ही न्यूनतम दर पर बूथ दी गई है। उन्होंने बताया कि इस बार शो में करीब 1500 विजिटर्स के आने की संभावना है।

## आईसीआईसीआई बैंक के 17 हजार क्रेडिट कार्ड ब्लॉक

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश के टॉप बैंकों में शुमार आईसीआईसीआई बैंक ने अपने 17000 ग्राहकों का क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कर दिया है। दरअसल आईसीआईसीआई बैंक की मोबाइल ऐप आई मोबाइल की सर्विसेज में दिक्कतें आ रही थी। बैंक के मुताबिक, हाल ही में जारी किए गए लगभग 17,000 क्रेडिट कार्ड का ब्योरा गलत उपयोगकर्ताओं से जुड़ने का मामला सामने आने के बाद सारे कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि हालांकि इस मामले में किसी भी कार्ड के किसी दुरुपयोग की सूचना नहीं है, लेकिन ग्राहक को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान होने पर वह उसका मुआवजा देने को तैयार है।

**इसलिए लिया फैसला:** दरअसल, बैंक ने यह फैसला इसलिए लिया, क्योंकि बैंक के नए ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड का नंबर कुछ पुराने ग्राहकों के कार्ड के साथ गलती से जुड़ गए थे। इस गड़बड़ी की वजह से बैंक के मोबाइल ऐप पर चुनिंदा पुराने ग्राहकों को नए कार्डधारकों का पूरा ब्यौरा दिखने लगा था। सोशल मीडिया पर बुधवार शाम से ही बैंक की इस गलती को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि अब इसे सुधार लिया गया है।

### रेटिंग एजेंसी डेलॉयट ने लगाया अनुमान

# चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 6.6 फीसदी तक रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है।

प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने तिमाही के आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं।

डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है, क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद में कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की भी संभावना है। मजूमदार ने कहा कि मजबूत आर्थिक गतिविधि के दम पर पूर्वानुमानित अवधि में मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य स्तर चार प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है।

## सेवा निर्यात 11 फीसदी बढ़कर 345 अरब डॉलर

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने 2023 में 345 अरब डॉलर के सेवाओं का निर्यात किया। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में 11.4 फीसदी अधिक है। इस अवधि में चीन का सेवा निर्यात 10.1 फीसदी घटकर 381 अरब डॉलर रह गया। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हालांकि, 2023 में भारत का सेवा आयात एक साल पहले की तुलना में 0.4 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब डॉलर रह गया।

# खुशहाल नहीं था मेरा बचपन, शुरू से किया सफलता पर फोकस : सामंथा रुथ प्रभु



**मशहूर** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने अपने पॉडकास्ट 'टेक 20' पर अपने लाइफ एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही मेरा फोकस सफलता पर था।

पॉडकास्ट 'टेक 20' के एक एपिसोड में सामंथा ने वेलनेस कोच और न्यूट्रिशनिस्ट अलकेश शारोत्री के साथ कुछ परिस्थितियों में शरीर में आने वाले बदलाव या परेशानियों पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, 'मेरा मानना था कि थकावट और आराम की जरूरत कमजोरी के लक्षण हैं। मुझे केवल छह घंटे की नींद और पूरे दिन असाधारण रूप से प्रोडक्टिव होने पर गर्व है।'

'थकावट महसूस करने के बावजूद, मैंने 13 सालों तक बिना रुके जमकर मेहनत की।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'मेरा बचपन लग्जरियस नहीं था, इसलिए कम उम्र से ही मैंने सफलता पर फोकस करना शुरू कर दिया। मुझे जीवन में 'कुछ कर दिखाने' की उम्मीद का दबाव महसूस हुआ, लेकिन लगातार यह धारणा बनी रही कि मैं उतनी अच्छी नहीं हूं, इसलिए यह मेरे लिए सफल होने के लिए मोटिवेशन का कारण बन गया।'

'पुष्पा : द राइज' के सॉन्ग 'ऊ अंतावा' में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतने वाली सामंथा ने कहा कि लोग अक्सर एक्टिंग को ग्लैमरस मानते हैं, जो कि पूरा सच नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत कड़ी मेहनत वाला काम है, खासकर तब जब आप लगातार सुर्खियों में हों और आपको आंका जा रहा हो। मैंने इस इंडस्ट्री में तब शुरुआत की जब मैं सिर्फ 22-23 साल की थी और कुछ लड़कियां इससे भी कम उम्र में शुरुआत करती हैं।' अपनी जर्नी पर बात करते हुए सामंथा ने कहा, 'मैं बचपन से ही दूसरों को खुद को परिभाषित करने देती रही हूं। यह एक ऐसा पैटर्न है, जहां मैंने दूसरों को खुश करने और उनकी मंजूरी लेने के लिए अथक प्रयास किया। मेरे अपने विचार, भावनाएं और इच्छाएं महत्वपूर्ण हैं। सफलता हासिल करने के बाद डर उभर कर सामने आया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने सफलता हासिल की, तो मुझे इसे खोने का डर था, मैं तुरंत अगली बड़ी उपलब्धि की तलाश में लग गई। इसलिए, मेरा मानना है कि मैं अपने पूरे कॅरियर में फ्लाइट या फ्लाइट मोड में रही हूं। सामंथा जल्द ही ओटीटी सीरीज 'सिटाडेल : हनी बन्नी' में वरुण धवन के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

# 5 बॉलीवुड फिल्में, जो रिलीज के बाद बनीं कल्ट क्लासिक, जिन्हें लोग आज भी देखना पसंद करते हैं



**बॉलीवुड** में हर तरह की फिल्में बनती रही हैं, लेकिन उनमें से कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जो रिलीज के बाद लोगों के लिए एक मिसाल बन गई। ऐसी खास फिल्मों को लोग आज भी देखना पसंद करते हैं। इन कल्ट क्लासिक फिल्मों में मदर इंडिया, अंदाज अपना-अपना, रॉकस्टार, जाने भो दो यारों, मेरा नाम जोकर तक शामिल हैं। आइए जानते हैं इन फिल्मों की खासियत कि ये आज भी लोगों को क्यों पसंद हैं।

## मदर इंडिया



**सुनील** दत्त और नरगिस की फिल्म 'मदर इंडिया' साल 1957 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का डायरेक्शन महबूब खान ने किया था। हिंदी सिनेमा के इतिहास में 'मदर इंडिया' सबसे पॉपुलर फिल्मों में से एक मानी जाती है। जब भी कल्ट क्लासिक फिल्मों की बात होती है तो इस मूवी का जिक्र जरूर होता है। 'मदर इंडिया' में नरगिस और सुनील दत्त के अभिनय को लोगों ने खूब सराहा।

## अंदाज अपना-अपना



**फिल्म** 'अंदाज अपना अपना' एक कॉमेड्री-ड्रामा थी। यह साल 1994 में रिलीज हुई थी। 'अंदाज अपना अपना' में सलमान खान और आमिर खान ने अहम किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था। इस फिल्म में आमिर और सलमान की केमेस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई थी।

## जाने भो दो यारों



**साल** 1983 में रिलीज हुई फिल्म जाने भी दो यारों लोगों को आज भी पसंद है। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, रवि बासवानी, सतीश कौशिक और सतीश शाह जैसे सितारों ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की खास बात यह थी कि इस फिल्म में सभी किरदारों का अभिनय काफी शानदार था।

## रॉकस्टार



बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की प्रसिद्ध फिल्मों में से एक 'रॉकस्टार' है। इसमें उन्होंने स्टार सिंगर जॉर्डन का किरदार निभाया था। इस फिल्म से रणबीर कपूर को काफी प्रसिद्धी मिली थी। इस फिल्म में रणबीर के अपोजिट अभिनेत्री नरगिस फाखरी नजर आई थीं। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया था। 'रॉकस्टार में रणबीर की एक्टिंग फैंस को बेहद पसंद आई थी। इस फिल्म के गाने आज भी लोग सुनना पसंद करते हैं।

## मेरा नाम जोकर



**साल** 1970 में रिलीज हुई फिल्म 'मेरा नाम जोकर' कल्ट क्लासिक साबित हुई थी। इसमें राज कपूर ने ना सिर्फ अभिनय किया था, बल्कि फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। 'मेरा जाम जोकर' में राज कपूर का शानदार अभिनय लोग आज भी देखना पसंद करते हैं। इस फिल्म के कई गाने काफी फेमस हुए थे, जिन्हें लोग आज भी सुनना पसंद करते हैं।

# 'जरा हटके जरा बचके' की ओटीटी पर दस्तक जल्द





**पिछले** साल सिनेमाघरों में दर्शकों को लुभाने के बाद विक्की कौशल और सारा अली खान अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा 'जरा हटके जरा बचके' अपने डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है। फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 115 करोड़ रुपए की कमाई की थी। वहीं सिनेमाघर में फिल्म को न देख पाए दर्शक इसकी ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हालांकि अब यह इंतजार खत्म होने जा रहा है। फिल्म के स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और तारीख पर बड़ा अपडेट सामने आया है।
नवीनतम रिपोर्ट से पता चलता है कि 'जरा हटके जरा बचके' 2 जून को अपनी नाटकीय रिलीज के लगभग एक साल बाद मई के मध्य में जियो सिनेमा पर दस्तक देगी। हालांकि इसमें एक मोड़ है। यह फिल्म विशेष रूप से जियो सिनेमा प्रीमियम पर उपलब्ध होगी, जिसके लिए दर्शकों को स्क्रीन पर विक्की और सारा की आनंददायक हरकतों का आनंद लेने के लिए सब्सक्रिप्शन लेने की आवश्यकता होगी।
लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित, 'जरा हटके जरा बचके' को इसकी नई कहानी और इसके मुख्य कलाकारों के आकर्षक प्रदर्शन के लिए समीक्षकों की प्रशंसा मिली। प्रशंसकों को विशेष रूप से विक्की और सारा के बीच की कैमिस्ट्री बहुत पसंद आई, जिससे फिल्म एक अवश्य देखी जाने वाली रोमांटिक कॉमेडी बन गई। 'जरा हटके जरा बचके' की बात करें तो यह एक मध्यवर्गीय युगल कप्पू और सौम्या की कहानी है, जो सरकारी योजना के तहत घर खरीदने के लिए तलाक लेने का फैसला करता है, ताकि सौम्या को सस्ती कीमत पर घर मिल सके। हालांकि, चीजें तब बदल जाती हैं, जब उनके परिवार को उनके नकली-असली तलाक के बारे में पता चलता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो विक्की कौशल का शेड्यूल बहुत व्यस्त है और उनकी कई फिल्में कतार में हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक 'लव एंड वॉर' है, जो संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित है और इसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट हैं। इसके अतिरिक्त वह तृप्ति डिमरी के साथ करण जौहर की 'बैड न्यूज' में अभिनय करेंगे। इसके साथ ही उन्हें फिल्म 'छावा' में देखा जाएगा, जिसमें वे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। इस बीच सारा अली खान के फिल्म 'स्काई फोर्स' में काम करने की खबरें हैं, जिसमें वीर पहाड़िया और अक्षय कुमार भी हैं।

# कभी-कभी खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं मृणाल ठाकुर

## अभिनेत्री ने रिलेशनशिप पर भी की बात



**मृणाल ठाकुर** चर्चित अभिनेत्रियों में शुमार हैं। बीते कुछ वर्षों में मृणाल ने 'हाय पापा' और 'सीता रामम' जैसी फिल्मों से अपने अभिनय का जादू चलाया है। उन्हें बीते दिनों 'फैमिली स्टार' में देखा गया। हाल ही मृणाल ठाकुर ने रिलेशनशिप को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि वह एग फ्रीज कराने पर विचार कर रही हैं। हाल ही एक बातचीत के दौरान मृणाल ने यह भी कहा कि वे कभी-कभी खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वे बॉडी शेमिंग का शिकार रही हैं। हालांकि इसके बावजूद उन्होंने ठाना है कि वे खूबसूरती के मानकों को नए सिरे से परिभाषित करेंगी।

मृणाल ठाकुर ने रिलेशनशिप को काफी जटिल बताया। उन्होंने आगे कहा, 'इसीलिए आपको सही साथी की जरूरत है, जो आपको समझे। आपका व्यवहार कैसा है, आप कैसे हैं'। मृणाल ने मोना सिंह के एग्स फ्रीज करने के फैसले पर भी बात की और कहा, 'मैं भी अपने एग्स फ्रीज कराने पर विचार कर रही हूं'। मृणाल ठाकुर ने कहा कि बेशक लोग दिखावा करें कि सब कुछ अच्छा है, लेकिन असल जिंदगी में ऐसा नहीं है।

अभिनेत्री ने अपनी जिंदगी के खराब दौर का जिक्र किया और कहा कि ऐसे भी दिन उन्होंने देखे हैं, जब उनका बिस्तर से उठने तक का मन नहीं होता था, लेकिन उठती थीं। मृणाल ने कहा, 'दूसरों के लिए नहीं, बल्कि अपने लिए। एक दिन, दो दिन, तीन दिन, सप्ताह, महीने...कब तक खराब महसूस होगा। फिर यही समझ आता है कि परिवार के अलावा कोई आपकी परवाह नहीं करने वाला'।

मृणाल ने आगे कहा, 'खराब दिनों में हमें खुद को यह याद दिलाना बहुत जरूरी है कि अगर बुरे दिन हैं तो अच्छे दिन भी आएंगे।' मृणाल ने आगे कहा, 'मैं खूबसूरती के मानकों को बदलूंगी'। वर्क फ्रंट की बात करें तो मृणाल जल्द ही 'पूजा मेरी जान' में नजर आएंगी।

# काजोल ने साड़ी में शेयर की फोटो, कहा- 'जिंदगी छोटी है, मेरा पल्लू लंबा रहने दो'



**बॉलीवुड** अभिनेत्री काजोल ने अपने लिए एक लाइफ मंत्र साझा किया है, जो काफी मजेदार है। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई फोटोज शेयर कीं। जिसमें अभिनेत्री काले रंग की जालीदार साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। काजोल ने अपने लुक को मिनिमल मेकअप और एम्बेलिश्ड क्लच के साथ पूरा किया और अपने बालों को जूड़े में बांधा। काजोल ने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'जिंदगी छोटी है, मेरा पल्लू लंबा रहने दो!' काजोल को आखिरी बार 'लस्ट स्टोरीज 2' और 'द ट्रायल' में देखा गया था। वे जल्द ही 'दो पत्ती' में दिखाई देंगी, इसमें कृति सेनन और शाहीर शेख भी हैं।

# कान फिल्म फेस्टिवल में होगा स्मिता पाटिल की 'मंथन' का वर्ल्ड प्रीमियर, अमिताभ बच्चन ने जाहिर की खुशी

**मशहूर** फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल की साल 1976 में आई क्लासिक फिल्म 'मंथन' को प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में शामिल किया जा रहा है। इस खबर को हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया, जहां उन्होंने भारत की सिनेमाई विरासत को संरक्षित करने के निरंतर प्रयासों के लिए फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन पर गर्व व्यक्त किया।

**एक बार फिर होगा 'मंथन' का तहलका:** अमिताभ बच्चन के इंस्टाग्राम पोस्ट ने 'मंथन' के पुनर्स्थापित पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल नजर आईं। पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में अमिताभ बच्चन ने वैश्विक मंच पर भारत के सिनेमाई रत्नों को प्रदर्शित करने के लिए फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन की प्रतिबद्धता की सराहना की। अपने सम्मोहक प्रदर्शन और प्रभावशाली कथा के लिए मशहूर फिल्म 'मंथन' एक बार




फिर तहलका मचाने के लिए तैयार है।

**अमिताभ बच्चन ने जताई खुशी :** दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' के पोस्टर के साथ बिग बी ने लंबा नोट साझा किया। उन्होंने लिखा कि बहुत गर्व है कि फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन एक उल्लेखनीय पुनर्स्थापना के एक और विश्व प्रीमियर के साथ लगातार तीसरे वर्ष फिल्म फेस्टिवल में होगा। श्याम बेनेगल की फिल्म 'मंथन' में स्मिता पाटिल सहित असाधारण कलाकारों का सम्मोहक अभिनय था। फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन भारत की सर्वश्रेष्ठ फिल्म विरासत को संरक्षित करने, पुनर्स्थापित करने और दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के लिए जो काम कर रहा है, वह अद्भुत है।'

**पांच लाख किसानों का योगदान:** वहीं बात करें फिल्म की तो स्मिता पाटिल की 'मंथन' भारत के कृषि परिदृश्य में इस क्रांतिकारी युग की कहानी दिखाती है। 'मंथन' को भारत की पहली क्राउडफंडेड फिल्मों में से एक होने का गौरव मिला था, जिसमें पांच लाख किसानों ने इसके निर्माण में सहायता के लिए दो रुपए का योगदान दिया था। फिल्म को समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। 1977 में हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म और विजय तेंदुलकर के लिए सर्वश्रेष्ठ पटकथा के लिए दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीते। इसने 1976 के अकादमी पुरस्कारों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया।

# 13 लोकसभा सीटों पर मतदान में पारा भी कम नहीं कर सका उत्साह

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पहले चरण के मुकाबले दूसरे चरण में भले ही पारा ज्यादा रहा हो, लेकिन मतदाताओं का मतदान को लेकर उत्साह देखने लायक था। राजस्थान में दूसरे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। सुबह छह बजे से ही कई बूथों पर मतदान करने के लिए मतदाता आ गए। इस बार मतदाताओं का जुनून देखने लायक था। आलम ये रहा कि कई स्थानों पर शाम छह बजे के बाद तक लोग मतदान करने आते रहे, लेकिन समय पूर्ण होने के कारण उन्हें अंदर आने नहीं दिया।

## बांसवाड़ा : जम कर दिखा जोश



मतदान प्रतिशत
2019- 72.90
2024- 72.24

सुबह आठ बजे डूंगरपुर स्थित एक मतदान केंद्र पर मतदान के लिए लगी लाइन।

**लोकसभा** चुनाव के लिए प्रदेश की आदिवासी बहुल आरक्षित सीट बांसवाड़ा-डूंगरपुर में मतदान के लिए लोगों में जमकर जोश नजर आया। यहां अपराह्न 3 बजे तक 60 फीसदी से ज्यादा मतदान हो चुका था। कई जगह मौसम ने भी लोगों का साथ दिया और काले बादल छाने, हवा चलने और रिमझिम बारिश से वोटर्स को गर्मी से राहत मिली। घाटोल विधानसभा क्षेत्र के बांसली खेड़ा गांव में वोटिंग के दौरान तेज बारिश से बचने लोग मतदान केंद्र में घुस गए। उन्होंने बरामदे में शरण ली। इस सीट पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में दिनभर मतदान की गति अच्छी बनी रही। इस सीट पर भाजपा की ओर से महेंद्रजीत सिंह मालवीय और भारतीय आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत के बीच मुकाबला हुआ। कांग्रेस ने यहां भारतीय आदिवासी पार्टी का समर्थन दिया है।

## भीलवाड़ा : मंथर गति से चला मतदान



मतदान प्रतिशत
2019- 65.5
2024-60.10

भीलवाड़ा स्थित एक मतदान केंद्र में व्हील चेयर से मतदाता को स्काउट वालंटियर ले जाते हुए।

**प्रदेश** की वस्त्र नगरी माने जाने वाले भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में मतदान के प्रति लोगों में बहुत ज्यादा जोश नजर नहीं आया। लोग मतदान से निकले तो सही, लेकिन ज्यादातर स्थानों पर कतारें नजर नहीं आईं, जबकि यहां कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी और भाजपा के दामोदर अग्रवाल के बीच मुकाबला है। यहां दिनभर मंथर गति से मतदान चलता रहा।



मतदान प्रतिशत
2019- 63.44
2024-56.00

टोंक में एक बूथ पर पारंपरिक परिधान में मतदान के बाद खड़ी महिलाएं।

## टोंक-सवाई माधोपुर : बहतेड़ गांव के मतदान केंद्र पर हंगामा

**टोंक-सवाई** माधोपुर लोकसभा सीट पर कई बूथों पर मतदाता सुबह सात बजे से ही बूथ पर आ गए। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया है। मतदान के समय वोट डालने को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा वोटर देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में हैं। सबसे कम वोटर बामनवास विधानसभा क्षेत्र में हैं। यहां भाजपा प्रत्याशी और 2 बार से लगातार सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया और कांग्रेस प्रत्याशी व देवली-उनियारा विधायक हरीश मीना के बीच सीधी टक्कर है। टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 4-4 विधानसभा सीटों पर भाजपा-कांग्रेस का कब्जा है। सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा में शाम 5 बजे तक 51.92 प्रतिशत वोट पड़े। भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया मतदान के दौरान अपराह्न 3 बजे के बाद मलारना डूंगर उपखंड के बहतेड़ गांव के मतदान केंद्र पर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने फर्जी मतदान को लेकर हंगामा किया। हंगामा आधा घंटे चला। इस दौरान मतदान ठप रहा। बाद में वोटिंग शुरू कराई।

## अजमेर : बलवंत गांव के दो बूथों पर बहिष्कार



मतदान प्रतिशत
2019- 67.32
2024- 59.22

एक मतदान केंद्र पर लगी कतार।

**अजमेर** लोकसभा सीट पर मतदान हुआ। भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ में और कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने देवास गांव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रामनगर से बूथ पर और विधायक अनीता भदेल ने भजनगंज स्थित बूथ पर मतदान किया। इस दौरान महिला मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखा गया। एक महिला मतदाता तो 5 महीने के बच्चे को लेकर बूथ पर पहुंची। नसीराबाद के बलवंत गांव के दो बूथों पर मतदान का बहिष्कार किया गया। अजमेर लोकसभा सीट से कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। अजमेर के विजयनगर की कृषि मंडी के सामने बूथ पर सरस डेयरी की छाछ बांटी गई।

## पाली : कई जगह खराब हुई ईवीएम

मतदान प्रतिशत
2019- 62.98
2024- 56.80



मतदान करने जाती हुई दिव्यांग बुजुर्ग महिला

पाली लोकसभा क्षेत्र में कई जगह ईवीएम कुछ देर के लिए खराब हुई तो कहीं-कहीं मतदान बहिष्कार की खबरें आई। पाली में 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी पीपी चौधरी और कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल के बीच है। वोटिंग को लेकर बूथों पर सुबह से ही वोटर्स की लाइनें दिखाई दीं।

## जोधपुर : एक जैसे नाम से हुई गफलत



अजीत भवन पैलेस निवासी जोधपुर राजपरिवार के करण विजय सिंह राठौड़, पत्नी, पुत्र जन्मजेय सिंह राठौड़ एवं कार्तिकेय सिंह राठौड़ ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जोधपुर सीट के लिए रिजर्व पुलिस लाइन स्थित महात्मा गांधी विद्यालय में बनाए गए केंद्र पर किया मतदान।

मतदान प्रतिशत
2019- 68.89
2024-63.30

**जोधपुर** लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा का भविष्य ईवीएम में कैद हो गया। जोधपुर लोकसभा सीट पर कुल 21 लाख 32 हजार 713 मतदाता हैं। इनमें पुरुष मतदाता 11 लाख 15 हजार 681, महिला मतदाता 10 लाख 16 हजार 985 तथा थर्ड जेंडर मतदाता 47 हैं। जोधपुर में शाम पांच बजे तक 58.35 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां पर एक बूथ पर 5 पीढ़ियों के परिवार में 50 से अधिक लोगों ने मतदान किया। एक जैसा नाम होने पर पोकरण के बूथ संख्या 100 पर गलतफहमी हो गई। जोधपुर में एक सीए को वोट देने से रोका है। जोधपुर के पीपाड़ में वीडियो बना रहे लोगों को पुलिसकर्मी ने रोका तो उन्होंने पुलिस के साथ मारपीट कर दी। सरदारपुरा विधानसभा के बूथ पर वोट देने आया एक युवक अचानक बेहोश हो गया। शहर के एक बूथ पर दो वोटर आपस में भिड़ गए। वहीं वोट देने आई एक महिला ने फर्जी वोट की शिकायत की है। लंदन में रहने वाले आईटी प्रोफेशनल दीपक जोधपुर वोट देने आए। पूर्व सीएम अशोक गहलोत, भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा अपने परिवार के साथ सुबह वोट देने पहुंचे।

## बाड़मेर–जैसलमेर : 40 डिग्री तापमान में जमे रहे लोग



मतदान प्रतिशत
2019- 73.30
2024-74.25

बाड़मेर में सवा आठ बजे एक मतदान केंद्र में पुरुष मतदाताओं की लगी कतार।

**भारत** पाक सीमा पर बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर सुबह से वोट डालने को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला था। 40 डिग्री तापमान में भी लोग वोट डालने के लिए बूथ पर पहुंचे। कई पोलिंग सेंटर्स के बाहर सुबह बड़ी संख्या में वोटर्स नजर आए। बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर करीब 22 लाख 6 हजार 237 मतदाता हैं, जो इस बार 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। भारत-पाक सीमा पर स्थित रणाऊ गांव के लोगों ने भी मतदान किया। इस दौरान लोगों में वोट डालने को लेकर उत्साह नजर आया। जैसलमेर में 5 बजे तक 74.98 प्रतिशत मतदान हुआ। जैसलमेर के बूथ संख्या 158 के पास भाजपा द्वारा राम मंदिर का बैनर लगाया गया। इसके बाद यह फोटो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे हंगामा मच गया। इसके बाद प्रशासन ने यह बैनर उतरवा दिया। जैसलमेर के आरपी कालोनी के संस्कृत स्कूल में बने मतदान बूथ पर भाजपा के पोलिंग एजेंट द्वारा भगवा गमछा पहनने पर विवाद हुआ। जैसलमेर डंपिग यार्ड हटाने की मांग को लेकर बाड़ाबाग के लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था।



मतदान प्रतिशत
2019- 65.74
2024- 62.28

जालोर में मतदान के बाद किया पौधरोपण।

## जालोर–सिरोही : वोट नहीं डालने वालों को किए फोन

जालोर-सिरोही लोकसभा सीट पर शाम 5 बजे तक 58.75 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान बूथों पर सुबह मतदाताओं की भीड़ नजर आई, फिर दोपहर में गर्मी होने पर बूथ सूने नजर आए, लेकिन शाम 4 बजे बाद फिर वोटर घर से निकले। शाम 6 बजते ही मतदान केंद्रों के दरवाजे बंद कर दिए गए। जालोर-सिरोही की कुल 8 विधानसभाओं के 22 लाख 97 हजार 328 मतदाताओं ने अपना सांसद चुना। इस बार लोकसभा चुनाव में 2019 के मुकाबले 2 लाख 26 हजार 229 मतदाता पहली बार अपना वोट देंगे। यहां पर कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला है। भीनमाल विधानसभा के कोहरा गांव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए महिला बीएलओ टीम जुटी रही। जिस व्यक्ति ने अभी तक वोट नहीं डाला, उनकी लिस्ट बनाकर एक-एक को कॉल किया। सिरोही के रोहिड़ा थाना क्षेत्र के मांडवाड़ा देव बूथ संख्या 135 में हेड कांस्टेबल ने लाइन में खड़े रहने के विवाद को लेकर मतदाताओं से मारपीट कर दी। मारपीट के बाद ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। आहोर विधानसभा क्षेत्र के आईपुरा गांव में टूटी सड़क को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। जालोर-सिरोही लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी ने सिरोही के वाडेली गांव में बूथ पर जाकर मतदान किया।

## उदयपुर : अलग-अलग दिखे नजारे



मतदान प्रतिशत
2019- 70.32
2024- 64.01

सुबह सवा आठ बजे उदयपुर शहर के बूथ संख्या 153 पर मतदान के लिए महिलाओं की लगी कतार।

उदयपुर लोकसभा सीट पर दो अफसरों के बीच मुकाबला है। कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद मीना पहले यहां कलेक्टर रहे हैं। वहीं भाजपा उम्मीदवार मन्नालाल रावत परिवहन विभाग में अतिरिक्त आयुक्त रहे हैं। उदयपुर में शाम पांच बजे तक 59.54 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतिम क्षणों में कई मतदाता दौड़ते-भागते वोट देंगे पहुंचे। दोपहर में उदयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ से कहा कि अब तक जो लोग वोट देने नहीं आ पाए हैं, उन्हें फोन करके बुलाओ। यहां पर डिलीवरी के 2 दिन बाद महिला ने भी वोट दिया। महाराष्ट्र से आए प्रवासियों ने वोटिंग बारात निकाली। इस दौरान थाली की थाप पर वे लोग नाचते-गाते पहुंचे। उदयपुर में एक बूथ पर फर्जी मतदान के बाद मौजूद अधिकारियों ने युवक से टेंडर वोट डलवाया। वहीं असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वोट करना मेहरबानी नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है। नवविवाहित जोड़ा फेरे लेने के बाद मतदान करने पहुंचा। वहीं सराड़ा क्षेत्र के लोग नदी पार करते हुए नाव से वोट देने आए। उदयपुर शहर के पानेरियों की मादड़ी मतदान केंद्र पर दो बहनों सावित्री और हंस मेनारिया की शुक्रवार को शादी हुई। दोनों नवविवाहिताएं अपने पति संग वोट डालने पहुंचीं। उदयपुर जिले की गोगुंदा विधानसभा के पदराड़ा बूथ पर मतदान के लिए सूरत से आए प्रवासी मतदाताओं ने मांदल व थाली की थाप पर डांस किया और वोट देने निकले। इस वोटिंग बारात में 300 से ज्यादा लोग मौजूद रहे।



मतदान प्रतिशत
2019- 64.87
2024-

राजसमंद में अपनी बारी का इंतजार करते वोटर्स।

## राजसमंद : दाएं हाथ की अंगुली पर लगाया स्याही का निशान

**राजसमंद** लोकसभा सीट पर सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे खत्म हुआ। राजसमंद सीट पर शाम 5 बजे तक 52.17 फीसदी मतदान हुआ। सर्वाधिक वोटिंग नाथद्वारा विधानसभा में 58.83 प्रतिशत हुई, जबकि सबसे कम डेगाना में 48.23 प्रतिशत मतदान ही हुआ। राजसमंद में 54.87 प्रतिशत, भीम में 51.39 प्रतिशत, नाथद्वारा में 58.83 प्रतिशत, कुंभलगढ़ में 49.41 प्रतिशत, ब्यावर में 54.28 प्रतिशत, मेड़ता में 51.91 प्रतिशत, डेगाना में 48.23 प्रतिशत मतदान हुआ है। भीलवाड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीपी जोशी ने नाथद्वारा में मतदान किया। यहां जोशी ने रिसाला चौक के पास मंदिर मंडल ऑफिस में बनाए पोलिंग बूथ पर मताधिकार का प्रयोग किया। राजसमंद के रेलमगरा में मतदाताओं को बाएं हाथ के बजाय दाहिने हाथ की अंगुली पर स्याही का निशान लगाया जा रहा था। यहां रेलमगरा में भाग संख्या 198 के पोलिंग बूथ पर कई मतदाताओं को दाएं हाथ की अंगुली पर स्याही के निशान लगाए गए। मतदाताओं को नियम का पता चलने के बाद मुद्दा गर्माया और इसके बाद फिर सही हाथ पर स्याही लगना शुरू हुआ।

## कोटा : फर्जी मतदान की आईं शिकायतें



मतदान प्रतिशत
2019- 70.22
2024- 70.82

कोटा बूंदी के लोकसभा क्षेत्र में 108 वर्षीय भूरी बाई ने किया मतदान

लोकसभा के दूसरे चरण में कोटा-बूंदी लोकसभा सीट पर मतदान संपन्न हुआ। मतदान के आखिरी समय मतदाता भागते-दौड़ते बूथ पर पहुंचे। वहीं कई मतदाता देरी से पहुंचने पर वोट नहीं दे पाए। 6 बजते ही बूथों का गेट बंद कर दिया गया था। जिले में शाम 6 बजे तक 65.38 फीसदी मतदान हुआ। शहर के टिपटा स्कूल में ईवीएम गड़बड़ी और सुल्तानपुर में फर्जी मतदान की शिकायत सामने आई। दोपहर में तेज अंधड़ और बारिश से बूथ पर पानी भर गया। मतदाता भी बचाव के लिए इधर-उधर भागने लगे। सुबह भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला वोट देने से पहले गोदावरी धाम पहुंचे, इसके बाद वोट दिया। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रहलाद गुंजल परिवार के साथ पहुंचे। दोनों से पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वोट दिया।

## झालावाड़-बारां : सुबह-शाम भीड़, दोपहर को सूना



मतदान प्रतिशत
2019- 71.96
2024- 68.72

मतदान के लिए लगी लाइन

झालावाड़-बारां लोकसभा सीट पर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ नजर आई। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने अपने पोते के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। इसके बाद ग्रामीण ने लोगों से मतदान करने की अपील की। झालावाड़-बारां लोकसभा सीट से भाजपा ने पांच बार के लगातार सांसद दुष्यंत सिंह पर भरोसा जताया है, जबकि कांग्रेस ने बारां जिले के पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया की पत्नी उर्मिला जैन को प्रत्याशी बनाया है। झालावाड़ जिले के खानपुर क्षेत्र के महुआखेड़ा में करीब 2 घंटे तक मतदान प्रभावित हुआ। बारां जिले के केरवालिया में बूथ संख्या 249 राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल पर दूल्हा शैलेंद्र नागर घोड़ी पर सवार होकर मतदान केंद्र पर पहुंचा। बारां जिले के कवाई क्षेत्र के देवपुरिया गांव में ग्रामीणों ने लोकसभा चुनावों में भी मतदान का बहिष्कार किया। झालावाड़ जिले के मनोहरथाना विधानसभा के ग्राम पंचायत मिश्रोली में शिक्षा मीणा पुत्री देशराज मीणा ने सात फेरे लेने से पहले मतदान किया। झालावाड़ जिले के मिश्रोली कस्बे की दो युवतियों ने अपने कन्यादान से पहले मतदान किया। भाजपा उम्मीदवार दुष्यंत सिंह ने अपनी मां पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पैर छूकर जीत का आशीर्वाद लिया। कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया ने बटावदा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में बनाए बूथ पर पहुंचकर मतदान किया।

## चित्तौड़गढ़ : नवमतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर दिया वोट



मतदान प्रतिशत
2019- 72.39
2024- 67.83

सुबह शहरी क्षेत्र में मतदाताओं ने काफी उत्साह दिखाया

चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र में शाम 6 बजे तक करीब 63.48 फीसदी मतदान हुआ। 6 बजते ही मतदान केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए। लगभग एक घंटे बाद 7 बजे ईवीएम मशीनों को पैक कर दिया गया। मशीनों को शहीद मेजर नटवर सिंह स्कूल भिजवाया गया। चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट में 8 विधानसभा हैं। सुबह शहरी क्षेत्र में मतदाताओं ने काफी उत्साह दिखाया। वहीं इसके उलट ग्रामीणों में उत्साह की कमी दिखाई दी। बीती रात बारिश होने के कारण मौसम बहुत ज्यादा गर्म नहीं था। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से माकूल व्यवस्था की गई थी। धूप से बचने के लिए हर बूथ पर टेंट, पीने का ठंडा पानी, कूलर लगाए गए थे। नव मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर वोट दिया। दिन चढ़ते-चढ़ते मतदाताओं का उत्साह भी फीका होने लगा, लेकिन अपराह्न 3 बजे बाद फिर से मतदाताओं के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी देखने को मिली। आखिरी समय तक भी वोटर्स मतदान केंद्रों पर आते रहे। शाम 6 बजते ही मतदान केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए। इधर विजयपुर के गोरसिया गांव में भी दो घंटे तक वोटिंग बंद रही। वहां किसी भी तरह के मोबाइल का नेटवर्क नहीं आता। ग्रामीणों ने इसकी मांग करते हुए वोट का बहिष्कार किया। इसके बाद सुबह 9 बजे वोटिंग शुरू हुई।

### जेडीए ने की कार्रवाई, कई स्थानों से हटाया अतिक्रमण

## साढ़े नौ बीघा भूमि पर 3 अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को जोन-13 में निजी खातेदारी की करीब 9.5 बीघा कृषि भूमि पर 3 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सामरिया रोड जिला जयपुर में करीब 2 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एवं बिना भू रूपांतरण करवाए भूमि को समतल कर 'सिटी विनायक' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेबल सड़कें, मकानों की चारदीवारी व अन्य अवैध निर्माण को हटाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

वहीं ग्राम सिंदोली जिला जयपुर में करीब 5.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि 'लक्ष्मी सिटी' के नाम से बसाई जा रही नई अवैध कॉलोनी में मिट्टी-ग्रेबल सड़कें, चारदीवारी सहित अन्य अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। इसी तरह ग्राम बस्सी जिला जयपुर में करीब 2 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एवं बिना भू रूपांतरण करवाए भूमि को समतल कर 'बालाजी विहार' के नाम से अवैध रूप से कॉलोनी बसाई जा रही थी। जेडीए ने मौके पर जाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेबल सड़कें और अन्य अवैध निर्माण ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास विफल कर दिया।

## सलेमपुर का लाल पठानकोट में शहीद राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई

### जवान रामवीर गुर्जर की ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ी

महानगर संवाददाता



**दौसा।** जिले के सलेमपुर थाना निवासी सेना के जवान रामवीर गुर्जर की ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। वह सेना की 77 आर्म्ड बटालियन में पंजाब के पटियाला में तैनात था, जहां गुरुवार को तबीयत बिगड़ने पर उसे पठानकोट स्थित सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामवीर के शहीद होने की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। शुक्रवार सुबह शहीद की पार्थिव देह सलेमपुर थाना गांव पहुंचने पर माहौल गमगीन हो गया। शहीद के की मां, पत्नी, बेटे-बेटियों व भाइयों की चीख-पुकार सुनकर लोग भावुक हो गए। जहां राजकीय सम्मान के साथ शहीद को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा, पूर्व जिला प्रमुख अजीत सिंह महुवा, एसडीएम लाखन सिंह गुर्जर, डिप्टी एसपी राजेंद्र मीणा, सरपंच गुमान ठेकेदार समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व लोग मौजूद रहे।

### ऑफिशियल फीडबैक आईडी पर भेजा ईमेल, लिखा- पकड़ सको तो पकड़ लो

## जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने ली तलाशी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। एयरपोर्ट के ऑफिशियल फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर धमकी भरा ईमेल आया। इसके बाद एयरपोर्ट के सुरक्षाकर्मियों के साथ ही एंटी बम स्क्वॉयड ने सर्च अभियान चलाया। साइबर टीम भी जांच में जुट गई है। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को फीडबैक के लिए दी गई आईडी पर शुक्रवार दोपहर में ईमेल आया था। ईमेल करने वाले ने खुद को बेंगलुरु का होने की बात लिखी है। ईमेल में आरोपी ने एयरपोर्ट के एंट्रेंस गेट पर बम रखा होने की धमकी दी। इसके बाद डॉग स्क्वॉयड, एंटी बम स्क्वॉयड और एयरपोर्ट की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त अभियान चलाकर जांच शुरू की। लगभग डेढ़ घंटे की जांच में एयरपोर्ट एरिया में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मामले में एयरपोर्ट थाने में केस दर्ज करवा दिया गया है। एसीपी (मालवीय नगर) आदित्य पूनिया के अनुसार दोपहर करीब 1:30 बजे पुलिस को एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के गेट पर बैग में बम रखे होने की सूचना दी गई।

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऑफिशियल आईडी पर राजेश नाम के व्यक्ति ने धमकी भरा ईमेल भेजा था। इसमें लिखा था कि जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 गेट पर काले रंग के बैग में बम रखा हुआ है। मैं बेंगलुरु में बैठा हूं। पकड़ सको तो पकड़ लो। चार महीने में तीसरी बार मिली धमकी पिछले चार महीने में यह तीसरी बार है, जब जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इसी साल 16 फरवरी और 2023 में 27 दिसंबर को एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। दोनों बार ऑफिशियल कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल आया था। जांच में सुरक्षा एजेंसी और पुलिस को कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला था।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2021-23